जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 29 मार्च, 2026


## सोना, चांदी और मार्केट तीनो गिर रहे हैं पर सेज़स्थान की कीमतें अब भी बढ़ रही हैं



NO MIDDLE MEN

FIXED PRICE

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

**कोठी** ₹5000/ Sq Ft से शुरु

**वॉक-अप अपार्टमेंट** ₹4000/ Sq Ft से शुरु

### FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.22 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.52 CRORE | 50,000 |

REAL VALUE

REAL GROWTH

REAL ESTATE




KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

वृक्ष अपने काटने वाले को भी छाया देता है। -चैतन्य

# पेड़-पौधे सिर्फ हरियाली नहीं हैं-ये हमारी आत्मा को प्रफुल्लित करने के माध्यम हैं!

प्राकृतिक परिवेश में समय बिताना मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हर बार जब मैं प्रकृति के करीब गया हूं, मैंने अपने भीतर और बाहर कुछ अनमोल बदलाव महसूस किए हैं। आयुर्वेद में वनानुभव का महत्त्व अनेक सन्दर्भों में वर्णित है। समकालीन शोध भी इस विषय में कम नहीं है। वर्ष 2019 में मैंने एक वैज्ञानिक अध्ययन के बारे में पढ़ा, जिसमें बताया गया था कि सप्ताह में 120 मिनट प्रकृति में बिताने से स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन में बड़ा सुधार होता है। इसे पढ़ने के बाद, मैंने इसे अपने बहुत से साथियों को जीवन में लागू करने हेतु प्रेरित किया। जिन साथियों ने भी 120 मिनट का नियम अपनाया, उनका अनुभव अद्भुत है। किसी वन में या घने शहरी पार्क में ऊंचे पेड़ों के बीच बैठकर पक्षियों की चहचहाहट सुनते हुए आप महसूस कर सकते हैं कि आपके मन की बेचैनी धीरे-धीरे गायब हो रही है। यह अनुभव आपको आयुर्वेद और समकालीन अध्ययनों की सत्यता का प्रमाण देगा। आप महसूस करेंगे कि कैसे प्रकृति के साथ जुड़ाव आपके भीतर एक गहरा सुकून ला सकता है। आज यहाँ मैं आपको वनानुभव पर अपने साथियों के अनुभव साझा करूंगा।

एक दिन, अत्यधिक तनाव के कारण मेरे एक साथी की रात की नींद उड़ गई थी। दोस्त को मैंने सलाह दिया, "क्यों न जंगल में लंबी सैर कर के आ जाओ?" वह हिचकिचाते हुए सहमत हुआ। अगले ही दिन हम पास के एक जंगल में गए। वहाँ की ताजा हवा, वृक्षों से छनकर आती धूप,और मिट्टी की खुशबू ने उसके अंदर कुछ बदल दिया। जब वह वापस लौटकर अपने को आईने में देखा, तो उसकी आंखों में एक नई चमक थी। यह अनुभव मेरे उसके लिए व्यक्तिगत था, लेकिन वैज्ञानिक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो पता चलता है कि वनस्पतियों से निकलने वाले केमिकल्स हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। वानों में घूमना न सिर्फ एक अच्छा एहसास देता है, अपितु इससे आपका शरीर भी लाभान्वित होता है। आपके दिल की धड़कनें सामान्य होने लगती हैं, रक्तचाप स्थिर होने लगता है। तनाव हार्मोन कॉर्टिसोल का स्तर भी कम होता है। वस्तुतः प्रकृति में समय बिताना न केवल मन के लिए बल्कि शरीर के लिए भी आवश्यक है।

कुछ साल पहले, मेरे एक साथी का जीवन एक कठिन दौर से गुजर रहा था। वह गहरे तनाव और अवसाद में था। एक दिन, बिना किसी योजना के, उसे मैंने अपने साथ एक ऊंचे घने वृक्षों वाले पहाड़ी रास्ते पर लेकर गया। ऊंचे पेड़ों के बीच चलते हुए उसने मुझे बताया कि वह आज अपनी सांसों की आवाज सुन और महसूस कर रहा है और हर कदम के साथ कंधों से बोझ हल्का होता जा रहा है। उस दिन, मैंने वनानुभव का सही अर्थ समझाया। जापानी संस्कृति में भी इस तकनीक को शिनरिन-योकू के या वन-स्नान तकनीक के नाम से जाता है जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रयोग की जाती है। विज्ञान में इसके पक्ष में अनेक अध्ययन हैं लेकिन मेरे मित्र के लिए यह सिर्फ विज्ञान नहीं था-यह उसके जीवन की कहानी का एक नया अध्याय था।

आप पाएंगे कि जब आप प्रकृति में समय बिताते हैं, तो रचनात्मकता और सोचने की क्षमता बढ़ जाती है। एक बार मेरा एक साथी अपनी एक परियोजना पर अटका हुआ था, तो मैंने उसे जंगल घूम कर आने की सलाह दिया। वापस आने पर, समाधान खुद-ब-खुद स्पष्ट हो गया। यह उसके लिए एक सबक था-जब दिमाग भटक रहा हो, तो उसे थोड़ी देर के लिए प्रकृति के हवाले कर दें।

मेरे बेटे की कहानी भी ऐसी ही प्रेरणादायक है। बचपन में वह वीडियो गेम्स में इतना खो जाता था कि उसकी सामाजिक और शारीरिक गतिविधियां कम होने लगी थीं। मैंने उसे अपने साथ वनों में घुमाने का फैसला किया। उसने मुझे बताया कि उसने वहां पेड़-पौधों को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानने लगा है। उसने कहा, "जंगल में रहना ऐसा लगता है जैसे मैं खुद से जुड़ गया हूं।" आज उसे जब भी समय मिलता है देश भर के वनों और वन्य-जीव अभयारण्यों में टहलने के लिए चल देता है। सुन्दर प्रकृति की खोज में देश भर में वह लाखों किलोमीटर अपनी मोटर साइकिल से घूम चुका है। यह अनुभव मुझे एक अध्ययन की याद दिलाता है, जिसमें बताया गया है कि बच्चों का प्रकृति से जुड़ाव उनके सामाजिक और भावनात्मक विकास को मजबूत करता है।

इसी तरह एक दादी माँ जो अकेलेपन से जूझ रही थीं, उन्हें मैंने पास के पार्क में सुबह की सैर के लिए प्रेरित किया। कुछ महीनों में ही उनकी हंसी और जोश वापस आ गया। वह कहने लगीं, "यह पार्क मेरा नया दोस्त बन गया है।" यह देखकर मुझे एहसास हुआ कि प्रकृति का प्रभाव केवल बच्चों पर ही नहीं, बल्कि वृद्धजनों पर भी गहरा होता है। एक और घटना याद आती है। मेरी दादी ने एक बार बताया था कि जब वह युवा थीं, तो कैसे खेतों में काम करते हुए प्रकृति के साथ उनका संबंध मजबूत हुआ करता था। उन्होंने कहा, "वह धूल भरी मिट्टी, खेतों की हवा-यह सब मेरे जीवन का हिस्सा था।" यह याद हमें बताती है कि हमारे पूर्वजों का प्रकृति के साथ गहरा रिश्ता था, जो आज हम खोते जा रहे हैं।

**वृक्षों की मूक उदारता भी हमें सिखाती है कि कैसे बिना किसी अपेक्षा के दूसरों को देना चाहिए। वे फल, छाया और प्राणवायु प्रदान करते हैं, बिना किसी स्वार्थ के। यह निःस्वार्थ सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है, जो हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जब हम किसी वृक्ष के निकट बैठते हैं, तो यह अनुभव करते हैं कि वह वृक्ष हमारी भावनाओं को अपने भीतर समाहित कर लेता है। उसकी मूक उपस्थिति हमारे भीतर छिपी क्लांति को हर लेती है और एक नवचेतना का संचार करती है।**

अनेक बार मैंने एक सामुदायिक वृक्षारोपण अभियानों में भाग लिया है। वहां लोग भले ही अजनबी हों लेकिन जैसे ही मिलकर पेड़ लगाते है उन लोगों के मध्य मित्रता का प्रारंभ हो जाता है। यह देखकर मुझे अनुभव हुआ कि प्रकृति केवल व्यक्तिगत शांति का ही स्त्रोत नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संबंधों को भी ठोस बनाती है। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि सामुदायिक प्रकृति परियोजनाएं सामाजिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करती हैं। लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ एक अध्ययन नहीं है-यह मेरे जीवन का हिस्सा है।

प्राकृतिक परिवेश में समय बिताना उन लोगों के लिए जीवन को बदलने वाला अनुभव रहता है जो शहरों में रहते हैं। यह सिर्फ शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जीवन के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है।

वृक्ष और वनस्पतियाँ केवल पृथ्वी का श्रृंगार मात्र नहीं हैं; वे जीवन की गूढ़ अनुभूतियों के सजीव उपदेशक हैं। उनकी हरियाली में निहित है हमारी आत्मा को प्रफुल्लित करने की अनुपम शक्ति, जो बाह्यशांति के साथ-साथ आंतरिक उल्लास का संचार करती है। वे केवल श्वास हेतु प्राणवायु ही नहीं देते, अपितु हमें धैर्य, त्याग और निरंतरता का अनमोल पाठ भी पढ़ाते हैं।

प्रकृति का प्रत्येक कण एक प्रेरक संदेश प्रदान करता है। जब हम किसी विशाल वटवृक्ष के नीचे बैठते हैं, तो उसकी घनी छाया हमें केवल तपती धूप से नहीं बचाती, वरन् मन के क्लेशों को भी हर लेती है। उस वृक्ष की स्थिरता और गहराई हमें सिखाती है कि जीवन के झंझावातों में भी स्थिरता और संतुलन बनाए रखना कितना महत्वपूर्ण है। उसकी गहन जड़ें धरती में मजबूती से धंसी होती हैं, जो हमें अपने मूल्यों और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती हैं, जबकि उसकी फैली हुई शाखाएँ खुले आकाश की ओर बढ़ती हैं, जो हमें उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर होने का संकेत देती हैं।

पत्तों की सरसराहट, पुष्पों की मृदुल सुगंध और वायु में तैरती ताजगी का अहसास-यह सब हमारे मन और आत्मा को उस दिव्यता से जोड़ देते हैं,जो आधुनिक जीवन की आपाधापी में कहीं खो गई है। यह प्रकृति का मौन संवाद है, जो हमारे भीतर की शांति को जागृत करता है और हमें आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करता है।

पुनः आप यह कह सकते हैं कि वृक्ष हमें केवल प्राणवायु ही नहीं प्रदान करते; वे हमें जीने की कला भी सिखाते हैं। वटवृक्ष की दृढ़ता, बांस की लचक, और गुलमोहर का उत्सवधर्मी स्वभाव-प्रत्येक वृक्ष में जीवन के विभिन्न रंग झलकते हैं। पतझड़ में पत्तों का झड़ना हमें यह शिक्षा देता है कि पुराने बंधनों को त्यागने में ही नवनिर्माण का रहस्य छुपा है। वसंत का उल्लास हमें बताता है कि हर कठिन समय के बाद एक नवीन प्रभात अवश्य आता है। वे हमें परिवर्तन की अनिवार्यता और उसे स्वीकार करने की क्षमता प्रदान करते हैं।

वृक्षों की मूक उदारता भी हमें सिखाती है कि कैसे बिना किसी अपेक्षा के दूसरों को देना चाहिए। वे फल, छाया और प्राणवायु प्रदान करते हैं, बिना किसी स्वार्थ के। यह निःस्वार्थ सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है, जो हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

जब हम किसी वृक्ष के निकट बैठते हैं, तो यह अनुभव करते हैं कि वह वृक्ष हमारी भावनाओं को अपने भीतर समाहित कर लेता है। उसकी मूक उपस्थिति हमारे भीतर छिपी क्लांति को हर लेती है और एक नवचेतना का संचार करती है। प्रकृति के सान्निध्य में बिताया गया हर क्षण हमारी आत्मा को उस गहन शांति और संतुलन से भर देता है, जिसकी खोज में हम प्रायः भटकते हैं। यह मन, शरीर और आत्मा का परिष्कार है, जो हमें आत्मज्ञान और आत्मबोध की ओर ले जाता है। वृक्षों के साथ यह संलाप हमें अपने भीतर की आवाज़ सुनने का अवसर प्रदान करता है। उनकी मौन शिक्षा हमें बताती है कि स्थिरता में भी शक्ति होती है, और मौन में भी संदेश।

आज, जब जीवन के संघर्षों और भागदौड़ में हमारा संबंध अपनी जड़ों से टूटता जा रहा है,वृक्ष और वनस्पतियाँ हमें पुनः स्मरण कराती हैं कि हमारी आत्मा का पोषण केवल प्रकृति के माध्यम से ही संभव है। उनकी हरियाली में छुपा है एक ऐसा अमृत,जो हमें मानसिक स्थिरता और आनंद प्रदान करता है। वे हमारे जीवन में संतुलन और सामंजस्य का प्रवेश कराते हैं। इसलिए, आइए, अपने जीवन में वृक्षों और वनस्पतियों को केवल पर्यावरण का हिस्सा न मानें। उन्हें अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। उनके सान्निध्य में बिताया गया एक-एक पल हमें उस आध्यात्मिक शक्ति से जोड़ेगा,जो हमारी आत्मा को सजीव और प्रफुल्लित कर देगा। वृक्षारोपण करें, बगीचों में समय बिताएं और प्रकृति के सान्निध्य का आनंद लें। यह केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मा की तृप्ति का मार्ग है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# राजस्थान संपर्क 2.0 और हेल्पलाइन नंबर 181: जनसुनवाई और सहायता की सशक्त पहल



आकाश बैरवा

राजस्थान सरकार नागारक सवा म पारदर्शिता के साथ शिकायतों को कम कर बेहतर सेवा अदायगी के लिए लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में शिकायत निवारण के लिए एक केंद्रीकृत मंच "राजस्थान संपर्क 2.0" बनाया गया है। इसके तहत यदि निर्धारित समय सीमा में सेवा प्रदान नहीं होती है तो शिकायत स्वचालित रूप से दर्ज होकर कार्रवाई शुरू की जाती है।

राजस्थान संपर्क 2.0 सभी 41 जिलों और सभी सरकारी विभागों, बोर्डों / निगमों और शैक्षिणक संस्थानों को कवर करता है।

"राजस्थान संपर्क 2.0" नागरिकों और सरकार के बीच की दूरी कम करने के लिए एक केंद्रीकृत मंच है, जो नागरिकों को विभिन्न सरकारी क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं का निवारण करता है।

"राजस्थान संपर्क 2.0" के माध्यम से राजस्थान सरकार सुशासन के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को संवेदनशीलता के साथ प्रयासरत है।

हेल्पलाइन नंबर 181 विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा, सहायता और परामर्श के लिए शुरू किया गया था लेकिन अब यह आम नागरिकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सहायता माध्यम बन गया है। वर्तमान में 18 मार्च तक पंजीकृत 11 हज़ार 885 शिकायतों में से 9 हज़ार 262 का निस्तारण किया जा चुका है।

संपर्क पोर्टल के प्रमुख उद्देश्य हैं-

महिलाओं को संकट की स्थिति में तत्काल सहायता,

घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और अन्य समस्याओं में मदद,

मनोवैज्ञानिक परामर्श और मार्गदर्शन

सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना

181 पर कॉल करने पर प्रशिक्षित काउंसलर समस्या को सुनते हैं और आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग या पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हैं।

इस पहल के तहत विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों के द्वारा 181 हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का फॉलोअप करते हुए सीधे शिकायतकर्ताओं को कॉल किया जा रहा हैं। वे न केवल शिकायत के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि संबंधित समस्या का समाधान संतोषजनक रूप से हुआ है या नहीं।

अधिकारियों द्वारा की जा रही इस प्रत्यक्ष संवाद प्रक्रिया से जमीनी हकीकत सामने आ रही है, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिल रही है। साथ ही, यदि किसी मामले में समाधान अधूरा या असंतोषजनक पाया जाता है तो तुरंत संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

राजस्थान संपर्क 2.0 और हेल्पलाइन 181 राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच और तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।यह सेवा प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाने के साथ आमजन को सशक्त और सुरक्षित भी महसूस करवाती है।

**-आकाश बैरवा,**
**एपीआरओ, डीआईपीआर**

# परीक्षाओं के बाद बच्चों को खेलों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी जरूरत

## पढ़ाई के साथ खेल भी बनाते हैं बच्चों का मजबूत भविष्य



अनिल जोशी

हर वर्ष जब बच्चों की परीक्षाएं समाप्त होती हैं तो उनके सामने कुछ समय का ऐसा दौर आता है जिसे सही दिशा दी जाए तो यह उनके जीवन को नई राह दे सकता है। अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा के बाद बच्चे अपना अधिकांश समय मोबाइल, टीवी या अन्य मनोरंजन के साधनों में बिताने लगते हैं। ऐसे समय में माता-पिता की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ किसी सकारात्मक गतिविधि से भी जोड़ें। इन गतिविधियों में सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी माध्यम खेल है।

खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का एक मजबूत आधार है। खेल मैदान में जाने से बच्चों का शरीर मजबूत बनता है, आत्मविश्वास बढ़ता है और अनुशासन की भावना विकसित होती है। खेल बच्चों को टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना भी सिखाते हैं। यही कारण है कि आज शिक्षा विशेषज्ञ भी मानते हैं कि पढ़ाई के साथ खेलों में भागीदारी बच्चों के संतुलित विकास के लिए बेहद आवश्यक है। यह जरूरी नहीं कि हर बच्चा खेलों में जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी ही बने। लेकिन यदि बच्चा नियमित रूप से खेल मैदान से जुड़ा रहता है तो उसका स्वास्थ्य बेहतर रहता है और उसकी सोच सकारात्मक बनती है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को कम से कम एक खेल से अवश्य जोड़ें।

**खेल का चुनाव कैसे करें**

जब बच्चों की परीक्षाएं समाप्त हो जाती हैं तो यह समय खेलों की शुरुआत के लिए सबसे उपयुक्त होता है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को शहर के विभिन्न खेल मैदानों और खेल संस्थानों में लेकर जाएं। वहां उन्हें अलग-अलग खेलों के बारे में जानकारी दें और बच्चे को यह अवसर दें कि वह अपनी रुचि के अनुसार खेल का चुनाव कर सके।

जब बच्चा स्वयं किसी खेल को चुनता है तो उसमें उसकी रुचि और मेहनत दोनों बढ़ जाती हैं। कई बार माता-पिता अपनी पसंद से बच्चों को किसी खेल में डाल देते हैं, लेकिन यदि बच्चे की रुचि उस खेल में नहीं होती तो वह लंबे समय तक उसे जारी नहीं रख पाता। इसलिए सबसे महत्वपूर्ण है कि बच्चे की रुचि को प्राथमिकता दी जाए।

**खेल चुनते समय इन बातों का रखें ध्यान**

किसी भी खेल में प्रवेश दिलाने से पहले कुछ जरूरी बातों की जानकारी लेना बहुत महत्वपूर्ण है। सबसे पहले यह देखें कि जिस खेल में बच्चा रुचि ले रहा है, उसकी प्रशिक्षण सुविधा आपके शहर में उपलब्ध है या नहीं। उस खेल के मैदान और प्रशिक्षण केंद्र कितने अच्छे हैं, यह भी देखना जरूरी है। इसके अलावा उस खेल के प्रशिक्षक या कोच का अनुभव और योग्यता भी बहुत महत्वपूर्ण होती है। एक अच्छा प्रशिक्षक ही खिलाड़ी के अंदर छिपी प्रतिभा को सही दिशा दे सकता है।

यह भी जानना जरूरी है कि वह खेल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है या नहीं।

यदि भविष्य में बच्चा उस खेल में करियर बनाना चाहे तो उसे आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।

खेल से जुड़े उपकरणों और प्रशिक्षण पर आने वाले खर्च की जानकारी भी पहले से लेनी चाहिए। कई खेलों में उपकरण महंगे होते हैं, इसलिए यह देखना जरूरी है कि भविष्य में उन्हें अपडेट करने में कितना खर्च आएगा। इसके साथ ही यह भी जानना जरूरी है कि उस खेल में अच्छा प्रदर्शन करने पर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को कौन-कौन सी सुविधाएं मिलती हैं।

**खेल बच्चों को बनाते हैं मजबूत**

आज के समय में बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है। मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों की शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं। ऐसे में खेल बच्चों को स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

खेल बच्चों को अनुशासन, मेहनत, धैर्य और लक्ष्य प्राप्त करने की भावना सिखाते हैं। खेल मैदान में हार-जीत दोनों का अनुभव होता है और यही अनुभव बच्चों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। परीक्षाओं के बाद का समय बच्चों के लिए केवल छुट्टी का समय नहीं बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा देने का अवसर है। यदि माता-पिता इस समय बच्चों को खेलों से जोड़ते हैं तो यह उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है ।। इसलिए हर माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों को खेल मैदान तक जरूर लेकर जाएं, उन्हें विभिन्न खेलों के बारे में बताएं और उनकी रुचि के अनुसार खेल चुनने का अवसर दें। सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से खेल बच्चों के जीवन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

खेल से जुड़ा बच्चा ही स्वस्थ, आत्मविश्वासी और मजबूत भविष्य का निर्माण करता है।

**-अनिल जोशी ( खेल विशेषज्ञ )**
**प्रशिक्षक भारतीय तीरंदाजी टीम**

# ट्रैफिक सेंस -आज की जरुरत



प्रो .कैलाश सोडाणी

भारत में आज घर से आफिस जाने- आने में जिस ट्रैफिक से गुजरना पड़ा है, वह किसी छोटे- मोटे संघर्ष से कम नहीं है। संघर्ष की शुरूआत होती है, मोहल्ले में बेहिसाब खड़ी कारों के मध्य में से अपनी कार निकालने से । फिर मुख्य सड़क पर शुद्ध प्रदूषित वातावरण में, अन्य वाहनों के हमलों से बचाव करते हुए एवं हॉर्न की करकश आवाजों के मध्य रेंगते हुए भारतीय सड़को पर आगे बढ़ ना निःसन्देह किसी साहसिक यात्रा से कम नहीं है । प्रतिदिन की इस सामान्य यात्रा को साहसिक यात्रा में परिवर्तित करने का पुनित कार्य भी हम सभी खुशी-खुशी कर रहे हैं। जब जिसको मौका मिलता है, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए आगे बढ़ ने में बड़ा मज़ा आता है। चौराहे पर लाल बत्ती होते हुए गाड़ी निकालने में अनेक महानुभावों को गर्व का अनुभव होता है। निर्धारित पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने में हमें थोड़ा अपमान महसूस होता है। रात्रि को गाड़ी घर के अंदर नहीं, सड़क पर खड़ी करने से हमें नींद बड़ी गहरी आती है। ट्रैफिक को अव्यवस्थित करने में अतिक्रमण की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारे देश में अतिक्रमण के प्रति बड़ा जबरदस्त प्रेम एवं लगाव है। लाखों-करोड़ो का मकान/कोठ्ठी बनाने के बाद भी व्यक्ति को वह खुशी नहीं मिलती है, जो सरकारी भूमि पर 8-10 फीट का रेम्प बनाने से मिलती है। 40 फीट चौड़ी सड़क को 20 फीट की बनाने में हमें महारत हासिल है। हमारे दुकानदारों को माल बेचने से ज्यादा माल को दुकान के बाहर सड़क पर सजाना अच्छा लगता है । यदि दुकानदार के पास सड़क पर सजाने के लिए सामान नहीं है तो होर्डिंग/बोर्ड/बेंच लगाकर ही खुश होने का प्रयास करता है। इस सम्बन्ध में जब हम अन्य देशों को देखते हैं तो हमें उनकी प्रशंसा करनी होगी, जहाँ फीट छोड़ एक इंच भूमि पर अतिक्रमण देखने को नहीं मिलेगा । ऐसा लगता है वहाँ के नागरिक अतिक्रमण शब्द से ही वाकिफ नहीं है। अपना वाहन सड़क पर नहीं, घर के अन्दर ही पार्क करने की आदत है। हॉर्न की आवाज सुनने के लिये वहाँ तरसना पड़ता है। हम लोगों की निर्देशानुसार गाड़ी चलाने की आदत नहीं है इसलिए स्पीड ब्रेकर्स की बाढ़ आ रही है। कदम कदम पर विभिन्न आकृतियों में बनाए जा रहे स्पीड ब्रेकर हमारी गति को अनावश्यक धीमा कर रहे हैं। अन्य देशों में स्पीड ब्रेकर के साथ-साथ सड़कों पर जानवर के दर्शन भी दुर्लभ है । जबकि भारत में जानवर तो सड़कों के आभूषण बन चुके हैं। स्पीड ब्रेकर एवं जानवर अनेक बार दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। देश में पैदल चलने वाले राहगीर को सुरक्षा एवं सम्मान मिलना चाहिए जो आज नगण्य है । सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं - फूटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए है, अतिक्रमण एवं पार्किंग के लिए नहीं है। राज्य सरकारें एवं स्थानीय निकाय सुरक्षित फूटपाथ उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। हमारे देश में बहुत ही सहजता और सरलता से वाहन चलाने का लाइसेंस प्राप्त हो जाता है । ऐसे चालक जिन्हें नियमों एवं निर्देशों की जानकारी ही नहीं है, ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ने का ही काम करेंगे । सीट बेल्ट एवं हेलमेट केवल चालक की सुरक्षा के लिए है फिर भी हम मुँह बिगाड़ते हुए इनका उपयोग करते हैं । कमजोर पब्लिक ट्रांसपोर्ट से भी सड़कों पर वाहनों की संख्या अनावश्यक रूप से बढ़ती जा रही है। सड़क पर समझदारी, अनुशासन एवं सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाना, यातायात संकेतों का सम्मान करना, सही लेन में चलना, गति सीमा बनाए रखना, दूसरों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना ही ट्रैफिक सेंस है। निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में ही वाहन खड़ा करना, नो पार्किंग में कभी नहीं। शराब या नशीले पदार्थों का सेवन करके गाड़ी नहीं चलाना। रोटी,कपड़ा और मकान के पश्चात आज हमारी अगली आवश्यकता परिवहन है। हमें परिवहन की दुनिया को कानून सम्मत बनाए रखना होगा। ट्रैफिक सेंस के अभाव में वाहन रूपी आशीर्वाद अभिशाप में बदलता जा रहा है। जनता की लापरवाही एवं गलती से हमारे देश का अव्यवस्थित ट्रैफिक प्रत्येक छोटे-मोटे शहर की आज महत्वपूर्ण समस्या बन चुका है। भारत में सड़कों का कुल नेटवर्क लगभग 65 लाख किलोमीटर तक पहुंच चुका है, जो दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है। दूसरी ओर जनता भी वाहन खरीदने में पूरी तरह से उत्साहवर्धक है। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारत में 2024 तक 36.4 करोड़ रजिस्टर्ड वाहन थे। दुनिया के कुल वाहनों में भारत का हिस्सा मात्र 1 है लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का प्रतिशत 11 है। दुनिया के मुकाबले इतने कम वाहनों की स्थिति में भी इतनी अधिक सड़क दुर्घटनाएं चिन्ता एवं चुनौती का विषय है ।

**प्रो .कैलाश सोडाणी**
**पूर्व कुलगुरु**
**वर्धमान महावीर खुला**
**विश्वविद्यालय, कोटा**

## राशिफल रविवार 29 मार्च, 2026



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2083, आश्लेषा नक्षत्र दिन 2:38 तक, धृति योग सायं 6:19 तक, विष्टि करण प्रातः 7:47 तक, चन्द्रमा आज दिन 2:38 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कुम्भ, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज यमघट योग दिन 2:38 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा प्रातः 7:47 तक है। आज कामदा एकादशी व्रत, लक्ष्मीकांत दोलोत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:57 से 9:28 तक, लाभ-अमृत 9:28 से 12:32 तक, शुभ 2:03 से 3:35 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:25, सूर्यास्त 6:38

**मेष**



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति एवं आय में वृद्धि होगी।

**वृष**



मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।

**कर्क**



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**सिंह**



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कन्या**



आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**तुला**



तुलाः परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृश्चिक**



स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Did Rajasthan Royals Get Their True Value??**

Former BCCI treasurer Kishore Rungta described the deal as 'good, bad and ugly.' The prices may look expensive as was in the beginning when the IPL started

**Union Football Club Jaipur Celebrates Sthapana Divas**

# 'भाजपा मध्य प्रदेश-राजस्थान जैसा प्रयोग बिहार में ना दोहराए'

## बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आग्रह है कि उनका उत्तराधिकारी मध्य प्रदेश-राजस्थान की तरह कोई लो प्रोफाइल नेता नहीं होना चाहिए

- भाजपा को उम्मीद थी कि 26 मार्च को समृद्धि यात्रा खत्म होने के साथ नीतीश मुख्यमंत्री पद त्याग कर देंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। असल में नीतीश चाहते हैं कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में उन्हें पूरी तरह से भरोसे में लिया जाए।
- जद (यू) सूत्रों ने कहा, नीतीश ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका उत्तराधिकारी ऐसा हो जो उनकी विरासत को आगे बढ़ा सके, वे ऐसा उत्तराधिकारी चाहते हैं, जो नीतीश व उनके बेटे निशांत को भी भरोसे में ले और समाजवादी सोच रखता हो, क्योंकि मध्य प्रदेश व राजस्थान के विपरीत बिहार में समाजवाद की जड़ें गहरी हैं।
- जद (यू) यह भी चाहता है कि एनडीए के छोटे घटक दलों को भी भरोसे में लिया जाए।
- सूत्रों ने कहा, अगर जद (यू) को जूनियर पार्टनर माना गया तो पार्टी विधानसभा स्पीकर की पोस्ट पर दावा करेगी। पार्टी चाहती है कि किसी को भी यह न लगे कि नीतीश के राज्यसभा में जाने के बाद पार्टी कमज़ोर हो गई है, यही नहीं अब कुमार बिहार को ज्यादा समय देंगे।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मार्च। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बात पर अड़े हुए हैं कि भाजपा उनके उत्तराधिकारी के रूप में मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रयोग को न दोहराए, जिसमें लो प्रोफाइल नेताओं को आगे बढ़ाया गया था।

भाजपा को उम्मीद थी कि कुमार अपनी "समृद्धि यात्रा" के अंत में पद छोड़ देंगे, जो 26 मार्च को खत्म हो गई। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि वे चाहते हैं कि उत्तराधिकारी के चयन में भाजपा उन्हें "पूरी तरह विश्वास में" ले।

मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों को लेकर अटकलें जारी हैं, लेकिन जदयू के सूत्रों का कहना है कि पद छोड़ रहे मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि उनका उत्तराधिकारी ऐसा होना चाहिए, जो उनकी विरासत को आगे बढ़ा सके और उनकी राजनीति के तौर-तरीकों के अनुसार काम कर सके। एक जदयू नेता ने कहा, "हम नहीं चाहते कि सरकार का सामाजिक संतुलन बिगड़े। हम ऐसा नेता भी चाहते हैं जो कुमार के बेटे निशांत को भी विश्वास में ले सके।" नेता ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान के विपरीत, बिहार में समाजवादी सोच की जड़ें बहुत गहरी हैं।

ऐसी खबरें हैं कि जदयू इस बात पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नेपाल के पूर्व प्र.मंत्री ओली तथा गृहमंत्री लेखक गिरफ्तार

काठमांडू, 28 मार्च। नेपाल में बालेन्द्र सरकार शपथ ग्रहण के साथ पहले ही दिन से एक्शन में आ गई है। शपथग्रहण को अभी 24 घंटे भी नहीं हुए कि जैन ज़ी प्रदर्शन के दौरान निहत्थे छात्रों की हत्या के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया।

बालेन्द्र की अध्यक्षता में हुई पहली कैबिनेट बैठक ने जैन ज़ी आंदोलन की जांच के लिए गठित आयोग के सिफारिश को लागू करने का फैसला किया। आज सुबह सूरज निकलने पर पहले तो गृहमंत्री रमेश लेखक और बाद में पूर्व प्रधानमंत्री ओली की गिरफ्तारी हुई।

- नेपाल में शपथ ग्रहण के साथ ही बालेन्द्र सरकार एक्शन में आ गई, और जैन ज़ी छात्रों के प्रदर्शन पर बल प्रयोग के लिए पूर्व प्र.मंत्री ओली तथा गृहमंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी के आदेश दिए।

जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में ओली और लेखक के साथ पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और सेना के अधिकारियों को भी दोषी ठहराया है, लेकिन सुरक्षा बलों के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं लेने का निर्णय लिया गया। सरकार ने एक समिति बनाकर इनकी भूमिका की जांच कराने का फैसला किया है।

# 'मोदी-ट्रंप वार्ता में मस्क मौजूद नहीं थे'

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने वार्ता में मस्क की मौजूदगी संबंधी न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट खारिज कर दी

- न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का कहना था कि ट्रंप और मस्क में फिर से दोस्ती हो गई है और मोदी और ट्रंप की टेलीफोन पर हुई वार्ता में मस्क भी शामिल थे। दो राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता में एक नागरिक के शामिल होने को लेकर भारत में भारी विवाद हुआ।
- ज्ञातव्य है कि ट्रंप व एलन मस्क की दोस्ती में गत दिनों भारी दरार आ गई थी, दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ काफी बयानबाजी की थी।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मार्च। भारत ने उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान युद्ध पर चर्चा के लिए मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई फोन बातचीत में स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क भी शामिल थे।

"न्यूयॉर्क टाइम्स" की एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई इस टेलीफोनिक बातचीत में हिस्सा लिया था, जिसे ट्रंप और मस्क के बीच की अनबन के खत्म होने का संकेत माना गया। ट्रंप के बड़े प्रशंसक, फंडिंग करने वाले और समर्थक रहे स्पेसएक्स के संस्थापक का कुछ महीने पहले अमेरिकी राष्ट्रपति से मतभेद हो गया था। जो भी हो, ट्रंप-मोदी वार्ता में एक सामान्य नागरिक की मौजूदगी ने भारत में विवाद खड़ा कर दिया। विदेश मंत्रालय ने तुरंत इन खबरों का खंडन करते हुए कहा कि 24 मार्च की बातचीत केवल ट्रंप और मोदी के बीच ही हुई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि वार्ता का केन्द्र पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति रही, जिसमें दोनों नेताओं ने होर्मुज़ स्ट्रेट को खोलने, सुरक्षित और सुलभ बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

राष्ट्रपति ट्रंप का यह फोन उस घोषणा के बाद आया, जिसमें उन्होंने ईरान के ठिकानों पर सैन्य हमलों को पांच दिन के लिए टालने की बात कही थी, जिससे संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदें बढ़ी हैं। इसी दौरान ऐसी खबरें भी आई हैं कि वॉशिंगटन ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को पाकिस्तान भेजने पर विचार कर रहा है।

24 मार्च की ट्रंप-मोदी बातचीत फरवरी के बाद दोनों नेताओं के बीच हुई पहली बातचीत थी, जब ट्रंप ने व्यापार समझौते और भारत पर टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: "राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर उपयोगी विचार-विमर्श हुआ।

भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहता है कि होर्मुज़ स्ट्रेट खुला, सुरक्षित और सुलभ बना रहे।"

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज़ स्ट्रेट से निर्बाध परिवहन वैश्विक शांति, स्थिरता और आर्थिक कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# ईरान ने अब सऊदी अरब, कुवैत में अमेरिका की सुविधाओं पर सीधे बमबारी शुरू की

## ईरान व हिजबुल्लाह ने नया नारा भी दिया है कि उनका ध्येय अब अमेरिका को खाड़ी देशों की मुस्लिम भूमि से बाहर निकालना है

- ईरान का संरक्षण प्राप्त, यमनवासी हूती विद्रोहियों ने "रैड सी" से पर्शियन खाड़ी क्षेत्र में जहाजों का आना एक बार पहले बंद कर दिया था और अब दोबारा समुद्री जहाजों का आवागमन पुनः बंद करने की धमकी दी है।
- इससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार काफी अस्त-व्यस्त हो जाएगा, क्योंकि ज्यादातर माल पानी के जहाजों से आता जाता है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मार्च। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के ईरान के साथ शांति वार्ता के दावों को झूठा साबित करते हुए, पश्चिम एशिया का संकट और अधिक फैलने के कगार पर है। ईरान अमेरिकी नागरिकों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले तेज कर रहा है, जिससे हताहतों की संख्या बढ़ रही है। इज़रायल और हिज़्बुल्लाह के बीच टकराव भी लगातार ज्यादा खूनी होता जा रहा है।

ईरान और हिज़्बुल्लाह ने अब एक नया अभियान शुरू किया है, जिसका खुला लक्ष्य मध्य पूर्व के मुस्लिम देशों से अमेरिकियों को बाहर निकालना है। इससे पूरे मध्य पूर्व में "लोन वुल्फ" (अकेले काम करने वाले) आतंकियों के साथ-साथ, पश्चिमी देशों में ईरान समर्थित आतंकी नेटवर्क भी प्रेरित हो रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्र.मंत्री मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात की

नई दिल्ली, 28 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत कर पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय ऊर्जा ठांचों पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ऐसे हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई।

- प्र.मंत्री मोदी ने एक्स पर इस फोन वार्ता की जानकारी दी और कहा कि पश्चिमी एशिया की स्थिति पर चर्चा हुई।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वॉशिंगटन की राजनीति में भारी भूचाल?

## ट्रंप को दरकिनार करने की मांग ने जोर पकड़ा

- एक बहुप्रतिष्ठित "कंज़र्वेटिव" नेता ने सार्वजनिक तौर पर उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस का आह्वान किया कि वे संविधान के पच्चीसवें संशोधन का उपयोग करके, राष्ट्रपति ट्रंप को सत्ता से हटाने की कवायद शुरु करें।
- हालांकि, यह प्रक्रिया काफी जटिल है, क्योंकि उपराष्ट्रपति को मंत्रिमंडल के दो तिहाई सदस्यों को साथ में लेकर यह घोषित करना होगा कि राष्ट्रपति अब अपनी भूमिका निभाने में समर्थ नहीं हैं। अगर इस मांग को चुनौती दी जाती है तो मामला "कांग्रेस" तक पहुँचेगा तथा वहाँ दोनों सदनों के दो तिहाई बहुमत का समर्थन पाकर अमेरिकी राष्ट्रपति को पद से हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।
- वर्तमान पृष्ठभूमि में, पच्चीसवां संशोधन अब संवैधानिक व्यवस्था के बारे में केवल एक तर्क नहीं रह गया है, बल्कि एक राजनीतिक स्टेटमैंट बन गया है, वर्तमान प्रशासन के खिलाफ फैलते असंतोष के रूप में।

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 28 मार्च। अमेरिकी राजनीति में गहराती उथल-पुथल को दर्शाने वाले एक असाधारण घटनाक्रम में, एक प्रमुख कंज़र्वेटिव नेता ने सार्वजनिक रूप से उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से कहा है कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को सत्ता से हटाने के लिए 25वें संशोधन को लागू करने पर विचार करें। इस सुझाव ने वॉशिंगटन के राजनीतिक तंत्र और रिपब्लिकन खेमे, दोनों में खलबली मचा दी है।

यह बिना मांगी सलाह है जो राजनीति रूप से असाधारण तो है ही साथ ही असहमति का एक दुर्लभ उदाहरण है। यह सुझाव ट्रंप के विरोधियों की ओर से नहीं, बल्कि व्यापक कंज़र्वेटिव समूह के भीतर से सामने आया है। हालांकि व्यक्ति की पहचान और प्रभाव महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन इससे भी अधिक अहम यह है कि 25वां संशोधन, जिसे लंबे समय से अंतिम संवैधानिक उपाय के रूप में देखा जाता रहा है, एक बार फिर मुख्यधारा की राजनीतिक चर्चा में आ गया है।

मूल रूप से, 25वां संशोधन राष्ट्रपति की मृत्यु, इस्तीफे या अक्षमता की स्थिति में सत्ता हस्तांतरण का प्रावधान करता है। इसका सबसे विवादास्पद प्रावधान, धारा 4, उपराष्ट्रपति को मंत्रिमंडल के बहुमत के साथ मिलकर यह घोषित करने की अनुमति देता है कि वर्तमान राष्ट्रपति

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## संक्षिप्त

### आमसभा आज

**फुलेरा।** महात्मा ज्योतिबा फुले संस्था तहसील फुलेरा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में जयंती समारोह के सफल आयोजन हेतु विचार-विमर्श एवं कार्य विभाजन के लिए आमसभा आयोजित की जाएगी। संस्था के महामंत्री भंवरलाल सैनी ने बताया कि आमसभा का आयोजन 29 मार्च को सायं 5 बजे माली समाज शिव मंदिर प्रांगण, श्री रामनगर फुलेरा में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बैठक में संस्था एवं अधीनस्थ संस्थाओं फुलेरा, सैनीपुरा तथा माली (सैनी) समाज संस्थान फुलेरा के सभी सदस्य, पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्धजन, सामान्यजन एवं मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया है।

### भजन संध्या आज

**सिरस।** श्री केशवराय मंदिर में चैत्र नवरात्र की रामनवमी पर तीन दिवसीय वार्षिक श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष देवराजसिंह राजावत व महामंत्री रविप्रकाश पारीक ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में महाआरती व ध्वजारोहण के बाद शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा का गांव में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। लोगों ने घर घर के सामने भगवान की आरती की, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा देर रात शिवालय पहुंची। जहां भगवान केशव राय जी के विमान को विराजमान करवाया। शिवालय में दोपहर 12 से 4 बजे तक श्रद्धालुओं ने सामूहिक हरि कीर्तन किया।

### एक अप्रैल से शुरू होगा व्यापार

**निवाई।** कृषि उपज मंडी में व्यापार मंडल के तत्वावधान में मार्च क्लोजिंग के चलते तीन दिन मंडी व्यापार बंद रहेगा। व्यापारी ताराचन्द बोहरा ने बताया कि 29 से 31 मार्च तक मंडी में व्यापारिक अवकाश रहेगा। जिसके दौरान क्रय-विक्रय बंद रहेगा। क्लोजिंग के पश्चात नए वित्त वर्ष का शुभारंभ 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे मंडी में स्थित श्री लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करके शुभ मुहुर्त के साथ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल से मंडी में सरसों की बिक्री लैब टेस्ट के आधार पर की जाएगी।

### 'अधिकारों के प्रति जागरूक हो'

**किशनगढ़ बास।** भिवाड़ी अलवर हाईवे पर किशनगढ़ बास के समीपवर्ती गांव माचा स्थित जी.एल. मेमोरियल कॉलेज परिसर में शनिवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग जयपुर के सौजन्य से ''कृषि में बौद्धिक संपदा अधिकार मुद्दे और चुनौतियां'' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।


**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 61/407 मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। भगवानी मो.9252895438

**नाम परिवर्तन**

मैं सैन्य संख्या 15201716F हवलदार (ओ.पी.आर.) रंजन कुमार निवासी मु.पो. सेमरिया तहसील- बारौनी, जिला- बेगुसराय (बिहार)। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम Aarya Adarsh है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही नाम Arya Adarsh है।

मैंने अपना नाम मोहम्मद अयूब खान से बदलकर अयूब खान कर लिया है। अयूब खान पुत्र मुबारिक खान निवासी प्लॉट नंबर 57, मिरासी बास, मंडाबसानी, डीडवाना, कुचामन, राजस्थान- 341303 भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

I RANGAPPA Father of No.2814280X Sep KRISHNA BELAGALI of 8 Maratha LI residing at S/O Laxman Aranya shiddeshwar Thot,Naganur, Belgaum, Karnataka 591224 have changed my father name from, RANGAPPA DOB 08/08/1959 To, RANGAPPA BELAGALI, DOB is 01/01/1965 vide affidavit dated 25/03/2026 the Smt Poonam Sharma& Notary public govt. of india, Jaipur(Raj)

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# टोंक में गुस्साये भतीजे ने चलाई बन्दुक, हत्या कर फरार



**पचेवर थाना क्षेत्र के आवड़ा गांव में घटना के बाद पुलिस ने पहुंच जांच की।**

- श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए सड़कों पर उमड़ पड़े और नगर के प्रमुख मार्गों से यात्रा निकाली

**टोंक।** पचेवर थाना क्षेत्र के आवड़ा गांव में शुक्रवार की रात्रि कहासुनी के बाद भतीजे ने गोली मारकर चाचा की हत्या कर दी। मामले में शादीशुदा भतीजा अपनी प्रेमिका को घर पर रखना चाहता था, जिसका चाचा ने विरोध किया, इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई थी। जिसके बाद भतीजे ने गोली मार दी, बाद में लहूलुहान हालत में चाचा रमेश मोग्या 35 साल को परिजनो व ग्रामीणो ने मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस थाना पचेवर पर फरार आरोपी सुरेश बावरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए वृताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत ने बताया कि आवडा निवासी आरोपी सुरेश पुत्र श्योजी बावरिया जो शादीशुदा था और उसके चार बच्चे है। इसके बाद भी वह अपनी प्रेमिका को दूसरी पत्नी के रूप में घर में रखना चाह रहा था। शुक्रवार की रात को पत्नी की मौजूदगी में वह महिला को घर ले आया। इसको लेकर चाचा रमेश पुत्र हरजी बावरिया ने नाराजगी जताई और दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद गुस्साए भतीजे सुरेश बावरिया ने घर में रखी बंदूक से चाचा पर गोली चला दी। बाद में लहूलुहान हालत में चाचा को कच्चे रास्ते पर छोडकर वह प्रेमिका के साथ फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। ममाले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया है तथा संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही मुख्य आरोपी सुरेश के साथ अन्य आरोपी भी शामिल है या नहीं, इसकी भी जांच कर रहे हैं। मृतक और आरोपी खेतों पर रखवाली समेत अन्य कृषि कार्य करते थे।

## फुलेरा पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक

**फुलेरा।** कस्बे के रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे रेल कार्यों का निरीक्षण करने शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन विशेष निरीक्षण यान से फुलेरा पहुंचे। उनके साथ अधीनस्थ रेल अधिकारी भी मौजूद रहे।

फुलेरा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन अधीक्षक राजेंद्र सिंह, एडीईएन संजय पूनिया, एसएसई मयंक शर्मा सहित अन्य रेल अधिकारियों ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

इसके बाद रेल प्रबंधक रेलवे रेस्ट हाउस में आयोजित रेलवे सेफ्टी संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। सेफ्टी संवाद के दौरान सैकडों रेल कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित समस्याएं और कार्यों में आ रही खामियों को सीधे रेल प्रबंधक के समक्ष रखा। कई कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान सामने आई घटनाओं और चुनौतियों से भी अवगत कराया। इस पर रेल प्रबंधक रवि जैन ने कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## 21 कुण्डीय महायज्ञ 3 मई से

**पावटा।** कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर में मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आगामी 3 मई रविवार से 21 कुण्डीय यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन 2 मई शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श कर तैयारियां की जा रही है वही धार्मिक आयोजन के दौरान भव्य कलश यात्रा, यज्ञशाला निर्माण, आचार्य एवं विद्वान पंडितों की नियुक्ति, शिवमहापुराण कथा वाचक की व्यवस्था, यज्ञ हवन, प्रसाद वितरण तथा प्रतिदिन होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजन समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन व आमजन से विचार विमर्श किया जा रहा है।

# 160 अवैध बिजली के कनेक्शन काटे

- कार्यवाही में 70 लाख का लगाया जुर्माना
- शहर के कई इलाकों से अवैध कनेक्शन लेने की शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई की

**टोंक।** जिला मुख्यालय पर बिजली चोरी के खिलाफ आ रही शिकाकतो को लेकर शनिवार को विभाग की जयपुर और टोंक की 27 टीमों ने पुलिस जाप्ते के साथ शहर की करीब एक दर्जन कॉलोनियों में छापेमारी कर 160 अवैध कनेक्शन काटे और करीब 70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इस कार्यवाही के बाद बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। यह कार्यवाही अभियान शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे शुरू कर सुबह साढ़े सात बजे तक चला। जिसमें बिजली निगम की टीमों ने पुरानी टोंक, रजबन, बड़ा कुआं, गड्डा पहाडिया समेत कई क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों को संभलने का मौका भी नहीं मिला। बिजली निगम की टीमों ने बडी मात्रा में अवैध बिजली के तारों को जब्त कर लिया।

टीमों ने मौके पर ही कार्यवाही करते हुए 160 वीसीआर (विजिलेंस केस रिपोर्ट) भरे और अवैध बिजली कनेक्शन काट दिए। साथ ही आरोपियों पर करीब 70 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। तथा बड़ी मात्रा में अवैध तार और अन्य सामग्री भी जब्त की गई। बिजली निगम के एसई कन्हैया लाल पटेल ने बताया कि शहर के कई इलाकों से अवैध कनेक्शन लेने की शिकायतें मिल रही थीं, लगातार बढ़ रही बिजली छीजत (लाइन लॉस) को देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के लिए जयपुर और टोंक की कुल 27 टीमों का गठन किया गया था, साथ ही पर्याप्त पुलिस जाप्ता भी तैनात किया गया। अभियान के दौरान डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली, सदर थाना और पुरानी टोंक थाने का पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यवाही का मालू पडते ही कई लोग अवैध तार हटाने लगे, लेकिन उससे पहले ही निगम की टीमों ने उन्हें जब्त कर लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## प्रशिक्षण महाअभियान शुरु

**शाहपुरा।** भाजपा शाहपुरा शहर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन चंद्र महल गार्डन शाहपुरा में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर फूलमाला चढा, दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में मुकेश गोयल, रविंद्र सिंह, रघुवीर चौधरी, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल आदि वक्ताओं द्वारा प्रशिक्षण महाअभियान में उपस्थित सैकडो भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विषय बिन्दु के आधार पर सेशन चलाते हुए कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, सोशल मीडिया, नमो एप, सरल एप, केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां व क्रियान्वयन, वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास व विकास, कार्यपद्धित, बूथ प्रबंधन मन की बात, टिफीन बैठक, आगामी कार्यक्रम, बूथ स्तरीय कार्यक्रम पर चर्चा परिचर्चा की।

# डीग में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



**डीग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की कूटनीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।**

- एमएसपी पर खरीद नहीं होने व गैस कीमतों को लेकर व्यापारियों-किसानों में आक्रोश

डीग भरतपुर (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में डीग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की कूटनीतियों और घरेलू गैस की कमी तथा किसानों की उपज को उेच पर नहीं खरीदने के विरोध में डीग कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल व्यापार जगत के प्रतिनिधियों फल सब्जी क्रय विक्रय सहकारी समिति के वार्षिक अधिवेशन में मिलने और इस अवसर पर व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से भी संपर्क किया भाजपा सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को उजागर करने तथा सरसों की उेच 6200 रुपए, गेहूं की उेच 2585, तथा चना की एमएसपी 5875 पर कोई खरीद नहीं की जा रही है तथा रजिस्ट्रेशन भी चालू नहीं हुए है।जिस से व्यापार जगत ओर किसानों में भारी असंतोष है राज्य सरकार को तुरन्त कार्यवाही कर के अपने केंद्रों पर उेच दरों पर खरीद करवानी चाहिए और किसानों को इस महंगाई की मार झेलने से बचाना चाहिए। घरेलू गैस और व्यावसायिक गैस की बढ़ी कीमतों को वापस लेकर सभी को समयबद्ध सप्लाई की व्यवस्था सुचारु करवानी चाहिए।पैंघोर चामड समिति, बेलारा और रारह का प्रतिनिधि मंडल इस अभियान में सक्रिय थे, भरतपुर शहर कांठोस के अध्यक्ष दयानंद पचौरी व भरतपुर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष राजपूत सहभागी रहे। इस अवसर पर कामा से जुबेर खान,भरतपुर से व्यापार मंडल के अध्यक्ष रघुवीर सिंह टुंडा,प्रेम सिंह प्रजापत, दयानंद पचौरी, चंद्रकांत, रारह से रघुवीर सिंह पटवारी, रूपी राम राना, पला से अनुराग, साबोरा से गजेंद्र सिंह इत्यादि सहभागी रहे।

# महिला से 2लाख के गहने ठगे

- उपजिला अस्पताल में मदद के बहाने एक बुजुर्ग महिला को एक महिला ने कागजी कार्यवाही के बहाने ले गई तथा ज्वैलरी पर्स में रखवाकर उसे लेकर फरार हो गई। सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच की

**टोंक।** निवाई मुख्यालय स्थित उपजिला अस्पताल में मदद के बहाने एक बुजुर्ग महिला से ज्वैलरी ठगी करने का मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला ने कागजी कार्यवाही के बहाने बुजुर्ग महिला को ले गई तथा ज्वैलरी पर्स में रखवाकर उसे लेकर फरार हो गई। घटना के बाद निवाई शहर के वार्ड 16 में बड़ी के मंदिर के पास रहने वाली ताहिरा बाने ने बताया कि वह शनिवार को भर्ती अपने बेटे शहीद कुरैशी से मिलने आई थी, इस दौरान एक महिला मेरे पास आई, उसने मेरे बेटे की तबीयत को लेकर बातचीत की। इस पर मैने उसे बताया कि मेरे बेटे का जनाधार अपडेट नहीं है, इस पर उस महिला ने मदद का झांसा दिया।

महिला ने कहा कि आप अपने जेवरात उतारकर पर्स में रखकर अपने बेटे को दे दो। इस पर महिला ने बेटे को पर्स दे दिया, इसके बाद अज्ञात महिला उसे अस्पताल के बाहर ले गई और एक कागज देकर बोला कि इसकी फोटो कॉपी करा लो। इसके बाद वह महिला वापस मेरे बेटे के पास पहुंची और कहा कि तुम्हारी मां पर्स मंगवा रही है, इसके बाद महिला जेवरात लेकर फरार हो गई। पर्स में कानों की झुमकी के अलावा गले का पेंडल समेत एक अन्य आभूषण भी रखा थे, जिसकी कीमत से करीब 2 लाख रुपए है, साथ ही 2000 रुपए नगद रखे थे, जिन्हें महिला लेकर फरार हो गई। बाद सूचना पर निवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच प्रारम्भर किया। कार्यवाही में पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज देख रहे है , महिला की तरफ से रिपोर्ट देते ही मामला दर्ज किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक मजबूती का मंत्र



**पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान राजनौता में सफलतापूर्वक आयोजित किया।**

- प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धित, विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रागपुरा मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रधान गार्डन, राजनौता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 27 मार्च से 28 मार्च 2026 तक चला, जिसका समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में वर्ग प्रभारी मुखराम धनखड, वर्ग समिति प्रमुख मिंटू शर्मा, सुनीता कंवर, विक्रम कुमावत एवं मंडल अध्यक्ष विकास सिंह किरोडी के नेतृत्व में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कुल सात सत्र आयोजित हुए, जिनमें अलग-अलग विषयों पर वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रथम सत्र में मुकेश गोयल ने वक्ता के रूप में संबोधित किया, जिसकी अध्यक्षता अजीत सिंह ने की। द्वितीय सत्र में मनोज भूषण ने विचार रखे, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत ने की। तृतीय सत्र में अशोक सुरोलिया ने संबोधन दिया और जिला पार्षद तेजपाल धनवाड़िया ने अध्यक्षता की। चतुर्थ सत्र में गुड्डू सैनी वक्ता रहे, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आरती सिंह ने की। पंचम सत्र में उपेन यादव ने मार्गदर्शन दिया और अध्यक्षता वर्ग प्रभारी मुखराम धनखड ने की। षष्ठम सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा ने विचार व्यक्त किए, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह ने की। सप्तम एवं अंतिम सत्र में पंकज मीणा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अध्यक्षता वर्ग सह संयोजक सुनीता कंवर ने की। इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धित, विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, सरपंच श्रवण सिंह, विजय स्वामी, प्रेमशंकर शर्मा, रूपचंद सैनी, सुरेश मीणा, प्रदीप सिंह, नवीन सिंह, वीरेंद्र मीणा, कबूल सैनी, नरेश सिंह रेला, वीरेंद्र गढ़वाल,रोहिताश ताखर, दीपक धानका (सरपंच राजनौता), भीमसिंह शेखावत,महेश सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होते हैं, जो कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाते है।

## अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे'

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त करने हेतु संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के आजऊ-पाहुआ मंडल में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विधायक डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाभियान केवल संगठनात्मक अभ्यास नहीं, बल्कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का दर्शन भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के आचरण और कार्यशैली में परिलक्षित होना चाहिए। डॉ. सिंह ने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लें।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 12 व 13 दुकान नं. 02, अंजनी विहार कॉलोनी, जयपुर (राज.) का मूल पट्टा, रसीद, साइट प्लान जो झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा श्री महेश कुमार मीणा पुत्र श्री सरदार सिंह के नाम पे जारी किया गया था, उक्त दस्तावेजात कहीं खो गये है, चूंकि सोसायटी में डुप्लीकेट पट्टा जारी करवाने के लिये आवेदन किया है किसी भी व्यक्ति को डुप्लीकेट पट्टा जारी करने बाबत आपत्ति हो तो 15 दिवस में सोसायटी में दर्ज करवा दे बाद मियाद सोसायटी पट्टा जारी करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। कृपया सूचित रहे।
अध्यक्ष-झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर, मो.-8078600067

**आम सूचना खण्डन** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आम सूचना दिनांकित 26.03.2026 जरिये अधिवक्ता इस्लाम खॉन की आम सूचना का खण्डन कर सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्रीमती संगीता अग्रवाल व अनूप अग्रवाल को जरिये इकरारनामा बाबत बैचान आवासीय भूमि दिनांकित 17.07.2006 एवं 27.05.2007 मुख्त्यारनामा, वसीयतनामा से खसरा नम्बर 451/771 की भूमि में से अपने हिस्से की 1/2 भूमि ग्राम बिन्दायका, तहसील व जिला जयपुर को माया देवी पत्नी स्व. रमेश, निवासी-ए-6, सुमन विहार, धावास, जयपुर ने कतई विक्रय कर दिया था एवं मौके पर भूमि का कब्जा संभला दिया था। जिस पर मेरे अभिभाष्यगणों ने अपने निजी धन से बाउण्ड्रीवाल व निर्माण करवा लिया है। वर्तमान में मेरे अभिभाष्यगण ही मालिक व स्वामी है। माया देवी ने उक्त आम सूचना मिथ्या एवं भ्रामक रूप से छपवायी है। माया देवी द्वारा निष्पादित दस्तावेज आज भी वैध तथा प्रभावी दस्तावेज हैं, किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था की मेरे अभिभाष्यगण की सम्पत्ति पर कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था मेरे अभिभाष्यगण की उक्त भूमि के संबंध में कोई संव्यवहार, लेन-देन या किसी प्रकार का कोई दस्तावेज निष्पादित करते है तो वह मेरे अभिभाष्यगण के हितो के विरुद्ध शून्य व निष्प्रभावी होगा। सूचित रहें।
दिनांक 28.3.2026 अब्दुलहनीफ खान, एडवोकेट मो.-9929655751, रजि.नं.-1459/2003

**न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी साहब, करौली**
हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय एस.डी.ओ. स्थान करौली
गीतादेवी बनाम महेश वगै.
प्रार्थना पत्र 136 एस.आर. एक्ट
मुकदमा नं. 76/2025
नाम 1-राधा पुत्री मदन जाति महाजन निवासी भुडारा बाजार करौली, 2- झम्मन पुत्र संतोष पत्नि चन्द्रशेखर, 3- पूनम पुत्री संतोष, 4- ज्योति पुत्री संतोष समस्त जाति महाजन निवासी बंशी बाग बरखेडा करौली, 5- कमला गुप्ता पत्नि विष्णुचन्द गुप्ता महाजन निवासी ट्रक यूनियन गौमती दास मन्दिर वाली गली करौली, 6- सुदा गुप्ता पत्नि मंगतीलाल जाति महाजन निवासी नहरू पार्क के सामने, गंगापुर सिटी तह. गंगापुर सिटी, 7- प्रेमला उर्फ गुड्डी गुप्ता पत्नि बाबूलाल जाति महाजन नि. गुप्ता नर्सिंग होम के बगल में गंगापुर सिटी, तह. गंगापुर सिटी, 8- धमेन्द्र पुत्र कन्हैया जाति महाजन नि. बंशी का बाग, बरखेडा तह. करौली प्रार्थी ने धारा 136 एल.आर. एक्ट का प्रकरण इस न्यायालय में आवेदन किया है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 30.03.2026 को 10 ए.एम. पर स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे को उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जावेगा। यह आज तारीख 19 माह 02, सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
उपखण्ड अधिकारी करौली

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 66/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी पूरण मल शर्मा निवासी ग्राम पोस्ट थानागाजी जिला अलवर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत सोनी देवी सामाजिक आर्थिक विकास एवं अनुसंधान संस्थान थानागाजी जिला अलवर राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 24.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.05.2026
मोहर अदालत सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

**उदघोषणा (इश्तहार) न्यायालय**
व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) 14/2025
विषय:- उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रोबेट लेटर ऑफ एडिमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र
प्रार्थी का नाम भागचंद पुत्र स्व. किशन लाल जाति बलाई निवासी तेजा का बास तह. सांभरलेक
मृतक स्व. किशन लाल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक : 25/04/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय ने इस आश्य का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि उसके मृतक स्व. किशन लाल का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रोबेट लेटर आफ एडनिनिस्टेशन प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 04 सन् 2026 उपस्थित न्यायालय होकर आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 16 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत आज्ञा से रीडर ग्रेड प्रथम अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 01, सांभरलेक जिला जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय समक्ष अपीलीय अधिकरण, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
श्रीमती केसरी देवी
विरूद्ध
ज.वि.प्रा. व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र/अपील संख्या 14/2025
स्थागत प्रार्थना पत्र 33/2025
प्रार्थना-पत्र संख्या 14 सन्/2025
केसरी देवी पत्नी हरलाल सिंह धनकड़, निवासी-मीणावाला सिरसी रोड, जयपुर उक्त .. प्रार्थी .. ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .. नकल संलग्न है... अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध है तुक दर्शित करने के लिए दिनांक 02 माह 04 सन् 2026को 10 पूर्वाह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज तारीख 24 माह 3 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर मुन्सरिम अपीलीय .. जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय समक्ष अपीलीय अधिकरण, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
श्रीमती केसरी देवी
विरूद्ध
ज.वि.प्रा. व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र/अपील संख्या 14/2025
स्थागत प्रार्थना पत्र 33/2025
प्रार्थना-पत्र संख्या 14 सन्/2025
सुनील कुमार शर्मा पुत्र श्री भरतराम, निवासी ए-68-ए, जगदम्बा नगर, हीरापुरा पावर हाउस के पीछे, अजमेर रोड, जयपुर। अन्य पता जी-102, ग्राउण्ड फलोर, प्लाट नम्बर-6, वैशाली एस्टेट विस्तार, गांधी पथ, वैशाली नगर, जयपुर उक्त .. प्रार्थी .. ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .. नकल संलग्न है... अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध है तुक दर्शित करने के लिए दिनांक 02 माह 04 सन् 2026को 10 पूर्वाह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज तारीख 24 माह 3 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर मुन्सरिम अपीलीय .. जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय
116/27.3.26 मुकदमा संख्याः- /
सांवरम मल जयपुरिया बनाम बनवारी लाल जयपुरिया व अन्य
अंतिम डिक्री प्रार्थना पत्र 35/25
1. श्री अनिल कुमार जयपुरिया पुत्र स्व. अर्जुन लाल जयपुरिया पौत्र स्व. गोकुल चन्द्र जयपुरिया, उम्र-63 साल, जाति-महाजन, 2. श्रीमती शशी पत्नि श्री विजय अग्रवाल पुत्री स्व. श्री अर्जुनलाल जयपुरिया, पौत्री स्व. श्री गोकुल चन्द जयपुरिया, उम्र 65 साल, जाति-महाजन, 3. श्रीमती सरोज पत्नि श्री रामाकेडिया पुत्री स्व. श्री अर्जुन लाल जयपुरिया पौत्री स्व. श्री गोकुल चन्द जयपुरिया, उम्र 60 साल, जाति-अग्रवाल, निवासीगणः- प्लाट नम्बर सी/12/103 पृथ्वी अपार्टमेन्ट, पृथ्वीराज रोड, बगडिया भवन के सामने, सी-स्कीम जयपुर। 4. श्रीमती इन्दू जयपुरिया पत्नि स्व. जगदीश प्रसाद पौत्रवधु स्व. श्री गोकुल चन्द जयपुरिया, उम्र-78 साल, जाति-महाजन, 5. श्री नितीन उर्फ नीतू पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसाद पौत्र स्व. श्री गोकुल चन्द उम्र-58 साल, जाति-महाजन, 6. श्री कपील पुत्र स्व. श्री जगदीश प्रसाद पौत्र स्व. श्री गोकुल चन्द उम्र 55 साल, जाति-महाजन, 7. श्रीमती मोनीका पुत्री स्व. श्री जगदीश प्रसाद पौत्री स्व. श्री गोकुल चन्द उम्र-52 साल, जाति-महाजन, 8. श्री दीपेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री रामप्रकाश पौत्र स्व. श्री गोकुल चन्द उम्र-60 साल, 9. श्री आदित्य उर्फ बन्टी पुत्र स्व. श्री रामप्रकाश पौत्र स्व. श्री गोकुल चन्द, उम्र-52 साल, जाति-महाजन, 10. श्रीमती संगीता पुत्री स्व. श्री रामप्रकाश पौत्री स्व. श्री गोकुल चन्द, उम्र 55 साल, जाति-महाजन, 11. श्रीमती निकीता पुत्री स्व श्री रामप्रकाश पौत्री स्व. श्री गोकुल चन्द उम्र 53 साल, निवासीगण प्लाट नम्बर बी-9, शिव मार्ग, बनीपार्क जयपुर, 12. श्रीमती पुष्पा पत्नि श्री औम प्रकाश गोयल, पुत्री स्व. श्री गोकुल चन्द्र उम्र-82 साल, जाति-महाजन, निवासीः मार्फत रामनारायण ब्रदर्स, मालाखेडा अलवर, राजस्थान। 13. श्रीमती विमला देवी पत्नि श्री पदम बाबू पौदार, पुत्री स्व. श्री गोकुल चन्द्र जयपुरिया उम्र-76 साल, जाति-महाजन, निवासी-मार्फत जगन्नाथ हरीनन्द पौदार, कटला आलूवालिया, अमृतसर, पंजाब, 14. श्री अरूण कुमार जयपुरिया पुत्र स्व. श्री औम प्रकाश पौत्र स्व. श्री रतनलाल उम्र-65 साल, जाति-महाजन, 15. श्रीमती मन्जू जयपुरिया पत्नि स्व. श्री अनुप कुमार जयपुरिया पुत्रवधू औमप्रकाश उम्र 61 साल, जाति-महाजन, 16. श्री अर्पित जयपुरिया पुत्र स्व. श्री अनुप कुमार जयपुरिया पौत्र स्व. श्री औमप्रकाश जयपुरिया, उम्र 35 साल, जाति-महाजन, 17. श्री राजा जयपुरिया पुत्र स्व. श्री अनुप कुमार जयपुरिया पौत्र स्व. श्री औप्रकाश जयपुरिया, उम्र 32 साल, जाति-महाजन, 18. श्री अजय कुमार जयपुरिया पुत्र स्व. श्री औम प्रकाश जयपुरिया, उम्र-58 साल, जाति-महाजन, निवासीगणः- 62, जयपुरिया हाऊस, मंगला मार्ग, ब्रहम्पुरी जयपुर। 19. श्री प्रदीप कुमार पुत्र स्व. श्री देवकीनन्दन पौत्र स्व. श्री दाऊलाल, उम्र-65 साल, जाति-महाजन, 20. श्रीमती बबीता पत्नि स्व. श्री दिनेश कुमार पुत्रवधु स्व. श्री देवकीनन्दन, उम्र-59 साल, जाति-महाजन, 21. श्री नमन पुत्र स्व. श्री दिनेश कुमार पौत्र स्व. श्री देवकीनन्दन, उम्र-30 साल, जाति-महाजन, निवासीगण- Second Floor राजावीर अपार्टमेन्ट, शास्त्री नगर, जयपुर। 22. श्री रामसुन्दर जयपुरिया पुत्र स्व. श्री देवकी नन्दन जयपुरिया उम्र 58 साल, जाति-महाजन,-महाजन, निवासीः-105, स्काई-3 रेजीडेन्सी 44- 46-50 रतन नगर, ढेहर नगर का बालाजी, सीकर रोड, जयपुर। 23. श्री श्याम सुन्दर जयपुरिया पुत्र स्व. श्री देवकीनन्दन, उम्र-58 साल, जाति-महाजन, निवासीः-डी-155 बी गौतम मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर। 24. श्रीमती पूनम देवी कसेरा पत्नि श्री संजय कसेरा, पुत्री स्व. श्री देवकीनन्दन जयपुरिया, उम्र-55 साल, जाति-महाजन, निवासी सफदर गंज एनक्लेव दिल्ली। 25. श्री गोपाललाल जयपुरिया पुत्र स्व. श्री दाऊलाल जयपुरिया, उम्र-81 साल, जाति-महाजन, निवासी मकान नम्बर 49. गणगौरी बाजार, जयपुर। 26. श्रीमती प्रेमलता पत्नि स्व श्री सज्जन कुमार पुत्रवधु स्व दाऊलाल उम्र-76 साल, जाति-महाजन, 27. श्री पकज पुत्र स्व. श्री सज्जन कुमार पौत्र स्व दाऊलाल, उम्र-49 साल, 28. श्री गोरव पुत्र स्व. श्री सज्जन कुमार पौत्र स्व. दाऊलाल, उम्र-46 साल, निवासीगणः मकान नम्बर 19-20 सुभाष नगर, शॉपिंग सेन्टर, जयपुर। 29. श्रीमती मीनू अग्रवाल पत्नि श्री संजय अग्रवाल, पुत्री स्व. श्री सज्जन कुमार जयपुरिया, उम्र 55 साल, जाति-महाजन, निवासीः- प्लाट नम्बर 44 प्रताप नगर/शास्त्री नगर, जयपुर। 30. श्रीमती अर्चना अग्रवाल पत्नि श्री लक्की अग्रवाल पुत्री स्व. श्री सज्जन कुमार, जाति-महाजन, उम्र 52 साल, निवासीः थर्ड फलोर, रावलगॉव बिल्डिंग, जे.बी नगर, ईस्ट, मुम्बई। 31. श्रीमती इन्द्रा जयपुरिया पत्नि श्री विनोद कुमार पुत्रवधु स्व. श्री दाऊलाल जयपुरिया उम्र-70 साल, जाति-महाजन, 32. श्री निकुन्ज जयपुरिया पुत्र स्व. श्री विनोद कुमार पौत्र स्व. श्री दाऊलाल, उम्र-42 साल, 33. श्रीमती शिल्पा गोयल पत्नि श्री अभिषेक गोयल, पुत्री स्व. श्री विनोद कुमार उम्र-48 साल, जाति-महाजन, 34. श्रीमती टीना पत्नि श्री मोहीत पुत्री स्व. श्री विनोद कुमार उम्र-44 साल, जाति-महाजन, 35. श्रीमती सोनम खण्डेलवाल पत्नि श्री निरज खण्डेलवाल, पुत्री स्व. श्री विनोद कुमार उम्र-41 साल, जाति-महाजन, निवासी फर्स्ट फ्लोर 202, दुर्गा मार्ग, बनीपार्क, जयपुर। 36. सतीश चन्द्र जयपुरिया पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र पौत्र स्व. श्री तुलसीराम उम्र 66 वर्ष, जाति महाजन, 37. आनन्द जयपुरिया पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र पौत्र स्व. श्री तुलसीराम उम्र 63 वर्ष, जाति महाजन, 38. सुभाष जयपुरिया पुत्र स्व. श्री हरीश चन्द्र पौत्र स्व. श्री तुलसीराम उम्र 61 वर्ष, जाति महाजन, निवासीगण माया सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, चेहटा, अमृतसर पंजाब। 39. श्रीमती बीना अग्रवाल पत्नी श्री सुनील अग्रवाल पुत्री स्व. हरीश चन्द पौत्री स्व. श्री तुलसीराम उम्र 64 वर्ष, निवासी अवनानी दत्ता रोड, कलकत्ता। 40. श्री बजरंग लाल जयपुरिया पुत्र स्व. श्री तुलसीराम उम्र 72 साल, जाति-महाजन, निवासी-84/247 मध्यम मार्ग, मानसरोवर (केन्द्रीय विधालय के सामने) जयपुर। 41. श्रीमती शान्ति देवी पत्नि स्व. श्री ज्ञानचन्द जैन पुत्री स्व श्री तुलसीराम जयपुरिया उम्र-87 साल, निवासी:- लक्ष्मी निवास, भगवान दास रोड, पाँच बत्ती के पास, जयपुर। 42. श्रीमती कान्ती देवी पत्नि श्री मुन्नालाल गर्ग पुत्री स्व. श्री तुलीराम जयपुरिया, उम्र-83 साल, निवासी:- प्लॉट नम्बर 13. जोशी कॉलोनी, ब्रहम्पुरी, जयपुर। 43. श्रीमती ऊषा देवी पत्नि रामावतार लश्करी पुत्री स्व. श्री तुलसीराम जयपुरिया, उम्र-78 साल, जाति-महाजन, निवासी:- लश्करी चैम्बर, खरबूजा मण्डी, मोती डूंगरी रोड, जयपुर। 44. श्रीमती आशा देवी पत्नि स्व. श्री गणेश अग्रवाल पुत्री स्व. श्री तुलसीराम, उम्र-65 साल, जाति-महाजन, निवासी-49, गणगौरी बाजार, जयपुर। 45. श्रीमती इन्द्रकुमारी सिंघल पत्नि स्व. श्री नन्द किशोर सिंघल पुत्री स्व. श्री तुलसीराम जयपुरिया, उम्र-62 साल, जाति-महाजन, पताः 49, गणगौरी बाजार, जयपुर। हाल निवासी:- 84/247 मध्यम मार्ग, मानसरोवर (केन्द्रीय विधालय के सामने) जयपुर।
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित के लिए दिनांक 02.04.2026, 10.30 AM को पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर वरिष्ठ रीडर, अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर महानगर द्वितीय

**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर**
Email ID:bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमांकः-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2025/283 दिनांकः- 28.03.2026
**निविदा सूचना संख्या /2025-26**
पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनओं मे स्वीकृत कार्यो / संकर्म / सेवाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत प्रतिष्ठानों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आफलाईन एवं आनलाईन निविदाये आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।
NIB NO- (offline) PFA2526A0534 TO PFA2526A0544
UBN NO-(offline) PFA2526WSOB00536 TO PFA2526WSOB00546
विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ़ (जयपुर)

# जयपुरिया अस्पताल में पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी की गुंडागर्दी

## पार्किंग शुल्क 20 रुपए चुकाने के बावजूद युवक को बुरी तरह मारा

- इस मारपीट से युवक के नाक की हड्डी टूट गई और उसके मुंह से खून निकलने लगा था
- पीड़ित ने बजाज नगर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी, पुलिस ने कराया मेडिकल

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुरिया अस्पताल की पार्किंग का संचालन करने वाली निजी फर्म मैसर्स व्हीकल-पे सर्विस प्रा. लि. के कर्मचारी खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे है।

शुक्रवार रात साढ़े 8 बजे अस्पताल में अपने रिश्तेदार से मिलने पहुंचे युवक को पार्किंग शुल्क 20 रुपए चुकाने के बावजूद भी पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारियों ने युवक से पहले तो जबरन 100 रुपए वसूलने चाहे, जब उसने देने से मना कर दिया तो उससे बुरी तरह मारपीट करते हुए लहुलुहान कर दिया। इस मारपीट में पीड़ित युवक संजय मीणा की नाक की हड्डी भी टूट गई और उसके मुंह से खून तक निकलने लगा। पीड़ित ने पुलिस को 112 पर सूचना दी, इसके बाद आरोपी को पकड़ा गया, पुलिस ने पीड़ित का जयपुरिया अस्पताल में मेडिकल मुआयना करवाया है।



पीड़ित युवक संजय मीणा

पीड़ित संजय मीणा ने पार्किंग ठेकेदार और उसके कर्मचारियों के खिलाफ बजाज नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवायी है।

पीड़ित संजय मीणा द्वारा पुलिस थाने में दी गई शिकायत में बताया गया कि, वह शुक्रवार रात करीब साढ़े 8 बजे जयपुरिया अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदार से मिलने गया था। वहां उसने अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी की और उसका 20 रुपए का शुल्क पार्किंग कर्मचारी के क्यूआर कोड पर भुगतान कर दिया। इस पर नशे में धुत्त पार्किंग कर्मचारी उस पर चिल्लाने लगा। कर्मचारी ने बदत्तमीजी करते हुए कहा कि, तूने पैसा क्यूआर कोड पर क्यों डाला, अब तुझे 100 रुपए देने पडेंगे। आरोपी उस पर जबरन 100 रुपए देने का दबाव बनाने लगा, मना करने पर उसने युवक संजय मीणा के नाक और मुंह पर घूंसे मारे, जिससे वह जख्मी हो गया। चिल्लाने पर अस्पताल में मौजूदा पार्किंग कर्मचारी का एक और साथी मौके पर आ गया और उसने भी नीचे पटककर मारपीट शुरू कर दी। इस जानलेवा हमले से संजय की नाक की हड्डी टूट गई, उसने जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद संजय ने अपने साले को फोन करके अस्पताल से बाहर बुलाया, उसने पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी। थोड़ी देर बाद पुलिस की पीसीआर मौके पर पहुंची और पार्किंग कर्मचारी को उठा ले गयी। पीड़ित संजय ने बजाज नगर थाने में आरोपी युवकों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने युवक का जयपुरिया अस्पताल में मेडिकल करवाया है। अब इस मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है।

## आगामी 3 दिन प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना

**जयपुर** । राजस्थान में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर प्रदेश के सभी जिलों में रहेगा। अगले कुछ दिन बादल छाने के साथ प्रदेश के सभी जिलों में बारिश होने के साथ ओले गिरने की संभावना है। अप्रैल के पहले सप्ताह में गर्मी कंट्रोल में रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में 29 मार्च से 1 अप्रैल या उसके आगे के दिनों में रूक-रूक कर कई स्थानों पर बारिश होने, आंधी चलने और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी की है। इस सिस्टम आने से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को होने की आशंका है। इस अवधि के दौरान कटी हुई फसलें जो खेतों में रखी है या जिन फसलों से जिंस निकालकर उन्हें खुले में मंडियों या अन्य जगह रख रखा है, तो उसे बरसात से बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों पर ले जाए। राज्य में 1 अप्रैल तक लगातार आंधी-बारिश का दौर चलेगा। अप्रैल के पहले सप्ताह में बैक टू बैक सिस्टम आने की संभावना जताई है। इन सिस्टम के लगातार आने से प्रदेश में गर्मी तापमान सामान्य के आसपास या उसके नीचे रह सकता है।

# आर.जी.एच.एस. स्कीम का दायरा बढ़ा, भुगतान और सुधार भी हुआ

## भजनलाल सरकार ने इस योजना के तहत बीते 2 वर्ष में 7200 करोड़ से अधिक का भुगतान किया

- लाभार्थी, अस्पताल, फार्मेसी की संख्या में बढ़ोतरी, विगत 3 दिन में 1.34 लाख टीआईडी जनरेट

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार ने राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) को न केवल अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया है, बल्कि इसके दायरे को काफी विस्तृत किया और भुगतान भी पहले से अधिक किया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में योजना का दायरा बढ़ाने, भुगतान प्रक्रिया को नियमित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। योजना के तहत पिछले दो वर्ष में 7200 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान अस्पताल एवं फार्मेसी को किया गया है।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि आरजीएचएस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ पात्र लोगों को मिल सके। इसके लिए इसके दायरे में काफी वृद्धि की गई है। पूर्ववर्ती सरकार के समय योजना में लाभार्थियों की संख्या 12 लाख 35 हजार थी, जो अब बढ़कर 13 लाख 61 हजार हो गई है। इसी प्रकार उपचार पैकेजों की संख्या 2129 से बढ़कर 3367 हो गई है, जिससे अधिक बीमारियों का कवरेज संभव हुआ है।

### अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाया

चिकित्सा मंत्री ने बताया कि रोगियों को गुणवत्ता पूर्ण उपचार उनके नजदीक के अस्पतालों में मिल सके और अच्छे अस्पताल योजना में शामिल हों। इसके लिए अस्पतालों का नेटवर्क लगातार बढ़ाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार के समय इस योजना में करीब 1500 अस्पताल संबद्ध थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 1,729 हो गई है। इसी



चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर

प्रकार फार्मेसियों की संख्या 4,266 से बढ़कर 4,875 हो गई है, जिससे दवाओं की उपलब्धता अधिक सुलभ हुई है।

### भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता-तेजी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार ने भुगतान व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए अस्पतालों और फार्मेसियों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक कुल 7225 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। इसमें अस्पतालों को 4006 करोड़ और फार्मेसियों को 3219 करोड़ रूपए दिए गए हैं, जबकि दिसम्बर 2023 से पहले योजना के तहत 4522 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था। यह स्पष्ट करता है कि भुगतान में तेज वृद्धि और वित्तीय प्रवाह में मजबूती आई है।

### वर्षवार भुगतान में निरंतर वृद्धि

राठौड़ ने बताया कि वर्षवार योजना के तहत भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में 364 करोड़ रूपए का भुगतान हुआ, जो 2024-25 में बढ़कर 3471 करोड़ रूपए तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2025-26 में भी करीब 3 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है, जो भुगतान की नियमितता और निरंतरता को दर्शाता है।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि योजना में 7200 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान होने से प्रदेश के निजी अस्पतालों एवं फार्मेसी स्टोर को बड़ा आर्थिक संबल मिला है और यहां स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश लगातार प्रोत्साहित हुआ है। छोटे शहरों में भी अब नामी अस्पतालों का नेटवर्क पहुंचने लगा है। इससे निचले स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो रही हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अस्पताल योजना के प्रबंधन से संतुष्ट हैं। इसी का नतीजा है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में इस योजना का लाभ मिल रहा है। विगत तीन दिन 25 से 27 मार्च 2026 के बीच ही करीब 1 लाख 34 हजार टीआईडी इस योजना में जनरेट हुई हैं। इससे 84 हजार से अधिक पेंशनर्स और करीब 50 हजार अन्य लाभार्थी लाभान्वित हुए हैं। ओपीडी में करीब 62 हजार लोगों ने सेवाएं प्राप्त की हैं और करीब 67 हजार लोगों ने फार्मेसी से कैशलेस दवाएं प्राप्त की हैं। साथ ही, आईपीडी एवं डे केयर में भी हजारों लाभार्थियों को उपचार मिला है।

# 700 किलो से अधिक नकली पनीर बरामद

## बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था मिलावटी पनीर

**जयपुर** । जवाहर नगर पुलिस ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को 700 किलो से अधिक नकली पनीर (मावा) बरामद किया। जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया है। इस मामले में खाद्य विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मिलावटी पनीर को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था।

थानाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीला नंबर-1 स्थित राजेश डेयरी पर नकली मावा सप्लाई होने वाला है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर पिकअप वाहन से भारी मात्रा में लाया गया मावा बरामद किया। जिसे बाजार में सप्लाई से पहले ही पकड़ लिया गया। इस कार्रवाई के



दौरान सीएमएचओ प्रथम की टीम को बुलाकर नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई एडीसीपी आलोक सिंघल और एसीपी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में थाना प्रभारी महेश चंद्र के नेतृत्व में की गई। टीम में कांस्टेबल अशोक, धर्मपाल सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## हुक्का बार पर छापेमारी, कर्मचारी ने तीसरी मंजिल से छलांग लगाई

**जयपुर।** टोंक रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संचालित अवैध हुक्का बार पर शुक्रवार देर रात कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई और मैनेजर सहित कई कर्मचारी मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने बांदीकुई निवासी कर्मचारी दिलीप सिंह गुर्जर को पकड़ लिया। इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में दिलीप तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल को तत्काल एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दिलीप के भाई उपेंद्र का कहना है कि पुलिस ने पूछताछ के दौरान उसके भाई के साथ मारपीट की, जिससे बचने के लिए उसने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। वहीं पुलिस कार्रवाई को लेकर अभी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने एम.एम. खान होटल पर छापा मारा

## रामगंज में गंदगी के बीच बन रहा था खाना



**जयपुर** । आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर प्रथम ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा टीम ने रामगंज बाजार स्थित एम.एम. खान होटल पर सघन निरीक्षण किया। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई तथा संदिग्ध सामग्री के सैंपल लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। टीम को मौके पर खाद्य सामग्री अत्यंत अनहाइजीनिक परिस्थितियों में तैयार होती मिली। रॉ मटेरियल, तैयार खाद्य पदार्थ और गंदा पानी एक ही स्थान पर पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन है। खाद्य सुरक्षा टीम ने संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एस.बी.आई. म्यूचुअल फंड आईपीओ जल्द

**मुंबई** । शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। देश की जानी-मानी फंड हाउस एसबीआई म्यूचुअल फंड ने आईपीओ लाने की तैयारी शुरू कर दी है और इसके लिए सेबी के पास अपने ड्राफ्ट पेपर्स जमा कर दिए हैं। इस आईपीओ की खास बात यह है कि इसमें कोई नया शेयर जारी नहीं होगा, बल्कि पूरा इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत आएगा। यानि मौजूदा निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। करीब 20.37 करोड़ इक्विटी शेयर्स इस ऑफर में शामिल होंगे। इस प्रक्रिया के तहत प्रमोटर्स- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अमुंडी अपनी हिस्सेदारी कुछ हद तक कम करेंगे।

## स्पीकर देवनानी जायेंगे भोपाल

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को वायुयान से दो दिवसीय यात्रा पर मध्यप्रदेश जायेंगे। स्पीकर देवनानी 30 मार्च को प्रातः 10:30 बजे मध्यप्रदेश विधान सभा में युवा विधायक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन, इंडिया रीजन की क्षेत्रवार गतिविधियों के तहत आयोजित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश विधानसभा में आयोजित हो रहे युवा विधायकों के इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर के युवा विधायक भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का मंगलवार को वायुयान से सायं जयपुर वापस लौटने का कार्यक्रम है।

## सार-समाचार

### 50 प्रेरणादायी महिलाओं का सम्मान




**जयपुर** । महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक नेतृत्व को समर्पित समारोह "ऑरा-द पावर ऑफ शी" का आयोजन सेवा कुंज फाउंडेशन एवं नव्यान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड; सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, बीजेपी प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल एवं शुभश्री बायोफ्यूल्स एनर्जी लिमिटेड के सागर और आस्था अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। नव्यान फाउंडेशन से ममता शर्मा एवं राजा यादव, तथा सेवा कुंज फाउंडेशन से शुभा गुप्ता एवं अर्चना पुरोहित के बताया कि इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 50 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में पद्मश्री सम्मानित गुलाबो, नीरू यादव, अवनि लेखरा, शबाना डागर, माया टंडन, लीला बोरडिया, प्रियल गर्ग सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे, जिन्होंने अपने कार्य, समर्पण एवं प्रतिभा के माध्यम से समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

### राजस्थान विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण

**जयपुर** । राजस्थान विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग में वंदे मातरम 150 अभियान के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के आजीवन सीनेटर डॉ. अखिल शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग परिसर में सघन वृक्षारोपण से हुई, जहाँ अतिथियों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि डॉ. अखिल शुक्ला ने अपने उद्बोधन से छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वंदे मातरम मात्र एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण, श्रद्धा और गौरव का सजीव प्रतीक है। प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पी.सी. माली ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विज्ञान के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों का समावेश ही एक पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने विभाग की शैक्षिणक और सह-शैक्षिणक गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर इमरान खान ने देशप्रेम से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का प्रभावी और सफल संचालन विभाग के डॉ. संतोष कुमार चारण ने किया। इस आयोजन में शोध छात्र छात्राओं एवं एम.एससी. के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने न केवल वृक्षारोपण में सहयोग किया, बल्कि संवाद सत्र के दौरान राष्ट्र सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ सभा का समापन हुआ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल को पुस्तक भेंट



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रख्यात चित्रकार एवं लेखक चंद्रप्रकाश गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'शौर्य और शहादत को सलाम' भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्र के वीर सपूतों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित ऐसी कृतियां नई पीढ़ी में देशभक्ति एवं प्रेरणा का संचार करती हैं। इस अवसर पर गुप्ता की धर्मपत्नी मंजू खटोड़ (कार्यकारिणी सदस्य माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर) भी उपस्थित रही।

## तेज रफ्तार थार ने रेपिडो बाइक को टक्कर मारी

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में स्थित वीटी रोड तेज रफ्तार थार गाड़ी ने रेपिडो बाइक पर जा रहे दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनो युवक चोटिल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को उपचार के नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को छुट्टी दे दी गई। वहीं रेपिडो चालक को पैर में फ्रेक्चर होने के कारण भर्ती कर लिया गया। एक्सीडेंट थाना (साउथ) ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब साढ़े नौ बजे वैशाली नगर निवासी अर्पित खंडेलवाल (28) ऑफिस से घर जाने के लिए रेपिडो बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक जैसे ही यू-टर्न ले रही थी, पीछे से तेज रफ्तार थार जीप ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर पीछे बैठे अर्पित उछलकर दूर जा गिरे और चोटिल हो गए, जबकि बाइक चला रहे रेपिडो राइडर का पैर फ्रैक्चर हो गया।

# गहलोत "हकीकत शास्त्र" से कोसों दूर, इंतजार शास्त्र से जनता को भ्रमित कर रहे : राजेंद्र राठौड़

## उन्होंने कहा कि "गहलोत ने पुत्र मोह में वैभव गहलोत को आगे बढ़ाने के लिए कई नेताओं का हक मारा, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया।"

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गहलोत हकीकत शास्त्र से कोसों दूर हैं और इंतजार शास्त्र के जरिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गहलोत अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत ने पुत्र मोह में वैभव गहलोत को आगे बढ़ाने के लिए अन्य नेताओं का हक मारा, लेकिन जनता ने उन्हें नकार



राजेन्द्र राठौड़

दिया। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में 4148 घोषणाओं में से 2208 के अधूरे रहने और कोरोना काल में अनियमितताओं के आरोप भी लगाए। आईपीडी टावर को लेकर राठौड़ ने कहा कि पूर्व सरकार ने बिना पर्याप्त योजना के प्रोजेक्ट शुरू किए, जिन्हें वर्तमान सरकार सुधार रही है। अब तक 23 मंजिल का निर्माण हो चुका है और इसे जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सरकार पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत 92 हजार नौकरियां दे चुकी है और 1.53 लाख पदों पर भर्ती जारी है।

वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण पेट्रोलियम कीमतों में बढ़ोतरी स्वाभाविक है, बावजूद इसके केंद्र ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर राहत दी है। राज्य सरकार ने गैस आपूर्ति बनाए रखने के लिए हेल्पलाइन शुरू की है और कालाबाजारी पर सख्ती बरती जा रही है।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जीएसडीपी 2026-27 में 21.52 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है और प्रति व्यक्ति आय 2.02 लाख रुपए हो गई है। उन्होंने कहा कि यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि एकजुट होकर काम करने का है और कांग्रेस को ओछी राजनीति छोड़नी चाहिए।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सेमीनार

**जयपुर** । सप्त शक्ति कमांड के अधीनता में ज्ञान शक्ति थिंक टैंक द्वारा 28 मार्च 2026 को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 'एआई एक फोर्स मल्टीप्लायर-रणनीतिक जागरूकता एवं जिम्मेदार तैयारी' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमीनार में जयपुर के विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, सेवारत एवं सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारियों तथा अकादमिक विशेषज्ञ उपस्थित हुए। पैनल में साइबर पहलुओं के विशेषज्ञ कर्नल आर.डी.शर्मा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग एकीकरण के विशेषज्ञ स्क्वाड्रन लीडर विभूति मंगल (सेवानिवृत्त) और शिक्षा में जनरेटिव आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. महिपाल जडेजा शामिल थे, जिन्होंने इस विषय पर अपने विचार साझा किए।

वक्ताओं ने साइबर एवं सूचना युद्ध प्रौद्योगिकियों सहित आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के वैश्विक रणनीतिक अनुप्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने चैटजीपीटी एवं दैनिक जीवन में आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के अन्य व्यावहारिक उपयोगों का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए इसकी उभरती क्षमताओं को स्पष्ट किया।

वक्ताओं ने एआई के क्षेत्र में अपने व्यापक ज्ञान एवं गहन समझ का परिचय दिया तथा अंतिम सत्र में दर्शकों द्वारा प्रासंगिक प्रश्न पूछे गए और कुछ मूल्यवान सुझाव भी दिए गए। नवंबर 2024 में आयोजित उद्घाटन सेमिनार से अब



तक, ज्ञान शक्ति थिंक टैंक ने विविध एवं महत्वपूर्ण विषयों पर नौ सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस मंच का उद्देश्य रणनीतिक एवं रक्षा संबंधी मुद्दों पर बौद्धिक विमर्श को विकसित एवं प्रोत्साहित करना है। यह मंच अनुभवी विशेषज्ञों की सक्रिय सहभागिता के साथ विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त एवं प्रभावी केंद्र बनकर उभरा है। सप्त शक्ति कमान के चीफ ऑफ स्टाफ, लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने अपने समापन संबोधन में दूरवर्ती क्षेत्रों से आए छात्रों सहित सभी प्रतिभागियों की सक्रिय रुचि एवं सहभागिता की सराहना की।

## नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का आगाज

**जयपुर** । जेईसीसी में आयोजित नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो 2026 में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भाग लेकर प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग की अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों का अवलोकन किया। यह आयोजन प्रिंटर्स क्लब ऑफ़ इंडिया एवं राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रिंटिंग उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों और उद्यिमयों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों को जाना। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इसे और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉल्स का दौरा किया और नवीनतम तकनीकी नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने स्टार्टअप और युवाओं को कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस एक्सपो के माध्यम से प्रदेश में तकनीकी उन्नयन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित भी होंगे।

# विदेशी महिला के साथ सेल्फी लेने की होड़ में भीड़ ने की अभद्रता

- महिला को घेरकर भीड़ ने खींचा, गले व कमर पर हाथ डाल बनाया वीडियो
- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्टिव मोड पर आई, जांच शुरू

**जयपुर** (कासं)। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में स्थित जल महल के पास एक विदेशी युवती से फोटो खींचाने के बहाने उसके साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पुलिस वायरल हुए वीडियो के आधार पर साइबर सेल की मदद से जांच शुरु का दी है।

थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक विदेशी महिला जलमहल की पाल पर घूमने के लिए आई थी। तभी कुछ युवकों ने उसे सेल्फी लेने के बहाने घेर लिया और जबरन उसके साथ सेल्फी लेने लग गए। शुरू में सामान्य फोटो क्लिक करने की बात लग रही थी, लेकिन जल्द ही स्थिति बिगड़ गई। युवक महिला के बेहद करीब आ गए। एक युवक ने उसके गले में हाथ डालकर खींचने की कोशिश की, जबकि दूसरे युवक जबरन उसके साथ फोटो लेने लगा। वीडियो में विदेशी महिला स्पष्ट रूप से असहज दिख रही है, और वहां से निकलने का प्रयास कर रही है। हालांकि महिला ने इस मामले में कोई आपत्ति नहीं जताई है। खुद सेल्फी खिंचवा रही थी। लेकिन युवकों की हरकत को देखते हुए जांच की जा रही है। वीडियो के सामने आने के बाद युवकों की पहचान की जा रही है। साइबर यूनिट की मदद से वीडियो के बारे में पता किया जा रहा है।



## World Piano Day: Celebrating The Instrument That Moves The World

World Piano Day is celebrated annually on the 88th day of the year, symbolising the piano's 88 keys. The day honours one of the most versatile and beloved musical instruments, recognised across genres from classical and jazz to pop and contemporary compositions. Musicians, composers and music lovers mark the occasion through concerts, digital performances and creative collaborations. Beyond performance, the day also promotes music education and supports new piano-related projects worldwide. World Piano Day is not just about the instrument itself, but about the emotions, stories and connections created through its timeless, resonant sound.

#FOOTBALL

## Union Football Club Jaipur Celebrates Sthapana Divas

To mark the occasion, a friendly match was played by the players, in which boys and girls participated with great energy and enthusiasm






On the auspicious occasion of Chaitra Shukla Samvat 2083, Ram Navami, Union Football Club Jaipur was established 138 years ago on this very day by Maharaja Sawai Madho Singh II in the presence of football enthusiasts.

On the occasion of its sthapana divas, the 139th Foundation Day was celebrated with great enthusiasm and joy, keeping alive the glorious footballing legacy of the club.

To mark the occasion, a friendly match was played by the players, in which boys and girls participated with great energy and enthusiasm.

During the event, club members along with players of football, kabaddi, and weightlifting collectively recited Ram Stuti and Hanuman Chalisa.

On this occasion, Club Secretary Mahipal Swami, R.K. Bhatt, Sunil Sharma, Coordinator Abhinav Swami, Lokesh, Sahil, Gaurav Ji, Advocate Prerak Swami, Kishan Lodha, and Kabaddi Coach Raj Narayan Sharma shared their views.

Club Coordinator Abhinav Swami informed that admissions for the Batch 2026-2027 are now open. Additionally, Rugby is also being introduced in the club this year.









# Did Rajasthan Royals Get Their True Value??






The franchise teams, which for the first five to seven years, could not make profit are now thriving with the rise in TV and other media rights as they get 45 per cent of the total revenue from the media rights and five per cent by way of prize money. The apex body, Board of Control for Cricket in India (BCCI), gets 60 to 70 per cent from the central revenue pool by selling media rights and title sponsorship, and out of this revenue earned by the BCCI, it disburses 45 per cent to the 10 franchise teams. Thus, according to one estimate, a franchise gets an estimated amount of Rs. 400 to Rs 500 crores from the BCCI.









Prakash Bhandari

*The writer is a senior journalist*


March 24 was a historic day for Indian sports, especially cricket, and this day would be remembered by all cricketers as a red letter day. On this day, the Indian Premier League (IPL) has witnessed two record-breaking franchise sales in a single day, with Rajasthan Royals selling for $1.63 billion and Royal Challengers Bengaluru for $1.78 billion. While former India captain Sourav Ganguly hailed the league's rapid ascent, comparing it to the NBA and Premier League in stature and commercial value.

Former BCCI treasurer Kishore Rungta described the deal as 'good, bad and ugly.' The prices may look expensive as was in the beginning when the IPL started, and may be, it would still be looked as a visionary. But the fact remains that IPL is not a mere sports, but its serious business is with such big names as Walton Ford Hamp, Bolton, Aditya Birla, Times of India Group joining the fray. The deals underscore the IPL's growing global pull, backed by major US investors, even as analysts warn of a potential plateau in media rights growth. The biggest news is Rajasthan Royals value surged since 2008 and the valuation tag of each franchise team, that were up for grab, has defied all the financial pundits.

### Two billion-dollar deals in one day

Rajasthan Royals was acquired for $1.63 billion by a Kal Somani-led consortium backed by prominent US investors, while Royal Challengers Bengaluru changed hands for $1.78 billion to a group including Aditya Birla Group, David Blitzer, Blackstone, and Bolt Ventures. Together, the transactions total nearly $3.4 billion, with each franchise setting a new benchmark for IPL team valuations. The timing, just ahead of the league's 19th season, reflects the strong investor confidence in the tournament's commercial potential.

Suddenly, the stature of the IPL is being compared to the NBA and English Premier League, noting that its broadcast rights and viewership often rival or surpass top global leagues. The IPL is run for two to three months, yet, it commands such high valuation and this is the reason why the US investors are seeing cricket transforming into a global sport of 'value.' Since, the matches are played in a vast country like India with 140 crore population, the sport is followed on TV and digital media by a whopping number of followers. The digital media has further increased the viewership with commentaries in Hindi, Punjabi, Bangla, Haryanavi, Marathi, Telugu, Tamil and Malayalam.

For all students of cricket as well as economics, the valuation of Rajasthan Royals, being the cheapest IPL team in 2008 at $67 million (Rs. 267 crore at the rate of Rs. 40 per dollar), have reached a valuation of $1.63 billion (Dollar rate at Rs. 93 approximately) in 2026. The franchise, originally owned by Manoj Badale's Emerging Media, attracted US investors including Rob Walton and the Hamp family in the latest deal. This sharp rise reflects not only the IPL's commercial growth but also the transformation of its franchises into global sports assets.

The process of renewed valuation started in 2026 and is likely to grow. A report by Media Partners Asia warns that IPL media rights for 2028-32 may remain flat at $5.4 billion, with a 13% drop in per-match value due to an expanded 94-match format. Since media rights currently contribute 75% of franchise revenues, any stagnation could slow valuation growth and push teams to diversify revenue streams. Analysts suggest that while investor appetite remains strong now, long-term sustainability will hinge on adapting beyond central broadcast income.

IPL is India's best gift to the cricketing world and it's a platform where a cricketer gets his value for money. It's a gold mine for the real stars who could make money by sheer talents, skills, of course, backed by their performances.

These players, who play for various franchises, made the IPL a mega event with the total valuation of IPL estimated to be Rs. 82,500 crores, an almost 18 times more than the total value of Rs. 4675 crores when the IPL started in 2008. The valuation of the IPL has increased manifold because of the media rights. In the current cycle of 2023-2027, Reliance and Disney Star hold the media rights of Rs. 48,390 crores. This means for each match broadcast, the media rights holder will get Rs. 107.5 crores through advertising revenue.

The franchise teams, which for the first five to seven years could not make profit, are now thriving with the rise in TV and other media rights as they get 45 per cent of the total revenue from the media rights and five per cent by way of prize money. The apex body, Board of Control for Cricket in India (BCCI), gets 60 to 70 per cent from the central revenue pool by selling media rights and title sponsorship, and out of this revenue earned by the BCCI, it disburses 45 per cent to the 10 franchise teams. Thus, according to one estimate, a franchise gets an estimated amount of Rs. 400 to Rs. 500 crores from the BCCI. The central sponsor was finalized by the BCCI, and in 2025, it was Tatas who were the title sponsor. From the money earned through title sponsorship, the BCCI disburses the amount among franchises under a formula. The franchises teams are allowed to attract their own sponsorship and such sponsoring companies have the right to display its logo in the team's jersey for brand purpose. The franchise sells jersey and trouser spaces to various brands, and in all, they receive 10 to 12 brands from which each team earns Rs. 125 to Rs. 150 crores. The franchisee teams earn further from sales of tickets and merchandising and also through selling foods in the stadiums.

**This is the complete team-wise net worth of all IPL franchises based on brand valuation data. The brand value are prior to the sales of Rajasthan Royals and Royal Challenge Bengaluru.**



#CRICKET

| Rank | IPL Franchise | Brand Value (USD) | Net Worth (Crore) |
|---|---|---|---|
| 1 | Royal Challengers Bengaluru (RCB) | $269 million | 2,327 Cr |
| 2 | Mumbai Indians (MI) | $242 million | 2,094 Cr |
| 3 | Chennai Super Kings (CSK) | $235 million | 2,033 Cr |
| 4 | Kolkata Knight Riders (KKR) | $222 million | 1,918 Cr |
| 5 | Sunrisers Hyderabad (SRH) | $154 million | 1,331 Cr |
| 6 | Delhi Capitals (DC) | $152 million | 1,314 Cr |
| 7 | Rajasthan Royals (RR) | $146 million | 1,262 Cr |
| 8 | Gujarat Titans (GT) | $142 million | 1,227 Cr |
| 9 | Punjab Kings (PBKS) | $141 million | 1,219 Cr |
| 10 | Lucknow Super Giants (LSG) | $122 million | 1,054 Cr |

The RCB had taken over as the most valuable team from CSK, largely due to their recent win and high commercial engagements and was valued at $269 million (Rs. 2327 crores) and the second team was Mumbai Indians with value of Rs. 2094 crores. Rajasthan Royals stood at the seventh spot with value of Rs. 1262 crores.

The ecosystem created by the BCCI has made the IPL a very lucrative affair and the ecosystem built by the BCCI in 2008, when Lalit Modi was the Commissioner of the IPL, has now spread to other major cricket playing nations including USA, with Indian companies like Reliance Sunrisers and Lucknow Giants having stakes in teams playing in various T20 leagues in West Indies, UAE, South Africa and USA.

As there is big money in the IPL, the various franchises also have gained high valuations. It's for these reasons that the champions of the inaugural 2008 IPL Rajasthan Royals and the current champions Royal Challengers Bengaluru were up for grabs.

Rajasthan Royals had explored stake sales at a valuation exceeding $one billion, showcasing difference between brand valuation and actual sale price. Rajasthan Royals has revalued its worth at $833 million, but unconfirmed sources said that Rene Group, that was handling the sale process, had got the Rajasthan Royals an offer of $1.3 billion which was Rs. 12,074 crores.

But market sources said that it's an artificial hype that has been created. It's for these reasons that the Aditya Birla group, Adar Poonawallah group and Times of India group left in huff and did not compete. Instead, they found the RCB more lucrative.

Royal Challengers Bengaluru (RCB) is officially up for sale as of March 2026. The current owner, Diageo Plc (through its Indian subsidiary United Spirits Ltd.), has initiated a strategic review to divest its stake in the franchise, which includes both the Men's (IPL) and Women's (WPL) teams.

The owner Diageo is reportedly seeking a valuation of approximately $2 billion (17,000-18,000 crore).

The franchise is keen to sell this 'non-core asset' to Diageo's primary alcohol-beverage business. This way, the owner Vijay Mallaya will be able to pay off the bank debts and pave the way for his return from exile in the UK.

The company aims to finalize the deal by March 31, 2026.

The current ownership will likely manage the team through the IPL 2026 season (starting March 28), with the new owners taking full control before the 2027 campaign.

As the bidding enters its final week, several high-profile consortiums are in the race.

**Birla-Blitzer Consortium:** A joint evaluation from the Aditya Birla Group, led by Kumar Manglam Birla's son Aryaman Birla, a cricket buff and American sports tycoon David Blitzer.

A consortium led by **Dr. Ranjan Pai** (Manipal Hospitals) along with US private equity firm KKR and Singapore's Temasek.

A bid from Swedish private equity firm **EQT and Azim Premji Invest**, the investment arm of Wipro founder Azim Premji.

Both Adar Poonawalla and the Glazer family have reportedly stepped back from this deal also, after valuations exceeded their thresholds.

Rajasthan Royals owners value the franchise at up to $1.7 billion (Rs. 14,000 crores). The sale process, managed by the Raine Group, has seen intense bidding activity ahead of the 2026 IPL season.

A consortium led by US-based serial entrepreneur and existing investor Kal Somani was the most serious bidder and were looking for a 10 per cent controlling stake.

The franchise recently rejected a massive $1.7 billion (16,000 crore) bid from Columbia Pacific Capital Partners (CPCP), as the owners (RR) were reportedly holding out for an even higher valuation. If that was a fact, the Rajasthan Royals did not get its true value.

Former IPL commissioner Lalit Modi is reportedly backing one of the bidders secretly under a mutual arrangement.

The CEO of ArcelorMittal, Aditya Mittal, was evaluating a buyout to bolster his family's sports portfolio.

Times Internet, a Times of India Group company's Chairman Satyan Gajwani, who is the son-in-law of the Chairman of the Bennett Coleman Company Ltd. (BCCL), Sameer Jain, bid successfully with the Aditya Birla group along with Blackstone and Carlyle Group.

Manoj Badale's Emerging Media Ventures currently holds a 65% stake. Badale is a Gujarat origin businessman based in London.

Red Bird Capital Partners (15% stake) is reportedly looking to exit their investment, while minority owner Lachlan Murdoch, son of media tycoon Rupert Murdoch (13%), is also part of the broader ownership discussions.

The bidders, who were vying for these two companies RCB and Rajasthan Royals, had in view the growth of cricket viewing on the digital platform and the number was higher than the TV viewership. Reliance Jio has started streaming it and it offers free viewership for a limited period. The viewership on Jio has touched some 32 crores for the India-Pakistan T20 World Cup match played at Colombo. On normal days, the Jio attracts about two to three crore viewers.

Digital viewing has shown an increase of 30 per cent reaching the vernacular viewers.

With such a large country and with about 30 centers fully equipped with the most modern cricket facilities and infrastructure, India has no parallels, and with such a large population attracting paying crowd who produces sweet music at the turnstiles, India has become the Mecca of cricket and it's a dream of all the cricketers in the world to play in the IPL, who created the strength and brand value of IPL franchisee.

The answer is that it's a combo of performance of the players that make the team, owners management, massive fan base and commercial support in the form of sponsorship. Mukesh Ambani, who owns Mumbai Indians, Vijay Mallaya's RCB cement giant, N Srinivasan, Actor Shahrukh Khan and Juhi Shah, GMR Group, Sanjiv Goenka of CESC, Preity Zinta, who owns Punjab, who are the current owners of various franchisee, had to wait for five to seven years before they could make money.

But these franchisees like any other business have to depend on on-field performance and winning titles is the primary driver of brand valuation and sponsorship revenue and CSK (Chennai) and Mumbai Indians have built a strong brand through effective strategies.

Last year prior to the 2025 IPL, Torrent Group, an Ahmedabad based company, acquired a 67 per cent stake in Gujarat Titans ownership. The deal went through at an astonishing valuation of Rs. 7522 crores, where the new majority owner holds Rs. 5035 crores while the rest remains with the original owner CVC Capitals of Gujarat Giants. The BCCI earned Rs. 375 crores from this deal as the BCCI got five per cent of every transaction with the ownership group. Thus, the Board (BCCI) without investing a single penny earns a lot of money through each commercial transaction.

The IPL has transformed the players as marketable commodities. For these reasons, the players care more for the IPL matches than playing for the country. Jaspreet Bumrah (IPL price Rs. 18 crore), Ruturaj Gaekwad, who is not even in the Indian team, were contracted to play for their franchisee for Rs. 18 crores each, while Hardik Pandya and India's T20 skipper Suryakumar Yadav (Rs. 16.35 crore each) and Rinku Singh (Rs. 13 crore) are the IPL star performers along with Sanju Samson, Vaibhav Suryavanshi, etc.

Late Shane Warne took a salary of just 9.35 cr from Rajasthan Royals for playing for 4 seasons but demanded a 0.75% equity in RR every year till the time he plays for RR. He led the Rajasthan Royals win the inaugural IPL in 2008.

For four seasons, he secured 3% equity in Rajasthan Royals.

And now, that RR is sold for a massive 15,300 crs, his 3% matures as 460 crs and will be given to his family.


rajeshsharma1049@gmail.com




THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर में 2 देसी पिस्टल व 15 कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

## वारदात में प्रयुक्त एक एक्टिवा वाहन को भी जब्त किया

**अजमेर,** (निसं)। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अजमेर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 देसी पिस्टल और 15 कारतूस के साथ 3 आरोपित को गिरफ्तार किया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त एक एक्टिवा वाहन को भी जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अजमेर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) एवं अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में सिविल लाइंस थाना और साइबर सेल टीम ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्कृत स्कूल के पीछे खड़े संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 2 देसी पिस्टल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा मौके से एक होंडा एक्टिवा (नंबर 01 8194) भी जब्त की गई।




पुलिस ने 2 देसी पिस्टल और 15 कारतूस के साथ आरोपी अजय उर्फ बंटी, सुमित त्रिलोकानी आरोपित को गिरफ्तार किया।

- पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये हथियार कहां से लाए गए थे और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।
- संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे।

**गिरफ्तार आरोपी:** पुलिस ने इस मामले में अजय उर्फ बंटी (37 वर्ष), निवासी वैशाली नगर, अमजद खान निवासी अलवर गेट क्षेत्र तथा सुमित त्रिलोकानी (35 वर्ष) निवासी वैशाली नगर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सुमित त्रिलोकानी ने अवैध हथियार खरीदने में अन्य आरोपियों की मदद की थी।

**पुलिस टीम की भूमिका:** इस कार्रवाई में सिविल लाइंस थाना पुलिस और साइबर सेल अजमेर की टीम का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते संभावित बड़ी वारदात को समय रहते टाल दिया गया।

**जांच जारी:** पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ये हथियार कहां से लाए गए थे और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। साथ ही मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश भी जारी है।

# ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा, चचेरे भाई निकले आरोपी

## फावडे से मारकर की थी हत्या

- बचने के लिए अंतिम संस्कार में शामिल हुए, सबूत मिटाने की कोशिश की
- पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिफ्तार कर लिया
- जांच के दौरान सामने आया कि मुख्य आरोपी ने वारदात से एक रात पहले मृतक को अपनी बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था

**नोखा,** (निसं)। यहा जिले के एक गांव में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या करने वाले मृतक के ही चचेरे भाई निकले। किसी के शक होने से बचने के लिए वे घटनास्थल के आसपास मौजूद रहे और बाद में अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा, सीओ जरनैल सिंह और नोखा थानाधिकारी अरविंद कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले का खुलासा किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारीलाल मीणा ने बताया- आरोपियों ने शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम दिया और बाद में खुद को निर्दोष दिखाने का प्रयास करते रहे।

जांच के दौरान सामने आया कि मुख्य आरोपी ने वारदात से एक रात पहले मृतक को अपनी बेटी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इसी बात से आक्रोशित होकर उसने अपने भाई के साथ मिलकर चचेरे भाई की हत्या की प्लानिंग की।

प्लान के तहत 23 मार्च की सुबह दोनों आरोपी घर में घुस गए और फावड़े से सिर पर कई वार कर युवक की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की ताकि किसी को उन पर शक न हो।

मामला ब्लाइंड मर्डर होने के कारण पुलिस ने घटनास्थल के आसपास से तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। बारीकी से जांच और पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिफ्तार कर लिया।

इस हत्याकांड का पर्दाफाश करने वाली टीम में नोखा थानाधिकारी अरविंद कुमार, जसरासर थानाधिकारी आलोक सिंह और देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत शामिल रहे। इनके साथ सब इंस्पेक्टर तनसुखराम, एएसआई राजूराम, नत्थाराम, नरेश कुमार, गंगाराम, रामनिवास, टीकूराम तथा साइबर सेल के दीपक यादव सहित नोखा, पांचू और जसरासर थाने के जवानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्राचीन हनुमान की मूर्ति खंडित, आरोपी गिरफ्तार

## लोगों ने मुर्ति खंडित होने पर जताया विरोध

- जानकारी के अनुसार नयापुरा इलाके के खंड गांवडी चम्बल किनारे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर खंडित किया एवं मंदिर में बैठे एक व्यक्ति द्वारा विरोध करने पर उससे मारपीट की

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा इलाके के खंड गांवडी में चम्बल किनारे स्थित प्राचीन मंदिर में बालाजी की मुर्ति अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर खंडित करने व विरोध करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मामले में आरोपी को घटना के कुछ घंटो बाद ही कार्यवाही करते हुए चम्बल किनारे से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार नयापुरा इलाके के खंड गांवडी चम्बल किनारे स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर खंडित किया एवं मंदिर में बैठे एक व्यक्ति द्वारा विरोध करने पर उससे मारपीट की। सूचना पाकर स्थानीय लोग एवं नयापुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि नयापुरा क्षेत्र के खंड गांवडी स्थित चम्बल किनारे प्राचीन बालाजी मंदिर परिसर में बालाजी की प्रतिमा को खंडित करने व एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया, मामले में फरियादी ने नयापुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि चंबल के बालाजी मंदिर व्यायामशाला का संचालक है, रिपोर्ट में कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर में प्रवेश कर बालाजी प्रतिमा को खंडित किया और मंदिर में बैठे व्यक्ति कृष्णा मुरारी ने जब विरोध किया तो अज्ञात व्यक्ति ने बालाजी के गोठे से कृष्ण मुरारी के सिर में चोट पहुंचाई। शहर एसपी ने कहा कि फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने आस-पास लगे सीसीटीवी फुटैज खंगाले और टीम ने मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए बालाजी प्रतिमा खंडित कर पूजारी से मारपीट के मामले में जिला उज्जैन के थाना खाचरोद बडा गांव निवासी छोटु सिंह चन्द्रावत (28) को गिरफ्तार किया।

# केंद्रीय कारागृह में फिर मिला बंदी के पास एंड्राइड फोन

## बंदी के खिलाफ रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई

- फोन में सिमकार्ड नहीं है। उसके पास फोन कब और कैसे पहुंचा इस बारे में अब रातानाडा पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागृह में अवांछनीय सामग्री मिलना जारी है। जेल में चलाए गए तलाशी अभियान में एक विचाराधीन बंदी के पास में एंड्राइड फोन मिला। बंदी के खिलाफ रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई। वहीं जेल में गत दिनों हुई इफ्तार पार्टी प्रकरण में एक और आरोपी को पुलिस ने जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। उसे आज न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। अब तक तीन लोगों को पकड़ा गया औ पूछताछ की गई।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि कार्यवाहक उपाधीक्षक कुलदीपसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि जेल में सर्च के दौरान एक विचाराधीन बंदी सूरज के पास में एंड्राइड फोन मिला है। फोन में सिमकार्ड नहीं है। उसके पास फोन कब और कैसे पहुंचा इस बारे में अब रातानाडा पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

रातानाडा पुलिस ने गत दिनों जेल में हुई रोजा इफ्तार पार्टी के वायरल फोटो प्रकरण में एक और आरोपी उदयपुर के सूरजपोल निवासी शेखर पुत्र सत्यप्रकाश को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ कर जेल भिजवाया गया है। मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है। शेखर वर्ष 2019 में सूरजपोल उदयपुर के हत्या एवं हत्या प्रयास के केस में जेल में बंद है।

# ट्रेलर नदी में गिरने से चालक की मौत



ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गया,

**टोंक।** देवली थाना क्षेत्र में नेगड़िया पुलिया के पास बीती रात्रि को एक सड़क हादसे में ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में गिर गया, हादसमें चालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक तेजाराम जाट पुत्र हापुराम जाट उम्र 40 साल निवासी चौकड़ी खुर्द जिला जोधपुर जो केकड़ी से देवली की ओर आ रहे थे। देर रात्रि को पीछे से आ रहे एक अन्य वाहन ने ओवरटेक करने के प्रयास में तेजाराम के ट्रेलर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नदी में जा गिरा।

# फंदे पर लटका मिला 9 साल का मासूम

डूंगरपुर। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के मांडवा बियोला गांव में 9 साल का मासूम पेड पर फंदे से लटका मिला। बडा भाई उसे ढूंढ ते हुए आया तो मासूम को लटका देख चिल्लाया। लोग दौडकर आए और फंदे से उतारकर डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। मासूम चौथी कक्षा में पढ ता था। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के मांडवा बियोला निवासी सरोज कलासुआ ने बताया कि उसका 9 वर्षीय पोता निकुल पुत्र सोहन कलासुआ गांव के ही मां बाडी केंद्र में चौथी कक्षा में पढ ता था। आज सुबह बच्चों की मां हंसा अपने दोनों बेटे निकुल और बडे बेटे अंकित को खाना खिलाने के बाद पडोस के गांव हथौड में गेहूं साफ करने गई थी।

दोनों बच्चे अपनी दादी सरोज के साथ घर पर थे। जबकि दादा नानूराम मांडवा भैरा भाई स्कूल में खाना बनाने का काम करते है। वे स्कूल चले गए थे। निकुल के पिता गुजरात में (हीरा डायमंड )कारीगर है। मां के जाने के कुछ देर बाद ही निकुल घर के पास एक बबूल के पेड से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। बडा भाई अंकित ने उसे पेड से लटका देखकर चिल्लाया तो आसपास के लोग दौडकर आए। सूचना पर मां और दादा भी वापस घर आ गए।

# जोधपुर में शांति कायम : एक प्रकरण दर्ज, 14 लोग हिरासत में

- पुलिस ने 14 लोगों को आज दोपहर तक हिरासत में लिया

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के अंदरूनी क्षेत्र लायकान मोहल्ला-किलीखाना रोड पर शुक्रवार की रात को घुड़ला लेकर निकल रही महिलाओं से हुए अभद्र व्यवहार एवं पथराव की घटना के बाद व्याप्त तनाव से हरकत में आई पुलिस ने 14 लोगों को आज दोपहर तक हिरासत में लिया है। एक पक्ष की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। हिरासत में लिए जाने वाले लोगों की संख्या शाम तक बढऩे के भी आसार है। क्षेत्र में अब शांति कायम है, मगर पुलिस बल लगा हुआ है। सुबह लोगों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले और पुलिस से कार्रवाई को लेकर समन्वय बनाए रखा। एसीपी केंद्रीय मंगलेश चूण्डावत ने बताया कि एक पक्ष की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। दोपहर तक 14 लोगों को पुलिस ने डिटेन किया है। दो लोगों को रात में ही डिटेन कर लिया गया था। एसीपी मंगलेश चूण्डावत के अनुसार क्षेत्र में स्थिति रात को ही नियंत्रित कर ली गई थी। अभी पूर्ण रूप से शांति कायम है।

बता दें कि शुक्रवार की रात को गणगौर कमेटी की तरफ से भोळावणी मेले का आयोजन किया गया था। तब कई महिलाएं घुड़ला लेकर सरोवर से लौट रही थी। इस दौरान मोहल्ला लायकान- किलीखाना रोड पर बाइक सवार युवक महिलाओं से टकरा गए। बाद में मौजूद कुछ लोगों ने युवकों को पीट दिया। एकबारगी युवक चले गए मगर कुछ देर बाद वापिस लौटकर महिलाओं पर पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी।

# ऑफिस में खड़ी गाड़ी का मोबाइल पर आया एक हजार का चालान

- जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष का बनाया चालान

**उदयपुर,** (कासं)। ऑनलाइन चालान प्रक्रिया एक बार फिर विवाद में आ गई है जब ऑफिस में खड़ी स्कूटी का ऑनलाइन चालान स्कूटी मालिक को उसके मोबाइल पर मिला।

ऑफिस में खडी स्कूटी का अचानक एक हजार रुपए का ई.चालान कटने से उदयपुर जिला बाल कल्याण समिति की कार्यकारी अध्यक्ष हैरान रह गई। उन्होंने बताया कि जिस समय चालान काटा गया, उस वक्त वे ऑफिस में मौजूद थीं और स्कूटी भी वहीं खडी थी। इस घटना के बाद उन्होंने ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। जिला बाल कल्याण समिति की कार्यकारी अध्यक्ष यशोदा पनिया का कहना है कि वे रोजाना हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाती है, लेकिन शुक्रवार को उस समय हैरानी की बात हुई तब स्कूटी कार्यालय में पडी और मोबाइल पर हेलमेट नहीं पहनने के चालान का मैसेज मोबाइल पर आया।

# रोडवेज की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग सख्त

**जालोर,** (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की लापरवाही को गंभीर मानते हुए पीडित उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने रोडवेज को 45 दिनों के भीतर मुआवजा राशि अदा करने के निर्देश दिए हैं। परिवादी धीरेन कुमार सुन्देशा निवासी राजेन्द्र नगर, जालोर ने आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि उन्होंने 3 जनवरी 2025 को जालोर से जोधपुर जाने तथा वापसी का टिकट ऑनलाइन बुक कराया था। लेकिन बस सेवा रद्द होने की जानकारी उन्हें पूर्व में नहीं दी गई, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पडा।

परिवादी के अनुसार, मजबूरी में उन्हें निजी बस से यात्रा करनी पडी, जिसमें अतिरिक्त खर्च हुआ। साथ ही बस देरी से पहुंचने के कारण वे समय पर बस स्टैंड नहीं पहुंच सके और वापसी टिकट भी बेकार हो गया। इस पूरी घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पडी। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि रोडवेज द्वारा सेवा में स्पष्ट लापरवाही बरती गई।

# बस व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में युवती की मौत

- जांघ से एक पैर टूटकर लटका, सिर फटने से मौके पर ही दम तोड़ा
- हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा

**बीकानेर,** (निसं)। यहा जयपुर रोड पर शनिवार को रासीसर के पास बस और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर में युवती की मौत हो गई। टक्कर में स्कूटी के परखच्चे उड़ और युवती शव बुरी तरह से कुचल गया। जांघ से एक पैर टूटकर लटक गया। वहीं सिर फटने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

पुलिस के अनुसार, बीकानेर की ओर जा रही एक बस और सामने से आ रही स्कूटी की भिड़ंत हो गई। टक्कर तेज होने के कारण स्कूटी सवार अंबेडकर सर्किल निवासी युवती कुसुम सैनी (17) गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर पहुंची नापासर थाना पुलिस ने स्कूटी से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

हादसे के दौरान मौके से गुजर रहे एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी के सेवादार आमिर कायमखानी ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाने में सहयोग किया। जयपुर रोड पर हाल के दिनों में लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले भी इसी मार्ग पर एक अन्य दुर्घटना में महिला की मौत हो चुकी है।

# सोता नदी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, रास्ते खुदवाकर किए बंद

**पावटा।** उपखंड प्रशासन द्वारा अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सोटा नदी क्षेत्र में बजरी खनन पर रोक लगाने के लिए उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान में विकास अधिकारी, माइनिंग विभाग की टीम तथा प्रागपुरा थाना अधिकारी भजनाराम (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता मौके पर मौजूद रहा। टीम ने सोता नदी में तन नर्सरी के आसपास स्थित भूरी भडाज इलाके में अवैध बजरी खनन की संभावनाओं को देखते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से रास्तों को खुदवाकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया, ताकि खनन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कार्रवाई के दौरान मौके पर किसी प्रकार का अवैध खनन कार्य, मशीनरी या व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सादर प्रेषित कर दी गई है।

# कूनो से निकल राजस्थान पहुंचे केपी-2 चीते की वापसी

- कोटा इलाके के जंगल में घूम रहे चीता केपी-2 को वन विभाग ने ट्रैंकुलाइज कर फिर से कूनो नेशनल पार्क भेज दिया

**कोटा,** (निसं)। कूनो नेशनल पार्क से निकला चीता केपी-2 राजस्थान में 55 दिनों तक घूमने के बाद वापस लौट गया है। वह पहले 45 दिन बारां जिले में रहा फिर पिछले 10 दिनों से कोटा जिले में घूम रहा था। निवासी क्षेत्र में प्रवेश करने से खतरा बढ़ गया जिसके बाद कूनो सेंचुरी के अधिकारियों ने उसे वापस ले जाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को ट्रैंकुलाइज कर स्वास्थ्य जांच के बाद उसे कूनो रिजर्व में छोड़ दिया गया।

कोटा में वन विभाग के उपवन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि चीता चंबल नदी के किनारे रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व और चंबल घड़ियाल सेंचुरी के नजदीक बना हुआ था। ऐसे में उसे निमोदा उजाड़ गांव से शुक्रवार को रेस्क्यू करने का प्लान बनाया गया। चीता को ट्रैक कर रही मॉनिटरिंग टीम की सूचना पर स्टाफ को एक्जैक्ट लोकेशन मिल गई थी। सभी अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद चीते को प्रोटोकॉल के तहत ट्रैंकुलाइज किया गया। इसके बाद उसकी स्वास्थ्य जांच की गई और बाद में उसे श्योपुर ले जाया गया। इस दौरान रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के डीसीएफ अरुण कुमार, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के डीसीएफ मुथु सोमासुंदरम और पुणे नेशनल पार्क के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। केपी-2 चीता अफ्रीका से लाई गई आशा की संतान है। उसका भाई केपी-3 भी बारां जिले के मांगरोल क्षेत्र में घूम रहा है।

चीता केपी-2 चंबल और कालीसिंध नदी के दोनों किनारों के बीच दौड़ लगा रहा था। गेहूं के खेतों से लेकर गांव की सीमा के बाहर तक उसकी मूवमेंट थी। यहां तक कि वह पीपल्दा समेल गांव में भी पहुंच गया था। लगातार उसकी मूवमेंट बढ़ रही थी। यह चीता 19 मार्च को कोटा जिले की सीमा में प्रवेश कर गया था। इसके बाद उसकी लोकेशन पहले आयाना क्षेत्र में आई, बाद में इटावा और चंबल के किनारे वह पीपल्दा समेल और सांगाहेड़ी के नजदीक पहुंच गया था। वह कभी कालीसिंध नदी के नजदीक जाता तो कभी चंबल के नजदीक पहुंच जाता था। वह दिन में करीब 30 से 40 किलोमीटर तक दौड़ लगा रहा था। उसने गुरुवार को एक बकरी का शिकार भी किया था।

# सरकारी निर्देश व गाइडलाइन कानूनी प्रावधान से ऊपर नहीं : हाईकोर्ट

## नीट (पीजी) 2025/एमडी कोर्स में एडमिशन का मामला

- एडमिशन के एक माह के भीतर सर्टिफिकेट जमा करना आवश्यक

**जोधपुर,** (कासं)। नीट (पीजी) 2025/एमडी कोर्स में एडमिशन के मामले को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थाना हाईकोर्ट की जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी ने एक अहम आदेश देते हुए कहा कि सरकारी निर्देश, गाइडलाइन अथवा सूचना बुलेटिन कानूनी प्रावधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि विरोधाभास होने की स्थिति में कानूनी प्रावधान ही मान्य होंगे। याचिका का निस्तारण करते हुए कोर्ट ने नीट पीजी 2025 एमडी कोर्स में एडमिशन देने से मना कर देने के आदेश को विधिविरुद्ध, मनमाना व अनुचित ठहराया और याचिकाकर्ता को डॉ संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर में एमडी (एनेस्थीसिओलॉजी) कोर्स के लिए सात दिन के भीतर प्रवेश देने के आदेश दिए।

याचिकाकर्ता डॉ. परणिका शर्मा की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने रिट याचिका पेश कर बताया कि याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ राज्य से एमबीबीएस कोर्स वर्ष 2023 में पूर्ण करने के बाद छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल रायपुर में अपना प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन करवा लिया और एक वर्षीय इंटर्नशिप भी पूर्ण कर ली। परमानेंट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने से पहले सम्बंधित छात्र को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के प्रावधानों अनुसार दो साल की संविदा राजकीय सेवा करनी आवश्यक होती हैं, तभी परमानेंट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। याचिकाकर्ता ने उच्च अध्ययन के लिए नीट पीजी-2025 में भाग लिया और अच्छी रैंक प्राप्त की। तत्पश्चात एडमिशन काउंसलिंग के अंतिम राउंड में उसे 23 फरवरी 2026 को एमडी (एनेस्थीसिओलॉजी) कोर्स के लिए डॉ संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर आवंटित किया गया। ज्वॉइन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 निर्धारित की गई। ऐसे में उसने बिना विलम्ब के छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के नियमानुसार निर्धारित अंडरटेकिंग इत्यादि पेश कर देने पर उसे अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया और परमानेंट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के लिए प्रोसेस भी शुरू कर दिया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान केंद्र एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह आयोजित



राज्यपाल बागड़े ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया।

■ विद्यार्थी ज्ञान परम्परा से जुड़कर देश को गौरवान्वित करें-राज्यपाल

**सीकर,** (निसं)। राज्यपाल हरि भाऊबागडे ने कहा कि विद्यार्थी प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा जुड़कर नालंदा एवं तक्षिशला जैसे विश्वविद्यालयों की तरह भारत का विश्वभर में गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम अवसर हमारे विश्वविद्यालय हैं। नई शिक्षा नीति के आलोक में उन्हें सभी मिलकर उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करें।

राज्यपाल बागडे शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ गरीबी को शिक्षा के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों का स्मरण करते हुए कहा कि हीरालाल शास्त्री, स्वामी केशवानंद एवं सावित्री भाटी जैसे व्यक्तियों ने राजस्थान में शिक्षा को एक विशिष्ट स्थान दिलाया।

राज्यपाल ने कहा कि राजस्थान वीरों और वीरांगनाओं की पावन धरती है। यहीं से भारतीय सेना में सबसे अधिक जवान भर्ती होते हैं। शेखावाटी की यह धरती ऐतिहासिक रूप से देश की आर्थिक रीढ़ रही है। यहां के व्यापारियों ने देश के उद्योग-व्यापार जगत को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बजाज, बिरला, अग्रवाल, मोदी समेत अनेक प्रमुख औद्योगिक घरानों की नींव इसी भूमि से जुड़ी है।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि देश की आजादी से पूर्व घनश्याम दास बिड़ला ने महात्मा गांधी के साथ मिलकर देश में उद्योगों को प्रारंभिक रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। राज्यपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए कहा कि वे व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में एक संस्था और एक महान चिंतक थे। उनके द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद राष्ट्र को दी गई अनूठी विरासत है। उनका मूल विचार था कि व्यक्ति से बड़ा समाज है।

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से कहा कि यह समारोह शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा का उपयोग आमजन और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए करें। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में यूपीएससी और आरपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्राओं की सफलता दर लगातार बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ शारीरिक क्षमता का भी विकास आवश्यक है। प्राचीन भारत की गुरुकुल पद्धित की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि गुरुकुल में कला, इंजीनियरिंग, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों सहित सर्वांगीण शिक्षा प्रदान की जाती थी।

राज्यपाल ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहनशीलता अत्यंत जरूरी है। व्यक्ति तभी सफलता की ऊंचाइयों को छू पाता है। उन्होंने राजस्थान को कौशल की खान बताते हुए रणकपुर जैन मंदिर का उदाहरण दिया।

# 33 लाख रुपए कीमत का अवैध डोडा-पोस्त पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं) । भोजासर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाकाबन्दी के दौरान एक बोलेरो पिकअप से 221.725 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया है। बरामद डोडा-पोस्त की बाजार कीमत 33 लाख रुपए आंकी गई है।

फलोदी एसपी सतनाम सिंह ने बताया कि पुलिस थाना भोजासर पुलिस टीम द्वारा फलोदी-नागौर रोड पर छितरबेरा तिराहे पर नाकाबन्दी की गई थी। इस दौरान चैनपुरा की तरफ से एक बोलेरो पिकअप आती दिखाई दी। उक्त वाहन चालक पुलिस की नाकाबन्दी को देखकर वाहन को फलोदी की तरफ तेजी से भगाने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो आरोपी चालक वाहन को रोड के साइड में खड़ा कर अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस टीम ने उक्त वाहन की तलाशी ली तो वाहन से कुल 11 कट्टों में 221 किलो 725 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पिकअप को जब्त कर लिया। अज्ञात चालक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश जारी है।

# भरतपुर में दुकान का ताला तोड़ 5 लाख रूपये की चोरी

■ चोर दुकान का ताला तोड़कर अलमारी उठा ले गए और उसमें रखे करीब 5 लाख रूपये चोरी कर फरार हो गए

**भरतपुर** (निस)। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नई अनाज मंडी में चोरों ने एक कमीशन एजेंट की दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का ताला तोड़कर अलमारी उठा ले गए और उसमें रखे करीब 5 लाख रूपये चोरी कर फरार हो गए। बाद में खाली अलमारी को नहर में फेंक दिया गया। घटना के बाद व्यापारियों में रोष है और पुलिस जांच में जुटी हुई है। एएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि जानकारी मिली कि नई अनाज मंडी में चोरों ने कमीशन एजेंट सहदेव की दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी ही उठाकर ले गए।

मौके पर मय जाप्ते के घटना स्थल पर पहुंचा जहां देखा कि अलमारी में रखे करीब 5 लाख रुपये चोरी कर ले गए। घटना का पता पीड़ित को तब लगा जब आसपास के दुकानदारों ने सहदेव को सूचना दी कि उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और अंदर देखा तो अलमारी गायब मिली।

इसके बाद तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित सहदेव ने बताया कि वह एक दिन पहले ही बैंक से 12 लाख रूपये निकालकर लाया था, क्योंकि किसानों को भुगतान करना था। उसमें से 7 लाख रूपये रुपये किसानों को दे दिए गए थे, जबकि बाकी 5 लाख रुपये दुकान में अलमारी में रखे हुए थे। वही चोर अलमारी को दुकान से उठाकर ले गए, उसमें से नकदी निकाल ली और बाद में अलमारी को नहर में फेंककर फरार हो गए।

घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है इस घटना के बाद नई अनाज मंडी के व्यापारियों में भारी रोष है। व्यापारियों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा।

# लापता पति को ढूंढने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर

## एसआईटी बनाने पर बनी सहमति

■ आत्महत्या की दी धमकी

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के गोगुंदा इलाके में शनिवार सुबह उस वक्त हडकंप मच गया जब एक महिला 43 दिनों से अपने लापता पति को ढूंढने की मांग को लेकर निर्माणाधीन पानी की टंकी पर चढ गई। करीब 6 घंटे बाद दोपहर करीब 1.30 बजे महिला को समझाइश कर नीचे उतारा जा सका।

कुंडाऊ गांव की रहने वाली कमला बाई का आरोप है कि उसका पति तुलसीराम गमेती पिछले 43 दिनों से गायब है, लेकिन पुलिस उसे ढूंढने में नाकाम रही है। कमला सुबह करीब 7.30 बजे गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ी और वहां से चिल्लाने लगी कि कोई मेरे पति को नहीं ढूंढ पा रहा। जब तक पुलिस उसके पति के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं देती वह नीचे नहीं उतरेगी। अब इस केस में पुलिस की अलग से स्पेशल टीम बनाई जाएगी जो इसकी जांच करेगी। महिला ने सुसाइड की धमकी भी दी जिससे मौके पर मौजूद लोगों के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी एक बार तो टेंशन में आ गए।

करीब 5 घंटों तक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी नीचे खडे होकर महिला और नीचे खडे लोगों से समझाइश करते रहे। मौके पर सैकडों की संख्या में ग्रामीण और आदिवासी समाज के लोग जमा थे। दोपहर बाद जब महिला को इस केस में अलग से एसआईटी बनाने का आश्वासन मिला तो परिवार और अधिकारियों के कहने पर नीचे उतरने पर सहमत हुई।

# अवैध गांजा व बाइक जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। डबोक थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान दो अलग अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, एमडीएम व बाइक बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस आशिमा वासवानी के सुपरविजन में डबोक थाना पुलिस ने ऑपरेश त्रिनेत्र अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए गत दिनों रतनलाल पुत्र खेमा निवासी नउवा पाचोरीया डबोक के मकान से 4 किलों 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया था। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी तरह दूसरी कार्यवाही में नाकाबंदी के दोरान गजेन्द्रसिंह पुत्र रोशनसिंह निवासी भाटीयों का कुआ महाराज की खेड़ी डबोक निवासी के कब्जे से 05.95 ग्राम एमडी व एक बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

# एमएसपी पर खरीद नहीं होने व गैस कीमतों को लेकर किसानों में आक्रोश

**डीग भरतपुर** (निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में डीग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की कूटनीतियो और घरेलू गैस की कमी तथा किसानों की उपज को उेच पर नहीं खरीदने के विरोध में डीग कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल व्यापार जगत के प्रतिनिधियों फल सब्जी क्रय विक्रय सहकारी समिति के वार्षिक अधिवेशन में मिलने और इस अवसर पर व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से भी संपर्क किया भाजपा सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को उजागर करने तथा सरसों की उेच 6200 रुपए, गेहूं की उेच 2585, तथा चना की एमएसपी 5875 पर कोई खरीद नहीं की जा रही है तथा रजिस्ट्रेशन भी चालू नहीं हुए है।जिस से व्यापार जगत ओर किसानों में भारी असंतोष है राज्य सरकार को तुरन्त कार्यवाही कर के अपने केंद्रों पर उेच दरों पर खरीद करवानी चाहिए और किसानों को इस महंगाई की मार झेलने से बचाना चाहिए। घरेलू गैस और व्यावसायिक गैस की बढ़ी कीमतों को वापस लेकर सभी को समयबद्ध सप्लाई की व्यवस्था सुचारु करवानी चाहिए।पेंघोर चामड समिति, बेलारा और रारह का प्रतिनिधि मंडल इस अभियान में सक्रिय थे, भरतपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष दयानंद पचौरी व भरतपुर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष राजपूत सहभागी रहे। इस अवसर पर कामा से जुबेर खान,भरतपुर से व्यापार मंडल के अध्यक्ष रघुवीर सिंह टुंडा,प्रेम सिंह प्रजापत, दयानंद पचौरी, चंद्रकांत, रारह से रघुवीर सिंह पटवारी, रामवीर सिंह, प्रशांत सिंह, सिद्धू सिंह, हरिओम तथा पेंघोर से फतह सिंह, सुशील, धर्मवीर सिंह, कर्मवीर, धीरो ठेकेदार, बृजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह बेलारा, ज्वाला प्रसाद बरौली, हरस्वरूपी राम राना, पला से अनुराग, साबोरा से गजेंद्र सिंह इत्यादि सहभागी रहे।

# टायर फटने से गाड़ी दुर्घटनागस्त, दो की मौत

## घटना मतोड़ा थाना क्षेत्र में पड़ासला इलाके में भारतमाला एक्सप्रेस-वे की है

■ प्राथमिक उपचार के बाद तीसरा घायल शख्स कहां चला गया, इस बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर के पास फलोदी जिले में दोपहर करीब 12 बजे तेज रफ्तार थार गाड़ी टायर फटने से दुर्घटनागस्त हो गई। बेकाबू होकर थार डिवाइडर से टकरा गई। थार में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मतोड़ा थाना क्षेत्र में पड़ासला इलाके में भारतमाला एक्सप्रेस-वे की है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुजरात नंबर की थार गाड़ी भारतमाला एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार से दौड़ रही थी। अचानक गाड़ी का एक टायर फट गया। इसके कारण चालक गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा। असंतुलित होने के बाद थार हाईवे के बीच बने डिवाइडर की लोहे की रेलिंग से जा टकराई। डिवाइडर की दोनों तरफ की रेलिंग के बीच जाकर पलट गई।

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के दौरान गाड़ी में सवार दो युवक उछलकर बाहर जा गिरे। रेलिंग से टकराने के कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गाड़ी में सवार तीसरा युवक थार के अंदर ही फंसा रह गया, जिसकी वजह से वह सुरक्षित बच गया। हालांकि, उसे भी कुछ चोटें आई हैं। हादसे के बाद गुजर रहे अन्य वाहन चालकों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की। उन्होंने गाड़ी में फंसे घायल युवक को बाहर निकाला और उसे ओसियां के सरकारी अस्पताल भेजा। उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना मिलने के बाद भारतमाला एक्सप्रेसवे की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। दोनों मृतकों के शवों को ओसियां अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीसरा घायल शख्स कहां चला गया, इस बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटनास्थल ओसियां और पड़ासला के बीच है, जो मतोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

# 106 बोतल अंग्रेजी शराब, 20 बोतल बीयर व देशी शराब जब्त

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने लोकल व स्पेशल अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को विभिन्न अंग्रेजी ब्राण्डों की 106 बोतल के साथ किया गिरफ्तार हैं। थानाधिकारी पल्लवी गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में खेड़की मुक्कड़ देवनारायण चाय की थड़ी पर आरोपी राजेन्द्र (49) पुत्र प्रहलाद यादव निवासी चुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 106 बोतल विभिन्न ब्राण्ड अंग्रेजी शराब जप्त की। इसी प्रकार पनियाला थाना पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर खेड़की मुक्कड़ जस्ट देशी होटल के पास दबिश दी। जिसमें आरोपी झाड़ियां व अंधेरे का फायदा उठाकर मौके पर अवैध 20 बोतल बीयर, 38 पव्वे देशी शराब छोड़कर फरार हो गया। मौके से अवैध शराब को जप्त कर प्रकरण दर्ज करते हुये आरोपी की सघनता से तलाश शुरू कर दी।

# आरोपी महिला को तीन वर्षों का कठोर कारावास

## सत्रह साल पहले थाने के क्वार्टर में मिले थे मादक पदार्थ

■ 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा

■ पुलिस कांस्टेबल की पत्नी सरिता से 70 ग्राम अफीम, 10 ग्राम स्मैक और 1.53 लाख रुपए नकद बरामद किए थे

**जोधपुर,** (कासं) । एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 17 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं स्मैक के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी महिला को तीन वर्षों का कठोर कारावास और 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर गोविन्द जोशी ने बताया कि 21 मई 2009 को पुलिस थाना महामंदिर के तत्कालीन थानाधिकारी ओमप्रकाश गौतम ने थाना परिसर में आवासीय क्वार्टर में से पुलिस कांस्टेबल की पत्नी सरिता से 70 ग्राम अफीम, 10 ग्राम स्मैक और 1.53 लाख रुपए नकद बरामद किए थे। थाने का यह क्वार्टर पुलिस कांस्टेबल भजनलाल के नाम से आवंटित था। पुलिस ने अनुसंधान के बाद आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक गोविन्द जोशी ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उतरोतर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों से युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से यह अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की वजह से आरोपियों को कठोरतम सजा देने की मांग की जबकि आरोपियों ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत कुल 21 गवाह, 76 दस्तावेजी साक्ष्य और 7 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त खारा, फलोदी निवासी सरिता पत्नी भजनलाल विश्नोई को अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं स्मैक रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए तीन वर्षों का कठोर कारावास व 30 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

# इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान दस हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी रविनद्रसिंह चारण के नेतृत्व में गठित दल ने दस हजार रूपये इनामी बदमाश सुरेश पुत्र खेताराम निवासी भुतिया कुराबड़ को गिरफ्तार किया।

# युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** (कासं)। घासा थाना क्षैत्र में युवक ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घासा थाना क्षैत्र रख्यावल गांव चरणोत जमीन में बबूल के पेड़ पर रख्यावल निवासी पवन जोशी (30) पुत्र नाथूलाल जोशी ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

# भारतमाला एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से थार पलटी

## गुजरात के दो लोगों की मौत, एक गंभीर घायल

■ सभी सवार गुजरात के मेहसाणा निवासी बताए जा रहे हैं। बीकानेर से जोधपुर जा रहे अधिवक्ताओं ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया

**बीकानेर** (निसं.)। भारतमाला एक्सप्रेसवे पर टायर फटने से बेकाबू थार गाड़ी डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी सवार गुजरात के मेहसाणा निवासी बताए जा रहे हैं। बीकानेर से जोधपुर जा रहे अधिवक्ताओं ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया।

भाजपा नेता और सीनियर एडवोकेट अशोक प्रजापत ने बताया- सीनियर एडवोकेट कमल नारायण पुरोहित का बार काउंसिल ऑफ राजस्थान का पर्चा दाखिल करने के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान हादसा हो गया। थार गाड़ी का टायर अचानक फट गया। गाड़ी बेकाबू होने के बाद डिवाइडर से टकराने के बाद पलट हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

एडवोकेट अशोक प्रजापत, साजिद मकसूद, भवानी सिंह, अख्तर हुसैन गौरी और राजेंद्र भास्कर सहित अन्य ने घायलों और मृतकों को एंबुलेंस की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाले दोनों व्यक्ति और घायल, सभी गुजरात के मेहसाणा जिले के निवासी हैं।

# 30 लाख गबन में कर्मचारी व संविदाकर्मी गिरफ्तार

**लालसोट।** मंडावरी स्थित एसबीआई बैंक शाखा में 30 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक के एक कर्मचारी और एक संविदाकर्मी को गिरफ्तार किया है। मामला सामने आने के बाद बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और निगरानी पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित गिर्राज प्रसाद ने 25 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज कराई कि उसके बैंक खाते से बिना जानकारी के लाखों रुपये निकाल लिए गए। जांच में सामने आया कि 13 नवंबर 2025 को 23 लाख रुपये और 26 नवंबर 2025 को 7 लाख रुपये फर्जी तरीके से ट्रांसफर किए गए।

जांच के दौरान खुलासा हुआ कि बैंक के वरिष्ठ सहयोगी विनोद कुमार मीना ने अपने परिचित के खाते में राशि ट्रांसफर कराई, जबकि संविदाकर्मी विरेंद्र कुमार शर्मा ने इस पूरे मामले में सहयोग किया। दोनों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से इस गबन को अंजाम दिया।

# जमीन बेचान के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 10000 का था ईनाम घोषित

**कोटा,** (निसं)। जमीन बेचान के नाम पर दो परिवादियों से लाखों रूपये लेने एवं बाद में जमीन नाम नही कराकर धोखाधड़ी कर लाखों रूपये हड़पने के दर्ज मामले में बोरखेड़ा पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे 10000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ हेतु संपूर्ण शहर में अभियान संचालित है जिसमे बोरखेड़ा थाने पर परिवादीयों के साथ जमीन बेचने के नाम पर पैसे लेने व बाद में जमीन नाम नही करवाकर लाखो रुपये हड़पने व धोखाधड़ी करने के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए फरार 10000 के ईनामी आरोपी अखिलेश नागर निवासी ग्राम धतुरिया अंता थाना अंता जिला बांरा हाल प्रताप नगर केरियर रेजीडेन्सी थाना दादाबाडी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं, पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**यह था मामला:** शहर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परिवादी लक्ष्मीनारायण ने थाने में रिपोर्ट दी रिपोर्ट में कहा कि आरोपी श्याम बिहारी नागर व अखिलेश नागर ने आपस में एक राय कर षडयंत्र रचा और परिवादी की करोड़ों की भूमि को बिना रूपांतरित व अनुमोदित कराये परिवादी को गुमराह करते हुए बेईमानी पूर्वक विभिन्न भूखण्डों का सदोष अपने आपको लाभ पहुंचाने के लिए उनका बेचान विभिन्न व्यक्ति को कर दिया और पतिफल प्राप्त करके हड़प लिया, परिवादी को मात्र 10,00,000/- रूपये अक्षरे दस लाख रूपये की रकम अदा की और सारी भूमि बेचान की राशि स्वयं ने हड़प ली। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर किया गया। शहर एसपी ने बताया कि वहीं एक ओर परिवादी छीतरलाल ने लिखित रिपोर्ट पेश की थी।

# नांदला-भवानीखेड़ा मार्ग पर खेत में अचानक आग लगी

**नसीराबाद,** (निसं)। नांदला गांव से भवानीखेड़ा के मध्य पानी की टंकी के पास शनिवार को अचानक खेत में आग लग गई। आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत सूचना प्रशासन व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। घटना के बाद आसपास के किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ है। प्रशासन द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# माइंस हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)।शहर के सुखेर थाना क्षैत्र भुवाणा स्थित मार्बल माईन्स में हुए हादसे में श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुखेर थाना क्षैत्र भुवाणा स्थित स्लोडिएल मार्बल माईन्स में स्लेब हटाते समय निचे दबने से रामकेश गुर्जर (37) पुत्र नानगराम गुर्जर निवासी नान्दोली करोली की मौत हो गई।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भैरव धाम पहुंचे

**अजमेर।** श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर चल रहे चैत्र नवरात्रा मेला महोत्सव के समापन समारोह में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला नवमी रात्रि से ही हो गया । बाबा भैरव व माँ कालिका के जयघोष के साथ मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज द्वारा मनोकामना पूर्ण स्तम्भ की पूजा-अर्चना कर बाबा भैरव व माँ कालिका की आरती की गई।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि समापन समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजगढ़ भैरवधाम पहुंचकर बाबा भैरवनाथ, मां कालिका के दर्शन कर मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की परिक्रमा करने के पश्चात चम्पालाल महाराज से आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी की ओर से रमेशचन्द सेन ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को साफा व माला पहनाकर तथा बुलबुल, भव्य व वेदांश ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। देवनानी ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं राजगढ़ धाम पर सन् 2003 से जुड़ा हुआ हूं और जब भी बाबा भैरवनाथ का बुलावा आता है मैं धाम पर चला आता हूँ। व्यवस्तता के कारण नवरात्रा में मैं नहीं आ सका इसलिए समापन समारोह में आशीर्वाद लेने आया हूँ। धाम की विशेषता है कि जो भी श्रद्धालु सच्ची श्रद्धा व विश्वास के साथ यहां आता है बाबा उसके सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। चम्पालाल महाराज द्वारा नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रक्तदान, गौ रक्षा, जल स्वावलंबन आदि कई सामाजिक सारोकार के कार्य भैरव धाम पर कर रहे हैं जो कि सराहनीय कार्य है। समापन के पश्चात धाम पर आये हुए सभी श्रद्धालुओ को बाबा भैरव ने अपने कर कमलो से सभी को दशम तक चली अखण्ड ज्योति की विशेष रामबाण ओषधी रूपी चिमटी (भभूत) का वितरण किया गया। धाम पर यह अखण्ड ज्योति निरन्तर 24 घण्टे लगातार 9 दिनो तक प्रज्जवलित रही। इस अखण्ड ज्योति की विशेषता यह है कि जिस पात्र में इसको प्रज्जवलित किया जाता है उसमे हजारो नारियल की संख्या में नारियल की चिटक, कई पीपे तेल के व धूप हवन सामग्री ड़ालने पर भी यह पात्र कभी भरता नही है।

# उदयपुर में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

## समझाइश के बाद आपसी सहमती से पुलिस की मौजूदगी में मृतक का हुआ अंतिम संस्कार

■ चार थानों की पुलिस ने ग्रामीणों को किया नियंत्रित

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम सडक हादसे में एक युवक की मौत के बाद शनिवार को ग्रामीण आक्रोशित हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की, विवाद बढ ता देख पुलिस ने एंबुलेंस समेत ग्रामीणों को रोक दिया।

जानकारी के अनुसार भटेवर.नवानिया रोड पर शुक्रवार देर शाम एक बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर.ट्रॉली से जा टकराई जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिवार और ग्रामीण शव को ट्रैक्टर मालिक के घर ले जाने लगे। पुलिस ने रोका तो प्रदर्शन करने लगे। जब पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को जाने के लिए कहा तो उनके साथ बहस हुई।तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर 4 थानों की पुलिस तैनात की गई।

वल्लभनगर थाने के एएसआई रमेश जाट ने बताया नेशनल हाईवे-48 से नवानिया रोड पर शुक्रवार रात तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर हाईवे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर.ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।इलाज के दौरान नवानिया निवासी रूद्र नागदा (20) पुत्र अमरा नागदा ने दम तोड दिया। वहीं तरुण सुथार (23) पुत्र किशनलाल सुथार और शिवलाल गुर्जर (30) पुत्र पन्नालाल गुर्जर का उदयपुर के निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

पुलिस ने शनिवार को परिजनों की रिपोर्ट पर वल्लभनगर सेटेलाइट अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम करवाया । इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार करने के लिए गांव रवाना हुए। इसी दौरान रास्ते में ग्रामीण उग्र हो गए। वे शव को ट्रैक्टर मालिक के घर ले जाने के लिए अड गए।इसके बाद पुलिस ने एंबुलेंस को रोक दिया। ग्रामीण मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए के मुआवजे की मांग कर रहे थे । घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा वल्लभनगर, खेरोदा, मावली, फतहनगर और भींडर से भी अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया।बाइक सवार तीनों युवक आपस में दोस्त थे। इनमें से 2 युवक बाहर नौकरी के लिए जा रहे थे जबकि एक उन्हें छोडने जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। नागदा हैदराबाद की टायर कंपनी में काम करता था।

# समय सीमा में पूरी हों परियोजनाएं, गुणवत्ता से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

## 4258 करोड़ रुपये की 8 परियोजनाओं तथा 2 योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए

-कार्यालय संवादाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की तीसरी बैठक हुई, जिसमें प्रदेश की प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी हों और उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में करीब 4258 करोड़ रुपये की लागत वाली 7 विभागों की आठ परियोजनाओं एवं दो योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर्स और विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में 'राज उन्नति' की तीसरी बैठक हुई।

- "पंच गौरव" कार्यक्रम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट, स्थानीय उत्पाद हर जिले की आर्थिक समृद्धि के आधार : भजनलाल शर्मा
- जयपुर की द्रव्यवती नदी को अपशिष्ट मुक्त बनाने की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश
- आमजन की हर छोटी समस्या का हो समाधान, संपर्क पोर्टल पर नियमित मॉनिटरिंग करें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों की सुविधा समय पर उपलब्ध हो। साथ ही ग्राम सेवा सहकारी समितियों में निर्माणाधीन गोदामों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कर उनकी क्षमता का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। निर्माण कार्यों में थर्ड पार्टी निरीक्षण अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में ब्रह्मगुप्त सेंटर ऑफ फ्रंटियर टेक्नोलॉजीज के तहत ब्लॉकचेन, साइबर सिक्योरिटी, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग के उत्कृष्ट केंद्रों की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने इनके लिए स्पष्ट टाइमलाइन तय कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने द्रव्यवती नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से जोड़ा जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।मुख्यमंत्री ने पंच गौरव कार्यक्रम को राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट बताते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को प्रोसेसिंग यूनिट से जोड़ने और पर्यटन स्थलों के साथ समन्वय कर रोजगार के नए अवसर सृजित करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने करतारपुरा अंडरपास, दूदू-सांभर-भाटीपुरा सड़क निर्माण और नागौर में ग्रीनफील्ड सीमेंट प्लांट जैसी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तेजी लाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की छोटी से छोटी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। 181 कॉल सेंटर और संपर्क पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के दौरान जोधपुर और झुंझुनूं के परिवादियों ने अपनी समस्याओं के समाधान पर संतोष जताया।बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# जर्जर स्कूलों को हाईकोर्ट ने दिखाई न्याय की रोशनी

# एक जुलाई से जर्जर भवनों में नहीं चलेंगे सरकारी स्कूल

## राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जवाब पेश करते हुए आश्वासन दिया गया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए शनिवार को नई रोशनी दिखाई। राज्य सरकार ने एक जुलाई से जर्जर भवनों में स्कूल नहीं चलने देने का भरोसा दिलाया, वहीं न्यायाधीशों ने एक दिन का वेतन देने, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास ने डेढ़ लाख एवं शिक्षा से जुड़े अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

- न्यायाधीशों ने एक दिन का वेतन देने, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास ने डेढ़ लाख तथा शिक्षा से जुड़े अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने 50 हजार रुपए देने की घोषणा की

जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल और न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद दर्ज स्वप्रेरित प्रसंज्ञान याचिकाओं सहित अन्य जनहित याचिकाओं पर शनिवार को सुनवाई की।

इस दौरान कोर्ट ने सुझाव दिया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी भी इस अभियान में सहयोग दें। राज्य सरकार की ओर से बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्य व जिला स्तर पर बनाई गई कमेटियां स्कूलों का निरीक्षण करेंगी। निजी स्कूलों से भी सुरक्षा ऑडिट प्रमाण पत्र लिया जाएगा। सरकार अगले पांच साल में 12 हजार 335 करोड़ रुपए खर्च कर जर्जर स्कूलों का पुनर्निर्माण और बिजली सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि केन्द्र सरकार से 409 करोड़ रुपए पहले ही मंजूर हो चुके हैं। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति या संस्था किसी स्कूल को गोद लेकर मरम्मत कराना चाहे तो उसका नाम स्थायी रूप से भवन पर अंकित किया जाएगा।

वहीं स्कूलों की मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय कमेटी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनाई जाएगी, जिसमें वित्त सचिव, समग्र शिक्षा अभियान के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, एमएनआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष, यूनिसेफ प्रतिनिधि, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष दीपक कालरा, दो एनजीओ प्रतिनिधि और स्कूल एसोसिएशन प्रतिनिधि शामिल होंगे।

इसी तरह जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी बनाई है, जिसमें पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन, समग्र शिक्षा अभियान प्रतिनिधि और असिस्टेंट इंजीनियर सदस्य होंगे। खंडपीठ अब इस मामले में अगली सुनवाई 11 मई को करेगी।

# राजस्थान में 6000 मेगावाट आवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली प्रोजेक्ट पर चर्चा

## बीईएसएस परियोजनाएँ राज्य में सितम्बर माह तक स्थापित की जाए : ऊर्जा मंत्री

**जयपुर।** राज्य में स्थापित हो रही 6000 मेगावाट आवर की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए शनिवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में विद्युत भवन जयपुर में उच्च स्तरीय बैठक हुई।



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा-निर्देशन में प्रदेश को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। बैठक के दौरान विभिन्न बी.ई.एस.एस. परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। परियोजनाओं की समय-सीमा, भूमि उपलब्धता, ग्रिड कनेक्टिविटी, वित्तीय समापन तथा आवश्यक स्वीकृतियों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण, ग्रिड स्थिरता एवं विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने सभी डेवलपर्स को बीईएसएस परियोजनाएँ आगामी रबी सीजन से पूर्व सितम्बर 2026 तक स्थापित करने के सख्त निर्देश दिए। निर्धारित समय से पूर्व स्थापित परियोजनाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

बीईएसएस परियोजना डेवलपर्स द्वारा प्रस्तुत विभिन्न चुनौतियों पर ऊर्जा मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक समन्वय एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होने ऊर्जा विभाग के सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से बीईएसएस परियोजनाएं पूर्ण करवाने का हरसंभव प्रयत्न करने के दिशा निर्देश दिए।

शासन सचिव, ऊर्जा आरती डोगरा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वायबिलिटी गेप फंडिंग (वीजीएफ) के तहत बीईएसएस परियोजना स्थापित करने के लिए दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए चरणबद्ध तरीके से टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी निविदाएं आमंत्रित करते हुए कार्यादेश जारी किये गये। इनमें स्टेट कम्पोनेन्ट के तहत 1000 मेगावाट-ऑवर (2 ऑवर 2 साइकल), सैन्ट्रल कम्पोनेन्ट के तहत 1000 मेगावाट-ऑवर (2 ऑवर 2 साइकल) एवं पीएसडीएफ स्कीम के अन्तर्गत 2000 मेगावाट-ऑवर (2 ऑवर 2 साइकल), 2000 मेगावाट-ऑवर (4 ऑवर 1 साइकल) के कार्यादेश जारी किये गये, जिसमें कि राजस्थान को तत्समय देश में न्यूनतम दर 1.77 लाख से 2.85 लाख प्रति मेगावाट प्रति माह प्राप्त हुई। इन परियोजनाओं के स्थापित होने पर ग्रिड स्टेबिलिटी के साथ-साथ राज्य को पीक डिमांड के समय सस्ती बिजली भी उपलब्ध होगी। उन्होने सभी बीईएसएस डेवलपर्स को निर्देशित किया गया कि वे समन्वित प्रयासों के माध्यम से परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, जिससे राज्य की ऊर्जा अवसंरचना को सुदृढ़ किया जा सके।

समीक्षा बैठक में ऊर्जा सलाहकार नवीन अरोडा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरआरईसी रोहित गुप्ता, प्रबंध निदेशक ऊर्जा विकास निगम ओम प्रकाश कसेरा, संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग सौरभ स्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक उत्पादन निगम देवेन्द्र श्रृंगी, विद्युत निगमों के निदेशक, वरिष्ठ अधिकारी एवं चयनित बीईएसएस डवलपर्स उपस्थित रहे।

# सोने की चूडी लूटने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जवाहर नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में बैठाकर महिला के हाथ से सोने की चूडी लूटने वाले गुजराती गैंग के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई सोने की चूड़ी और वारदात में प्रयुक्त ऑटो भी जब्त कर लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में बैठाकर महिला के हाथ से सोने की चूड़ी लूटने वाले गुजराती गैंग शातिर बदमाश सोलंकी क्रिश दिनेश निवासी भावनगर गुजरात हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसके कब्जे से लूटी गई सोने की चूडी बरामद कर ली है तथा वारदात में प्रयुक्त ऑटो को भी जब्त किया गया है।

# कांग्रेस राष्ट्रहित के खिलाफ काम कर रही, गहलोत 'पुत्र मोह' से ग्रसित : मदन राठौड़

## कांग्रेस 'अभाव' की बातें करके देश में अव्यवस्था और भ्रम फैलाना चाहती है : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संकट के समय सभी को राष्ट्र के साथ खड़ा होना चाहिए। जबकि विपक्ष लगातार देश को गुमराह करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इससे उनके बयानों में राष्ट्रभक्ति का अभाव साफ झलकता है।

उन्होंने भाजपा पर राष्ट्रभक्ति थोपने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा



मदन राठौड़

कि 'दुश्मन देश' को दलाल कहने पर यदि कांग्रेस नेताओं को आपत्ति हो रही है, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। राठौड़ ने सवाल उठाया कि ऐसे शब्दों से आखिर किसे और क्यों तकलीफ हो रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस 'अभाव' की बातें करके देश में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रही है। यदि विपक्ष में सच्ची राष्ट्रभक्ति होती, तो वे आलोचना के बजाय सकारात्मक भूमिका निभाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए राठौड़ ने कहा कि देश को आज तक इतना मजबूत और प्रभावशाली नेतृत्व नहीं मिला। मोदी की वैश्विक स्तर पर मजबूत पकड़ के कारण भारत की साख बढ़ी है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर खुले है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत स्वयं 'पुत्र मोह' से ग्रसित हैं। गहलोत ने अपने पुत्र वैभव गहलोत को राजनीति में आगे बढ़ाने के लिए कई अवसर दिए, उन्हें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया और चुनाव भी लडवाए, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। राठाडै. ने कहा, खुद तो गुड खाएं और दूसरों को गुड़ छोड़ने की सलाह दें, यह उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पाने का आरोप लगाते हुए इसे उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बताया।

# पुष्य नक्षत्र पर भगवान गणपति का विशेष अभिषेक

**जयपुर ।** सनातन धर्म में 27 नक्षत्रों में सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शनिवार को शहरभर के गणेश मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। नक्षत्रों के राजा कहे जाने वाले इस शुभ योग में भक्तों ने प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और विघ्नों के नाश की कामना की।

मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान गणेश का 251 लीटर दूध, 21 किलो दही, 5 किलो घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल और गुलाब जल से भव्य पंचामृत अभिषेक किया गया। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि पहले गंगाजल से शुद्धिकरण कर गणपति सहस्त्रनाम के साथ अभिषेक किया गया और 1001 मोदक अर्पित कर विशेष श्रृंगार किया गया। नहर के गणेश मंदिर में रवि पुष्य योग के दौरान दूर्वा से अभिषेक के साथ गणपति अथर्वशीर्ष एवं अष्टोत्तर शतनामावली के मंत्रोच्चार किए गए। शाम को 251 दीपकों से भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित रक्षा सूत्र भी वितरित किए गए। परकोटा स्थित गणेश मंदिर (चांदपोल) में भगवान को 101 किलो दूध और पंचामृत से अभिषेक कर सिंदूरी चोला चढ़ाया गया। मावे के मोदक का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को हल्दी की गांठ और सुपारी प्रसाद स्वरूप वितरित की गई। पुष्य नक्षत्र के शुभ प्रभाव के चलते बाजारों में भी खासा उत्साह देखने



मोतीडूंगरी स्थित गणेशजी मंदिर में शनिवार को पुष्य नक्षत्र में भगवान का विशेष अभिषेक और पूजा-अर्चना की गई।

को मिला। लोगों ने सोना-चांदी, वाहन और अन्य वस्तुओं की खरीदारी को शुभ मानते हुए जमकर खरीदारी की। वहीं साधकों ने इस दिन मंत्र सिद्धि और विशेष साधनाओं का भी लाभ उठाया।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों के मरम्मत कार्य प्रारम्भ

**जयपुर ।** प्रदेश में शहरों की तर्ज पर ही ग्रामीण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं सड़क तंत्र के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर यूटिलिटी कार्यों से खराब हुई ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत कार्य शनिवार (28 मार्च) से प्रारम्भ कर दिए गए हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रथम दिन सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्रों में मरम्मत कार्य किए गए हैं।

आमजन को राहत प्रदान करते हुए बाड़मेर, जालोर, डीग, जैसलमेर, अलवर, डूंगरपुर, कोटपूतली, हनुमानगढ़, जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर इत्यादि जिलों में सिंचाई लाइनों व पेयजल लाइनों के कारण हुई रोड कटिंग की मरम्मत की गई है। इसकी प्रभावी निगरानी हेतु जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी अधिकारियों को निर्देषित किया गया है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर शहरी क्षेत्रों में भी यूटिलिटी लाइनों के कार्य से प्रभावित सड़कों को पुनः सुचारू एवं मोटरेबल स्थिति में लाने के लिए मरम्मत कार्य किए गए हैं। इसी को आगे बढ़ाते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुगम एवं सुलभ आवागमन मिलने के साथ ही सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

# पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की पीड़ा

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को बस्सी थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए।

इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस ओम प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) अजय सिंह, पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस कमिश्नर बस्सी विनय कुमार (आईपीएस) व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।

# प्रसव के लिए आरोपी महिला को 3 माह की अंतरिम जमानत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हनी ट्रैप में फंसाकर जबरन वसूली करने और नर्सिंगकर्मी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रही आरोपी महिला को प्रसव के लिए तीन माह की अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि आरोपी 26 जून, 2026 को संबंधित जेल अधीक्षक के समक्ष सरेंडर करे। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि आरोपी महिला अंतरिम जमानत के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध व गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होगी। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सारिका खानम की ओर से दायर द्वितीय जमानत याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ अलवर के अरावली विहार थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और वह गत 15 जुलाई से जेल में बंद है। याचिका में कहा गया कि वह करीब 34 सप्ताह की गर्भवती है और उसका महिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। वह जेल से बाहर अपनी संतान को जन्म देना चाहती है, जहां उसके रिश्तेदार नवजात की देखभाल कर लेंगे। ऐसे में उसे तीन माह की अंतरिम जमानत दी जाए। इसके बाद वह वापस जेल में समर्पण कर देगी। सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि जांच अधिकारी के जरिए याचिकाकर्ता की गर्भावस्था के तथ्य का सत्यापन किया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि नर्सिंगकर्मी रोहिताश के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए नर्सिंग ऑफिसर शिवचरण गुर्जर और सारिका खानम को गिरफ्तार किया था। दोनों पर आरोप है कि वे रोहिताश को बदनाम करने की धमकी देकर पैसे और प्लॉट की मांग कर रहे थे।

# आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिला

## हाऊसिंग बोर्ड ने इस योजना में अनुमानित लागत से कम राशि में फ्लैट बनाकर कीर्तिमान रचा था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान आवासन मण्डल की समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिला है । मण्डल की ओर से आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया।

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की मण्डल को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त होने से आमजन में मण्डल की प्रतिष्ठा फिर से कायम हुई है। उन्होंने स्कॉच गोल्ड अवार्ड मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मण्डल की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि समृद्धि आवासीय योजना में दो प्रकार के फ्लैट बनाये गए थे, जिसमें 960 वर्ग फ़ीट वाले फ्लैट की कीमत 33 लाख अनुमानित थी, जबकि 1100 वर्गफीट की कीमत 36 लाख अनुमानित थी, लेकिन मण्डल ने उसी उच्च गुणवत्ता के साथ प्रत्येक फ्लैट 960 वर्ग फ़ीट वाला 31 लाख में एवं 1100 वर्गफीट वाला 35 लाख में दिया है। उन्होंने बताया की हाल ही में राज्य सरकार



आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने यह अवार्ड शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण किया।

द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने समृद्धि अपार्टमेंट के 159 आवंटियों को आवंटन पत्र सौंपे थे ।डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने अपनी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि समृद्धि अपार्टमेंट परियोजना आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास प्रदान करने का सफल उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड अब पारंपरिक निर्माण से आगे बढ़कर तकनीकी नवाचार और नागरिक सुविधा केंद्रित परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है।

उल्लेखनीय है की इससे पूर्व विगत दो वर्षों में मण्डल को फाउन्टेन स्क्वायर पार्क एवं एक्सपॉजिशन ग्राउन्ड के लिए आईबीसी अवार्ड, मण्डल मुख्यालय को ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीईई की 5 स्टार रेटिंग का अवार्ड, मण्डल की माही योजना को नारोडको द्वारा अवार्ड तथा एसएस रेजीडेंसी को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट द्वारा अवार्ड मिल चुका है। इस अवसर पर मुख्य अभियन्ता अमित अग्रवाल, तेजवीर सिंह मीणा एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रदेश में ईंधन की किल्लत और स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर : जूली

**जयपुर (कासं)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश ईंधन की किल्लत और वेंटिलेटर पर खड़ी स्वास्थ्य सेवाओं से कराह रहा है, और सरकार अपनी कुंभकर्णी नींद में मदमस्त है। बेहतर होगा कि सरकार जुमलेबाजी छोड़कर उन जनहित की परियोजनाओं को बहाल करे, जिन्हें इन्होंने द्वेषवश ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

प्रदेश में गहराते एलपीजी और पेट्रोल संकट पर प्रहार करते हुए जूली ने कहा कि जब पूरा सिस्टम ध्वस्त हो चुका है, तब सरकार आग लगने पर कुआं खोदने का ढोंग कर रही है। राजस्थान में गैस सिलेंडर की सरेआम कालाबाजारी भाजपा के भ्रष्टाचार संरक्षण का जीता-जागता प्रमाण है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर तंज कसते हुए जूली ने कहा, "राजनीतिक नियुक्तियों में दरकिनार किए गए राठौड़ साहब अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बचाने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। इंतज़ारशास्त्र के खिलाफ उनकी अनर्गल टिप्पणी उनकी हताशा दर्शाती है।" जूली ने राजेंद्र राठौड़ द्वारा मेडिकल कॉलेजों के श्रेय लेने की कोशिशों को तथ्यों की हत्या करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने ही प्रतापगढ़, राजसमंद और जालोर जैसे उपेक्षित जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की न केवल घोषणा की, बल्कि बजट और जमीन का इंतजाम भी किया। यह भाजपा का जनता विरोधी चेहरा है कि सत्ता में आते ही उन्होंने इन जीवनदायी प्रोजेक्ट्स को सिर्फ इसलिए रोक दिया क्योंकि इन्हें कांग्रेस ने शुरू किया था।नेता प्रतिपक्ष ने सवाल दागा कि नवगठित 8 जिलों की स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार मौन व्रत क्यों धारण किए हुए है? इन जिलों में मेडिकल कॉलेज की घोषणा न करना भाजपा की प्रशासनिक विफलता और विजन के दिवालियेपन का सबूत है।



मैं किसी लापरवाही या कमिटमेंट की कमी के कारण नहीं, बल्कि चोट से उबरने की प्रक्रिया में हूं। - **मिशेल स्टार्क**

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज, अपनी चोट को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## गुरजंत सिंह



**हॉकी** वर्ल्ड कप से पहले भारत पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड गुरजंत सिंह ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया है। भारत के लिए 2017 में डेब्यू करने वाले 31 वर्षीय गुरजंत ने 130 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 33 गोल दागे हैं। पिछले साल जून में आखिरी बार भारत के लिए खेलने वाले गुरजंत ने दिल्ली में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों के दौरान अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया।मैंने यहां मौजूद दिग्गजों को देखकर हॉकी खेलना शुरू किया था और उनके साथ भारत के लिए खेलने का मेरा सपना पूरा हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकूंगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच कुल 11 मैचों में से मुंबई इंडियंस ने 9 बार जीत दर्ज की है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स सिर्फ 2 बार जीत सकी है।

# आरसीबी ने छह विकेट से हैदराबाद को हराया

## // विराट कोहली और देवदत्त पडिकल के अर्धशतक //

बेंगलुरु, 28 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शनिवार को आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। सनराइजर्स हैदराबाद ने कप्तान ईशान किशन की दमदार 80 रनों की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। इसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने देवदत्त पडिकल और विराट कोहली की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 26 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। बेंगलुरु ने 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 203 रन बनाए।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दमदार शुरुआत की। फिल सॉल्ट 7 गेंद में 8 रन ही बना सके। देवदत्त पडिकल ने 26 गेंद में तूफानी 61 रन बनाए। कप्तान रजत पाटीदार ने 12 गेंद में 31 रन बनाए। जितेश खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली ने 38 गेंद में नाबाद 68 रन बनाए। सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए हैं। हैदराबाद के लिए कप्तान ईशान किशन ने सर्वाधिक 80 रन बनाए। अनिकेत ने 45 रन की तूफानी पारी खेली। बेंगलुरु की ओर से जैकब डफी ने तीन विकेट चटकाए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। अभिषेक शर्मा (सात), ट्रैविस हेड (11) और नीतीश कुमार रेड्डी (एक) को जैकब डफी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हाइनरिक क्लासन ने कप्तान ईशान किशन के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने हाइनरिक क्लासन को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। हाइनरिक क्लासन ने 22 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। सुनील अरोड़ा (नौ) रन बनाकर आउट हुए।

16वें ओवर में अभिनंदन सिंह ने ईशान किशन को अपना शिकार बना लिया। ईशान किशन ने 38 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद हर्ष दुबे (तीन) और हर्षल पटेल (शून्य) पर आउट हुए। अनिकेत वर्मा ने 18 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।आरसीबी के लिए जैकब डफी ने तीन विकेट लिये।रोमारियो शेफर्ड को दो विकेट मिले। अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार और सुयश शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। रविवार को 19वें सीजन का दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।





### सनराइजर्स हैदराबाद के दूसरे युवा कप्तान बने ईशान किशन

बेंगलुरु, 28 मार्च। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबले के साथ ही आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत हो गई है। सनराइजर्स के लिए इस मैच में ईशान किशन कप्तानी कर रहे हैं क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस अभी चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। ईशान टीम के दूसरे युवा कप्तान हैं। उन्होंने 27 साल 253 दिन की उम्र में कमान संभाली है।सनराइजर्स हैदराबाद के लिए केन विलियमसन सबसे युवा कप्तान हैं। विलियमसन ने 2018 में 27 साल 244 दिन की उम्र में टीम की कमान संभाली थी। ईशान के लिए कप्तानी करना नया नहीं है क्योंकि उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में झारखंड की कमान संभाली थी।

# बेंगलुरु भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों को दी गई श्रद्धांजलि, काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी

बेंगलुरु, 28 मार्च। सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल 2026 के मैच से ठीक पहले बंगलूरू भगदड़ में जान गंवाने वाले क्रिकेट प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी गई। टॉस के बाद जब दोनों टीमें खेलने के लिए मैदान पर उतर रही थीं तो स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शक, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अधिकारी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मौन रहकर श्रद्धांजलि दी।



### पिछले साल हुआ था हादसा

पिछले साल आईपीएल का खिताब जीतने के बाद खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ मची थी जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इस हादसे के बाद काफी सवाल उठे थे और आयोजकों की आलोचना की गई थी। हालांकि, आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने के साथ ही भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी गई।इसके अलावा चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटों को इन प्रशंसकों की याद में खाली रखा गया है।वहीं, आरसीबी के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी भी इस मैच में काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे।

# वानखेड़े में मुंबई की केकेआर से टक्कर, किसका पलड़ा भारी ?

मुंबई, 28 मार्च। आईपीएल 2026 का आगाज होने जा रहा है। पहला मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को बंगलूरू में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच रविवार को मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। दोनों टीमें जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने का लक्ष्य लेकर उतरेंगी।

**किस टीम का पलड़ा भारी? –** पांच बार की चैंपियन मुंबई और केकेआर के बीच अब तक 35 मैच खेले गए हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी रहा है। मुंबई ने इस टीम के खिलाफ 24 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि केकेआर सिर्फ 11 ही मैच जीत सकी है। मुंबई ने केकेआर के खिलाफ साल 2008 और 2009 में खेले गए सभी चार मैच अपने नाम किए थे। इसके बाद साल 2010 में मुंबई इंडियंस को दो में से एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। साल 2011 में दोनों ही मुकाबले मुंबई इंडियंस ने जीते। साल 2012 में मुंबई इंडियंस को एक हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मुकाबले में जीत दर्ज की। साल 2013 में एमआई ने दोनों मुकाबलों को अपने नाम किया। साल 2014 और 2015 में दोनों टीमें चार मुकाबलों में आमने-सामने रहीं, जिसमें केकेआर ने 3 मैच अपने नाम किए। साल 2016 से 2018 के बीच मुंबई इंडियंस ने सभी 7 मैच जीते। साल 2019 उसे 2 में से एक मुकाबला गंवाना पड़ा। साल 2020 में इस टीम ने दोनों मैच अपने नाम किए। साल 2021 में दोनों टीमों के बीच 1-1 से बराबरी रहीं। पिछले 4 सीजन को देखें, तो दोनों टीमों ने कुल 6 मैच खेले, जिसमें 4 मुकाबले केकेआर के नाम रहे हैं।

**मुंबई ने पांच और केकेआर ने तीन बार जीती ट्रॉफी –** मुंबई इंडियंस ने पांच आईपीएल खिताब अपने नाम किए हैं। इस टीम ने साल 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 का सीजन जीता था। वहीं, केकेआर तीन बार (2012, 2014 और 2024) इस ट्रॉफी को अपने नाम कर चुकी है।

### बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े

*मुंबई, 28 मार्च। जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। खबरों के मुताबिक, वे शुक्रवार शाम टीम होटल पहुंचे। बुमराह रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेल सकते हैं। बुमराह पिछले पांच दिनों से बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे और अपने फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर काम कर रहे थे। टीम के दूसरे टॉप विकेट टेकर बुमराह ने 2013 में मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे अहम गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 148 मैचों में 186 विकेट लिए हैं। वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। बुमराह पिछले सीजन में शुरुआती चार मैच नहीं खेल पाए थे। टीम उन मुकाबलों में से तीन हार गई थी। हालांकि मुंबई इंडियंस किसी तरह प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही, लेकिन टीम चौथे स्थान पर ही रह सकी।*

# नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस लिया



नई दिल्ली, 28 मार्च। नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा, "हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे।" इस पोस्ट में 38 वर्षीय जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। एक साल पहले मोंटेकार्लो में जोकोविच दूसरे दौर में एलेजांद्रो तबिलो से हार गए थे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# हार्दिक सीमित ओवर के खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक : जयवर्धने



मुंबई, 28 मार्च। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने ने कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी और खेल में हुए सुधार की जमकर तारीफ की है। आईपीएल 2026 में मुंबई अपने अभियान की शुरुआत 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मुंबई में होने वाले मुकाबले से करेगी। जयवर्धने ने कहा, मैं हार्दिक से पहली बार 2017 में मिला था। वह युवा थे लेकिन उनमें प्रतिभा और बहुत ज्यादा ऊर्जा थी। यही बात मुझे हार्दिक में हमेशा से पसंद आई है। आज भी खेल के प्रति उनकी ऊर्जा वैसी ही है। उन्हें क्रिकेट के खेल से बहुत अधिक लगाव है और वह इसके बारे में बहुत बातें करते हैं। मैं आठ साल से मुंबई इंडियंस के साथ हूं और एक लीडर के तौर पर उनका विकास, मैदान पर उनकी समझदारी और जिस तरह से वह बेहतर हुए हैं शायद सीमित ओवर के खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक हैं। अपने करियर के दौरान चोटों और वर्कलोड की वजह से पांड्या को जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ा, उन पर बात करते हुए जयवर्धने ने कहा, हार्दिक को जो चोटें लगीं उससे उनके शरीर पर बुरा असर पड़ा, क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट भी खेल रहे थे। काम के बोझ को मैनेज करने के लिए उन्हें बहुत कुछ करना पड़ा। अब वह इस बात को समझते हैं और हमारे पास उनके काम के बोझ को संभालने का एक तय तरीका है। जब कोई खिलाड़ी अपने करियर के उस अहम पड़ाव पर पहुंच जाता है तो उसके वर्कलोड को मैनेज करना जरूरी होता है।

## आईपीएल 2026 : मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका

# मिचेल सैंटनर-विल जैक्स शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे

मुंबई, 28 मार्च। आईपीएल 2026 में पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस अपना अभियान का आगाज केकेआर के खिलाफ करेगी। लेकिन इस मुकाबले से पहले ही मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के विदेशी खिलाड़ी मिचेल सैंटनर और विल जैक्स शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दो अन्य प्रमुख खिलाड़ी आगामी मैच से कुछ ही दिन पहले वानखेड़े स्टेडियम में टीम के अनिवार्य ट्रेनिंग कैंप से अनुपस्थित रहे। सैंटनर ने हाल ही में



टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की टीम का नेतृत्व किया था और टीम को फाइनल में पहुंचाया था। इसके बाद वह अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का भी हिस्सा थे, जहां तीन मैच खेलने के बाद उनको दो मैच के लिए आराम दिया गया था। वह जल्द ही मुंबई की टीम से जुड़ेंगे। फिलहाल उनके पहुंचने की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। दूसरी तरफ विल जैक्स व्यक्तिगत कारणों से उपलब्ध नहीं रहेंगे और देरी से टीम से जुड़ सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप में विल जैक्स का प्रदर्शन शानदार रहा था। इंग्लैंड को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर प्लेन में इंग्लैंड के लिए रवाना भीहो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं।

# राजीव गांधी क्लब ने यूनियन क्लब को हराया

## ज्योति चौधरी शतक से चूकी

जयपुर, 28 मार्च। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा एल वी फार्मा द्वारा प्रायोजित महिला ए डिवीजन लीग में खेले गए मैच में राजीव गांधी क्लब ने यूनियन क्लब को 4 विकेट से हराया। यूनियन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दीक्षा चौधरी के 56 रन, भूमि के 20 रन, अनन्या वर्मा के 25 रन, मेधावी गौड़ के 71 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 243 रन बनाए। राजीव गांधी क्लब के लिए मिस्ती माथुर ने 32 पर 3, मीनाक्षी ने 48 पर 2, लावण्या शर्मा ने 43 पर 2, रिंकू टांक ने 39 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में राजीव गांधी क्लब ने



ज्योति चौधरी के 92 रन (58 गेंद, 15 चौके ), चौधरी के 28 रन, साक्षी नाथावत के 27 रन, ए वी श्रीमाली के 50 रन व रिंकू टांक के 24 रनो से 49.1 ओवर में 6 विकेट पर 247 रन बनाकर मैच जीत लिया। यूनियन क्लब के लिए अनन्या वर्मा ने 45 पर 2, अंशिका शर्मा, निधि सैनी व चीनू राठौड़ ने एक - एक विकेट लिया।

# शास्त्री एकेडमी की जीत में जशन रमाना का ऑलराउंड प्रदर्शन

जयपुर, 28 मार्च। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित चतुर्थ डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में खेले गये क्वार्टर फाईनल मैच में जशन रमाना 60 रन व 22 रन पर 2 विकेट के ऑल राउण्ड प्रदर्शन की बदौलत शास्त्री क्रिकेट एकेडमी ने एन.बी. किक्रेट एकेडमी को 6 विकेट से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर एन.बी क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अनुज पाराशर 42 रन नाबाद, चिराग शर्मा 41 रन, सावन 27 रन, राहुल तोमर 26 रन के पारियों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 150 रन बनाए। गेंदबाजी में शास्त्री क्रिकेट एकेडमी की और से जशन रमाना 22 रन पर 2 विकेट तथा राज शेखरसिंह, हर्ष सैनी व एस एस शर्मा प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। जवाबी पारी में शास्त्री एकेडमी ने जशन रमाना 60 रन, भुवन शर्मा 36 रन, सिद्धान्त जयसवाल 20 रन नाबाद, वरूण 18 रन व हर्ष सैनी 10 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 151 रन 4 विकेट खोकर 18.5 ओवर में हासिल कर 6 विकेट से जीत दर्ज की।



# टीम जयपुर बनी सीजन के आखिरी टूर्नामेंट आरपीसी कप की विजेता

जयपुर, 28 मार्च। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर आरपीसी कप - द्वितीय (आउट ऑफ हैट) टूर्नामेंट के फाइनल के साथ शनिवार को जयपुर पोलो सीजन 2026 का समापन हुआ। यह फाइनल मैच टीम जयपुर और टीम जयगढ़ के बीच आयोजित हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में टीम जयपुर विजेता बनकर उभरी। टीम जयपुर ने टीम जयगढ़ को 10.5- 3 के स्कोर से शिकस्त देकर आरपीसी कप अपने नाम कर लिया। विजेता टीम जयपुर से तरुण बिलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए 6 गोल हासिल किए। वहीं, रघुराम हरि ने 3 गोल किए। टीम से बलबीर सिंह और नरेंद्र सिंह भी खेले। यहां टीम जयपुर को 1.5 गोल का एडवांटेज भी मिला। दूसरी ओर, टीम जयगढ़ की ओर से शुभम गुप्ता ने 2 गोल और मयूरध्वज सिंह तलबगांव ने 1 गोल किया। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में योगेंद्र सिंह और अश्विनी शर्मा शामिल रहे।

## तवीश, चेतन व उदित की अर्धशतकीय पारी से जीती तारीक क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 28 मार्च। चंबल स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित अंडर 16 स्टेट लेवल भारती कंवर मेमोरियल वनडे क्रिकेट लीग का मुकाबला नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर आर्यन क्रिकेट अकादमी व तारीक क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर तारीक क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में 287/7 रन बनाए। जिसमें तवीश शर्मा ने 77 रन व उदित ने 60 रन व चेतन मीणा ने 56 रनों की पारी खेली। आर्यन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में आदित्य प्रजापत ने दो विकेट व गौरव प्रजापत व निशांत सैनी ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन क्रिकेट अकादमी 40.4 ओवर में 167 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें सनी ने 56 रन व मयंक शर्मा ने 34 रनों का योगदान दिया। तारीक क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में निखिल व नीरज ने दो-दो विकेट लिए।

# दो दिवसीय ज्वैलर्स एसोसिएशन प्रीमियर लीग सीजन 2 का आरंभ

जयपुर, 28 मार्च। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से ज्वैलर्स एसोसिएशन प्रीमियर लीग जेएपीएल सीजन 2 का शनिवार को आरम्भ हुआ।



एसजे पब्लिक स्कूल में आयोजित हो रहे इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष अलोक सौंखिया, मंत्री नीरज लुणावत, जेएवाय के संयोजक गोविन्द कुमार गुप्ता के साथ एसोसिएशन कार्य समिति के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, संयुक्तमंत्री अजय गोधा, व पूर्वाध्यक्ष रामदास सौंखिया, विवेक काला, निर्मल बरडिया, विजय केडिया एवं डीपी खंडेलवाल व एसोसिएशन के सदस्यों सहित जयपुर के गणमान्य जौहरी उपस्थित थे। इस दौरान लगभग 500 दर्शक उपस्थित थे, ग्राउंड पर विजेताओं को दी जाने वाली ट्रॉफीज को प्रदर्शित किया गया। अध्यक्ष अलोक सौंखिया ने बताया कि इस लीग का मुख्य उद्देश्य हमारी युवा पीढ़ी (यूथ) को जोड़ना है। इस सत्र में 550 से अधिक नए युवा सदस्य जुड़े है। टीम आवंटन के पश्चात बचे हुए खिलाड़ियों के मध्यम 4 फ्रेंडली मैच भी आज रखे गए।

# 19वीं जूनियर राज्य वुशू प्रतियोगिता के दूसरे दिन जयपुर के खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार

जयपुर, 28 मार्च। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, बीकानेर में दिनांक 27 से 29 मार्च तक आयोजित होने वाली 19वीं राजस्थान जूनियर (बालक/बालिका) राज्य वुशु प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी एरीना में खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह और बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस अवसर पर हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशु संघ ने प्रतियोगिता के रोमांच और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि इस राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जयपुर के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा के दम पर पदक तालिका में भारी बढ़त बना रखी है और वे लगातार अपना दबदबा कायम रखे हुए हैं। साथ ही, कटारिया ने जानकारी दी कि कल प्रतियोगिता के अंतिम दिन के प्रातः सत्र मे बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

बालक एवम बालिका वर्ग के परिणाम संलग्न है:-

बालिका वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों का परिणाम इस प्रकार रहा:- 45 किलोग्राम भार वर्ग: हनी (अजमेर) को हराकर जयपुर की खुशी ने जीत दर्ज की। तनीषा (पाली) को हराकर सीकर की शिखा ने जीत दर्ज की।

48 किलोग्राम भार वर्ग: बलवंत कंवर (जोधपुर) को हराकर सीकर की मीनाक्षी ने जीत दर्ज की। हरमन कौर (हनुमानगढ़) को हराकर जयपुर की दीपिका ने जीत दर्ज की।



52 किलोग्राम भार वर्ग:

मनीष (सीकर) को हराकर जालोर की सरल जैन ने जीत दर्ज की।

यशिका (चूरू) को हराकर हनुमानगढ़ की दिव्या ने जीत दर्ज की।

बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों का परिणाम इस प्रकार है :

45 किलोग्राम भार वर्ग: हिन्द कुमार (उदयपुर) को हराकर हनुमानगढ़ के दक्ष ने जीत दर्ज की। रिधान (टोंक) को हराकर जयपुर के कृष्णा सोनी ने जीत दर्ज की।

48 किलोग्राम भार वर्ग: लक्की (उदयपुर) को हराकर जयपुर के अशोक गुर्जर ने जीत दर्ज की। चित्रार्थ (टोंक) को हराकर हनुमानगढ़ के आशु ने जीत दर्ज की।

52 किलोग्राम भार वर्ग: मनीष (श्रीगंगानगर) को हराकर हनुमानगढ़ के कर्मवीर ने जीत दर्ज की। रविंद्र (सीकर) को हराकर जयपुर के गोलू गुर्जर ने जीत दर्ज की।

60 किलोग्राम भार वर्ग: रुद्राक्ष (जयपुर) को हराकर श्रीगंगानगर के मनविंदर ने जीत दर्ज की। अंकित (टोंक) को हराकर हनुमानगढ़ के मनीष ने जीत दर्ज की।

65 किलोग्राम भार वर्ग: हर्षित (हनुमानगढ़) को हराकर चूरू के अशोक ने जीत दर्ज की। दक्ष (जोधपुर) को हराकर जयपुर के सौम्या ने जीत दर्ज की।

70 किलोग्राम भार वर्ग: ललित (जयपुर) को हराकर चूरू के सुनील ने जीत दर्ज की। नवीन (अजमेर) को हराकर बाड़मेर के सुरेंद्र सिंह ने जीत दर्ज की।

75 किलोग्राम भार वर्ग: हनीश (बूंदी) को हराकर श्रीगंगानगर के आंशु ने जीत दर्ज की। सार्थक (कोटा) को हराकर जयपुर के महेश ने जीत दर्ज की।

80 किलोग्राम भार वर्ग: दुष्यंत (जोधपुर) को हराकर झालावाड़ के तुषार ने जीत दर्ज की। रविंद्र (चूरू) को हराकर जयपुर के युवराज ने जीत दर्ज की।

# एलपीजी की काला बाजारी करने वालों के लाइसैंस निरस्त करें- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रैंस के माध्यम से सभी जिला कलैक्टरों को दिशा निर्देश दिए

जयपुर, 28 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलैक्टरों को प्रतिदिन एलपीजी के संबंध में समीक्षा करके जमीनी परिस्थितियों का फीडबैक लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कालाबाजारी एवं ओवरप्राइसिंग में लिप्त संस्थाओं या व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई एवं बार-बार उल्लंघन करने वालों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आकस्मिक निरीक्षण कर अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई तथा स्टॉक रजिस्टर एवं वास्तविक भंडारण का मिलान भी सुनिश्चित किया जाए।

**■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए कि शिकायतों का 24 घंटे में त्वरित समाधान किया जाए तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर मुख्य सचिव स्तर पर रिपोर्ट की जाए।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में एलपीजी आपूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों को संयुक्त टीमें बनाकर विशेष अभियान चलाने तथा सभी जिलों में एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं के गोदामों, एजेंसियों एवं वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों का 24 घंटे में त्वरित समाधान हो तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग कर मुख्य सचिव स्तर पर रिपोर्ट दी जाए। इसी के साथ, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया एवं पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को सहायता उपलब्ध करवाने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14435, 112 और 181 संचालित किए जा रहे हैं।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला कलैक्टर वीसी के माध्यम से जुड़े।

# 'तलाक के मामले में विदेशी कोर्ट के फैसले मान्य नहीं'

नई दिल्ली, 28 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाया है, जिसमें विदेशी तलाक के फैसलों पर कानूनी स्थिति साफ की गई है, खासकर उन मामलों में, जो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया और कहा कि किसी विदेशी कोर्ट द्वारा ऐसे आधार पर दिया गया तलाक, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, भारत में वैध या बाध्यकारी नहीं माना जा सकता।

इसके साथ ही, कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए एक जोड़े को अंतिम तलाक दे दिया, यह देखते हुए कि वे लगभग 18 सालों से अलग रह रहे थे।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह व्यवस्था खासतौर से हिंदू विवाह अधिनियम के तहत आने वाले मामलों के लिए है।**

इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। यह विवाद भारत में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई एक शादी से जुड़ा था, जो बाद में अमेरिका और भारत, दोनों जगहों पर तलाक की समानांतर कार्यवाही का विषय बन गया।

# इज़रायल का ईरान के एटमी ठिकानों पर बड़ा हमला

## इज़रायल ने 50 फाइटर जैट के साथ ईरान पर बड़ी एयरस्ट्राइक की

तेहरान, 28 मार्च। मिडिल ईस्ट में जारी जंग को एक महीना हो चुका है, लेकिन खाड़ी देशों में हमले अब भी जारी हैं। आज सुबह तक अलग-अलग देशों से हमलों और इंटरसेप्शन की खबरें सामने आई हैं। ईरान-इज़रायल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। उधर, इज़रायल ने ईरान में बड़े स्तर पर एयरस्ट्राइक की है।

जानकारी के अनुसार, इज़रायल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इज़रायली सेना के मुताबिक, शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी।

उधर, ईरान ने आज यूएई, ओमान, कुवैत, सऊदी अरब और बहरीन पर हमला किया। यूएई में अबू धाबी और दुबई के बीच स्थित खलीफा इकोनॉमिक जोन के पास इंटरसेप्ट की गई बैलिस्टिक मिसाइल का मलबा गिरने से तीन जगह आग लग गई। इस घटना में 6 लोग घायल हुए हैं।

**■ जवाब में ईरान ने यूएई, ओमान, कुवैत सऊदी अरब व बहरीन पर मिसाइलों से हमला किया।**

बहरीन में ईरान की ओर से निशाना बनाए गए एक ठिकाने पर लगी आग को सिविल डिफेंस ने बुझा दिया। वहीं, कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ड्रोन हमले में रडार सिस्टम को नुकसान पहुंचा। साथ ही, पिछले 24 घंटों में नेशनल गार्ड ने 6 ड्रोन मार गिराए। इससे पहले, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में कम से कम 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इस युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है।

# प्र.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मोदी ने बताया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री मार्गों की सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर सहमति जताई, ताकि वैश्विक व्यापार और आपूर्ति शृंखला बाधित न हो।

प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए क्राउन प्रिंस के निरंतर सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# 'हूती विद्रोही यमन को जंग में झोंक रहे हैं'

सना, 28 मार्च। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच यमन की सरकार ने हूती विद्रोहियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सरकार का कहना है कि हूती आंदोलन देश को अनावश्यक युद्धों में धकेल रहा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, हूती लड़ाके ईरान के समर्थन में काम कर रहे हैं और क्षेत्रीय संघर्ष को और भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। यमन सरकार ने इसे देश की स्थिरता के लिए बड़ा खतरा बताया है।

इससे पहले दिन में खबर सामने आई थी कि हूती विद्रोहियों ने इज़रायल की ओर मिसाइल दागी, जिसे बीच रास्ते में ही निष्क्रिय कर दिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

**■ यमन सरकार ने आरोप लगाया कि हूती लड़ाके राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं।**

हूती विद्रोही यमन का एक सशस्त्र समूह है, जो लंबे समय से सरकार के खिलाफ संघर्ष कर रहा है और देश के कई हिस्सों पर नियंत्रण बनाए हुए है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन्हें ईरान समर्थित समूह के रूप में देखा जाता है।

यमन सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह इस मुद्दे पर ध्यान दे और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए।

# 'दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान कदापि उजागर ना करें'

## सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया

नई दिल्ली, 28 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए, इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए।

न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के आदेशों में ऐसा कुछ न लिखा जाए जिससे पीड़िता या उसके परिवार की पहचान उजागर हो।**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया।

अदालत ने बताया कि 1983 में भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर धारा 228 जोड़ी गई थी, जिसका उद्देश्य दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान को सार्वजनिक होने से रोकना है। इससे पहले ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रतिबंध नहीं था, जिससे पीड़िताओं को सामाजिक बहिष्कार और मानसिक आघात का सामना करना पड़ता था।

पीठ ने अपने आदेश की प्रति सभी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि इस कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। यह टिप्पणी उस दौरान आई, जब अदालत हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले की समीक्षा कर रही थी, जिसमें नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बरी कर दिया गया था।

# इंडिगो विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग

नई दिल्ली, 28 मार्च। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहे इंडिगो के एक विमान को शनिवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

इसमें सवार 161 यात्री और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। दमकलकर्मियों को सुबह करीब 10:53 बजे आपातकालीन स्थिति की सूचना मिली, जिसके बाद पांच गाड़ियां रनवे पर तैनात कर दी गयीं।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, इंडिगो का एक विमान विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रहा था, तभी उसमें इंजन फेल होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। विमान को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया।

**■ विमान विशाखापट्नम से दिल्ली आ रहा था, रास्ते में ही उसका एक इंजन बंद हो गया था इसलिए विमान की आपात लैंडिंग कराई गई, सभी यात्री सुरक्षित हैं।**

इंडिगो के विमान संख्या 6ई 579 ने सुबह 8:39 बजे विशाखापत्तनम से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। सफर के दौरान अचानक विमान के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई।

# 'भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी जोर दे रही है कि एनडीए के छोटे सहयोगी दल, जैसे एलजेपी (राम विलास), एचएएम (सेक्युलर) और आरएलएम को भी नए मुख्यमंत्री के चयन में पूरी तरह भरोसे में लिया जाए।

जदयू के सूत्रों ने कहा कि अगर पार्टी को गठबंधन में छोटे भागीदार की भूमिका निभाने को कहा गया, तो वह विधानसभा अध्यक्ष पद पर दावा करेगी। एक जदयू सूत्र ने कहा, "किसी को यह नहीं लगना चाहिए कि कुमार के राज्यसभा जाने से जदयू कमजोर हो गई है। कुमार अब बिहार को और ज्यादा समय देंगे। इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े इस समय पटना में हैं और कुमार के संभावित उत्तराधिकारी के विषय में चर्चा कर रहे हैं। राज्य भाजपा नेता जदयू के रुख पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं और कह रहे हैं कि इस मामले में अंतिम फैसला भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व ही करेगा। भाजपा खेमे को उम्मीद है कि एनडीए के सभी सहयोगियों की सहमति से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण हो जायेगा।

# अयोध्या राजघाट पर यज्ञशाला में लगी आग पंडाल जलकर राख हुआ

## चूंकि नौ दिवसीय महायज्ञ समाप्त हो चुका था और पंडाल में कोई नहीं था इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई

अयोध्या, 28 मार्च। अयोध्या के राजघाट स्थित बाटी बाबा आश्रम के पास महालक्ष्मी नारायण यज्ञशाला में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना उस समय हुई, जब नौ दिवसीय महायज्ञ का समापन हो चुका था, और यज्ञशाला खाली हो गई थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग की वजह से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग इतनी भीषण थी कि एक एकड़ में फैला यज्ञ स्थल कुछ ही मिनटों में जलकर खाक हो गया। जहां यह भीषण आग लगी, वह स्थान राम मंदिर से मात्र 800 मीटर की दूरी पर स्थित है।

**■ हादसा राजघाट के बाटी बाबा आश्रम के पास स्थित महालक्ष्मी नारायण यज्ञशाला में हुआ, जहां 20 मार्च से 28 मार्च तक नौ दिवसीय महायज्ञ आयोजित हुआ था। घटनास्थल से राम मंदिर मात्र 800 मीटर दूर है।**

मिली जानकारी के अनुसार, यह महायज्ञ 20 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित किया गया था, जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कर रहे हैं। सुबह लगभग 11:30 बजे पूर्णाहुति के साथ यज्ञ संपन्न हो गया था और श्रद्धालु वहां से जा चुके थे।

इसी दौरान, अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा। निखिल टीकाराम फुंडे और डॉ. गौरव ग्रोवर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

हादसे के बारे में मुख्य अग्निशमन अधिकारी सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं थीं। करीब 10 गाड़ियों ने 2 घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया। किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

# ईरान ने अमेरिका के 6 युद्ध पोतों पर मिसाइल दागी

तेहरान, 28 मार्च। ईरान के सशस्त्र बलों ने अमेरिका के छह सामरिक जहाजों को निशाना बनाया है तथा दावा किया गया है कि इस हमले में बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं। ईरान ने इस हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों और कद्र 380 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क कार्यालय ने शुक्रवार देर रात जारी बयान में यह जानकारी दी।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से संबद्ध अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत, ईरानी बलों का 84वां हमला है। आईआरजीसी की नौसेना ने अल-शुवैख बंदरगाह और दुबई के समुद्र तटों और बंदरगाह पर अमेरिकी-इज़रायली सेना के खिलाफ सटीक हमले किए। हमले में अमेरिकी सैनिक मारे गए।

# हरियाणा में आतंकी साजिश का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

## हरियाणा पुलिस ने सिरसा से 5 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है जो पुलिस थानों की रैकी कर रहे थे

सिरसा, 28 मार्च। महिला थाना ब्लास्ट जैसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दी। पुलिस ने पांच संदिग्धों को काबू किया है, जो पुलिस चौकी और थानों की रेकी कर, उनके वीडियो दुबई में बैठे पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी को भेज चुके थे।

पुलिस जांच में सामने आया है कि संदिग्ध एक मीडिएटर के जरिए गैंगस्टर के संपर्क में थे और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए कथित विस्फोटक सामग्री का इंतजार कर रहे थे, जिसकी डिलीवरी 30 मार्च को होने की आशंका थी। शुक्रवार रात पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार राजबीर उर्फ राजीव उर्फ डीसी, उसके जीजा और एक नाबालिग को पकड़ा।

**■ आरोपी पुलिस थानों को बम से उड़ाने की साजिश में शामिल थे और दुबई में बैठे पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से सम्पर्क में थे।**

राजबीर के मोबाइल से सिरसा की हुडा पुलिस चौकी और सिविल लाइन थाना की रेकी के वीडियो बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने हांसी निवासी रोहित उर्फ काकू को भी काबू किया, जो हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 30 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। रोहित से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपितों ने मिलकर कुछ दिन पहले रेकी कर वीडियो तैयार किए थे। ये वीडियो राजबीर और विकास के साथ कुछ दिन पहले रेकी करके बनाया था। रातभर चला सर्च आपरेशन पुलिस ने सेक्टर-19 स्थित फ्लैटों में रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक विशेष सर्च अभियान चलाया। संदिग्ध के स्वजनों का कहना है कि पुलिस ने सादी वर्दी में तलाशी ली और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर कब्जे में ली। संदिग्ध नाबालिग की मां ने बताया कि वह अपने बेटे को पुलिस के पास पूछताछ के लिए छोड़कर आई थी।

# ईरान ने अब सऊदी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ईरान ने कुवैत के एक द्वीप पर हमला किया है, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाना था। इस हमले में अमेरिकी पक्ष को नुकसान हुआ है, जिसमें कम से कम दस मरीन सैनिक घायल हुए हैं या कुछ की मौत हो गई है। इसका असर डॉनल्ड ट्रम्प के लिए भी गंभीर हो सकता है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से घरेलू सर्वेक्षणों में उनकी लोकप्रियता (रेटिंग) में भारी गिरावट देखने को मिल रही है।

अमेरिकी पक्ष में बढ़ते हताहतों की खबरें वहां की जनता के लिए बेहद दुःखद एवं अस्वीकार्य हैं, ईरान और पश्चिम के साथ-साथ खुद अमेरिका में मौजूद उसके स्लीपर सैल भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं। हाल के हमलों में अमेरिकी ठिकानों पर हुए नुकसान से अमेरिकियों के हौसले बुरी तरह पस्त हो जाएंगे।

ट्रम्प पहले ही मान चुके हैं कि अमेरिकी सैनिकों का और हताहत होना एक स्पष्ट संभावना है। जैसे-जैसे मृतकों के शव अमेरिका पहुंचेंगे, ट्रम्प की आलोचना और बढ़ेगी, क्योंकि उन्होंने सत्ता में आने से पहले विदेशों में चल रहे युद्धों से अमेरिका को बाहर निकालने का वादा किया था। ईरान के समर्थक, यमन के हूती विद्रोही, अब अपने वर्षों पुराने समर्थकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे वैश्विक चिंता और बढ़ गई है। हूती विद्रोहियों ने पहले अदन की खाड़ी के आसपास जहाजों की आवाजाही को बाधित किया था-जो तब एक वैकल्पिक मार्ग होता है, जब होर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हो जाता है। इस मार्ग को भी खतरे में डालकर, ईरान और हूती विद्रोही मिलकर लाल सागर से लेकर फारस की खाड़ी तक पूरे क्षेत्र में समुद्री यातायात को प्रभावित कर सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ सकता है। अभी भी कई देश ईंधन और गैस की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। खबरें हैं कि फिलीपींस में आपात स्थिति जैसी हालत बन रही है। कुछ दक्षिण एशियाई देशों में भी ईंधन की भारी कमी से आंतरिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है। पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र से हटकर, इज़रायल और हिज़्बुल्लाह के बीच संघर्ष और तेज हो रहा है। दोनों पक्षों को भारी नुकसान हो रहा है, जो सामूहिक हत्याओं से कम नहीं है। बताया जा रहा है कि दक्षिण लेबनान में कार्रवाई के दौरान इज़रायल को भी भारी हताहतों का सामना करना पड़ा है। अस्पताल और चिकित्सा केन्द्र घायलों से भरे हुए हैं।

# वॉशिंगटन की राजनीति में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में अयोग्य हैं। यदि इसे चुनौती दी जाती है, तो मामला कांग्रेस के पास जाता है, जहां इस निर्णय को बरकरार रखने के लिए दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत जरूरी होता है।

ऐतिहासिक रूप से, इस प्रावधान का कभी भी किसी राष्ट्रपति को उसकी इच्छा के विरुद्ध हटाने के लिए पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया गया है। इसलिए इसका उल्लेख भी अपने आप में भारी राजनीतिक महत्व रखता है। यह केवल नेतृत्व को लेकर चिंता का ही संकेत नहीं देता, बल्कि सत्ता तंत्र के भीतर विश्वास के संकट का संकेत भी देता है।

इस मांग का समय भी खास महत्व रखता है। यह ऐसे समय में सामने आई है, जब ट्रंप की लोकप्रियता में गिरावट आई है, ईंधन की बढ़ती कीमतों के आर्थिक प्रभाव को लेकर जनता में चिंता बढ़ रही है, और ईरान के साथ चल रहे संघर्ष को संभालने के प्रशासन के तरीके पर संदेह गहरा रहा है। हालिया सर्वेक्षणों में ट्रंप की लोकप्रियता 30 प्रतिशत तक गिरती दिखाई गई है, जहां आर्थिक प्रबंधन और महंगाई असंतोष के प्रमुख कारण बनकर उभरे हैं।

इस पृष्ठभूमि में, 25वें संशोधन का उल्लेख एक संवैधानिक तर्क से अधिक एक राजनीतिक संदेश जैसा प्रतीत होता है, मानो वर्तमान स्थिति को सामान्य नीतिगत मतभेद के बजाय, संस्थागत संकट के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की जा रही हो।

उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस के लिए यह सुझाव बेहद संवेदनशील स्थिति पैदा करता है। संवैधानिक रूप से, धारा 4 को लागू करने के किसी भी प्रयास में वे केन्द्रीय भूमिका में हैं। लेकिन राजनीतिक रूप से, वे ट्रंप के जनादेश और उनके मतदाता आधार से गहराई से जुड़े हुए हैं। ऐसे किसी कदम या उसकी संभावना भर से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है, जहां ट्रंप का अभी भी काफी प्रभाव है।

वास्तव में, 25वें संशोधन को लागू करने में व्यावहारिक बाधाएं भी बहुत बड़ी हैं। इसके लिए न केवल वेंस की सहमति, बल्कि मंत्रिमंडल के बहुमत का समर्थन भी आवश्यक होगा, और इनमें से कई सदस्य राष्ट्रपति के करीबी माने जाते हैं। यदि ऐसा निर्णय लिया भी जाता है, तो उसे बनाए रखने के लिए प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी, जो कि मौजूदा ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल में हासिल करना बेहद कठिन है।

इससे एक बड़ा सवाल उठता है: क्या 25वें संशोधन का इस्तेमाल एक गंभीर संवैधानिक प्रस्ताव के रूप में किया जा रहा है, या यह केवल असंतोष जताने का एक राजनीतिक तरीका है? हाल के वर्षों में, राजनीतिक तनाव के समय इस संशोधन का उल्लेख बार-बार हुआ है, चाहे वह राष्ट्रपति के स्वास्थ्य को लेकर सवाल हों या निर्णय लेने से जुड़े विवाद, लेकिन यह शायद ही कभी ठोस कार्रवाई में बदला है।

फिर भी, यह घटनाक्रम महत्वहीन नहीं है। यह कंज़र्वेटिव वर्ग के कुछ हिस्सों में हो रहे सूक्ष्म, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जहां असहजता अब सार्वजनिक रूप से सामने आने लगी है। यह भावना सीमित रहती है या रिपब्लिकन पार्टी के भीतर व्यापक बहस का रूप लेती है, इस पर सभी की नज़र रहेगी।

डेमोक्रेटिक विपक्ष के लिए यह स्थिति अवसर और दुविधा दोनों पेश करती है। जहां यह सत्तारूढ़ ढांचे के भीतर की दरारों को उजागर करती है, वहीं ऐसे आ ानों का खुलकर समर्थन करना राजनीतिक अवसरवाद के रूप में देखा जा सकता है, जिससे इसका प्रभाव कम हो सकता है।

अंततः, यह घटनाक्रम अमेरिकी राजनीति के एक बड़े दौर की ओर इशारा करता है, जहां संवैधानिक व्यवस्थाएं, राजनीतिक निष्ठाएं और जनमत एक जटिल तरीके से आपस में टकरा रहे हैं। 25वां संशोधन, जिसे संकट की घड़ी में एक संवैधानिक सुरक्षा कवच के रूप में बनाया गया था, एक बार फिर चर्चा के केन्द्र में है। लेकिन यह केवल सैद्धांतिक विचार बना रहता है या राजनीतिक हकीकत के करीब पहुंचता है, यह सत्ता के गलियारों में लिए जाने वाले फैसलों पर निर्भर करेगा।

फिलहाल, उपराष्ट्रपति वेंस से की गई यह अपील ट्रंप के दूसरे कार्यकाल को प्रभावित कर रहे तनावों की याद दिलाती है, ऐसे तनाव, जो केवल दलगत सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कंज़र्वेटिव आंदोलन के भीतर तक फैले हुए हैं।

# प्र.मंत्री ने नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन किया

नोएडा, 28 मार्च। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर एयरपोर्ट) के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विमान रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधा का भी शिलान्यास किया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को नई उड़ान देने वाला प्रयास है। विकसित भारत के संकल्प के तहत आज एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है और उत्तर प्रदेश अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे विकसित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन दोनों करने का अवसर मिला, जो उनके लिए विशेष गौरव का विषय है। उन्होंने इसे जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास का नया इंजन बनेगा और आगरा, मथुरा, अलीगढ़ , गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर सहित पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

**■ प्र.मंत्री मोदी ने कहा, उन्हें इस परियोजना के शिलान्यास व उद्घाटन का अवसर मिला जो उनके लिए विशेष गौरव की बात है।**

उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट किसानों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगा। यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ-साथ क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। यह परियोजना विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का प्रतीक बनेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908